3 राजधानी
जूता फैक्ट्री में भीषण आग, दो की मौत

6 अभिमत
समावेशी व आत्मनिर्भर हरियाणा

9 राष्ट्रीय
अनिल देशमुख के बेटे को मिली जमानत

10 विदेश
यूनान में प्रवासियों को ले जा रही नौका डूबी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 350
नई दिल्ली, बुधवार, 2 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत विश्व कप जीतने आया है, हम नहीं: शाकिब
स्पोर्ट्स-12

# मोरबी पुल हादसे की होगी विस्तृत जांच

## ● दुर्घटना स्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री, अस्पताल में घायलों से भी की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** मोरबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरबी हादसे से संबंधित सभी पहलुओं की पहचान करने के लिए मंगलवार को विस्तृत और व्यापक जांच का आह्वान किया और कहा कि इस जांच से मिले प्रमुख सबक को जल्द से जल्द अमल में लाया जाना चाहिए। अधिकारियों के अनुसार रविवार शाम को मोरबी में मच्छु नदी पर बने ब्रिटिश कालीन पुल के गिर जाने के बाद सशस्त्र बलों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और अन्य बचाव एजेंसियों ने 135 शव निकाले हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि मोदी ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया और वह स्थानीय अस्पताल भी गए जहां इस हादसे में घायल हुए लोगों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने राहत और बचाव कार्य में शामिल लोगों से बातचीत की और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने कहा, समय की मांग है कि एक विस्तृत और व्यापक जांच की जाए जो इस दुर्घटना से संबंधित सभी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की घोषणा



मोरबी पुल दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति का अस्पताल में हालचाल लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पहलुओं की पहचान करेगी। उन्होंने कहा कि इस जांच से मिले प्रमुख सबक को जल्द से जल्द अमल में लाया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के संपर्क में रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुख की इस घड़ी में उन्हें हरसंभव मदद मिले।

बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, स्थानीय विधायक व मंत्री बृजेश मेरजा, राज्य के मुख्य सचिव पंकज कुमार और राज्य के पुलिस महानिदेशक आशीष भाटिया सहित अन्य लोग शामिल हुए। गुजरात के मंत्री राजेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि मोरबी पुल हादसे में 170 लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने राज्य की राजधानी गांधीनगर में संवाददाताओं से कहा, सभी मृतकों के परिजनों को पहले ही गुजरात सरकार द्वारा घोषित चार-चार लाख रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है।

## जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन पर 14 को सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह गुजरात के मोरबी में पुल गिरने की घटना की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित करने संबंधी जनहित याचिका पर 14 नवंबर को सुनवाई करेगा। मोरबी में मच्छु नदी पर बना ब्रिटिश युग का पुल रविवार को टूट कर गिर गया था। ताजा खबरों के अनुसार इस दुर्घटना में 134 लोगों की मौत हो गई है। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ के समक्ष वकील विशाल त्रिवेदी ने कहा कि उनकी जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई की जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा, आप क्या चाहते हैं।

वकील ने कहाकि मैं उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में एक आयोग से न्यायिक जांच कराने की अपील कर रहा हूं। पीठ ने कहा कि जनहित याचिका को 14 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। तिवारी ने जनहित याचिका में कहा कि दुर्घटना के कारण पुल गिरा, जिसके परिणामस्वरूप 134 से अधिक लोग हताहत हुए। यह सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और पूरी तरह से उनकी विफलता को दर्शाता है।

जनहित याचिका में कहा गया है कि पिछले एक दशक में हमारे देश में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जिनमें कुप्रबंधन, कामकाज में चूक और रखरखाव में लापरवाही के कारण बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने के मामले सामने आए हैं, जिन्हें टाला जा सकता था। राज्य की राजधानी गांधीनगर से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित मोरबी में मच्छू नदी पर एक सदी से भी अधिक पुराना पुल पांच दिन पहले व्यापक मरम्मत और नवीनीकरण के बाद फिर से खोला गया था। 30 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छह बजे जब यह गिरा तब लोगों से खचाखच भरा हुआ था। याचिका में राज्यों को खतरे का सामना कर रहे स्मारकों और पुलों के सर्वेक्षण व मूल्यांकन के लिए समिति बनाने और निर्माण दुर्घटना जांच विभाग गठित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है ताकि जब भी ऐसी घटनाएं हों तो त्वरित जांच की जा सके।

# ठग सुकेश ने जड़े सत्येंद्र पर दस करोड़ वसूली के आरोप

## ● मंडोली जेल में बंद चंद्रशेखर ने एलजी को लिखा पत्र, आप-भाजपा में छिड़ी जुबानी जंग, कांग्रेस ने उठाई जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ठग** सुकेश चंद्रशेखर ने तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पर दस करोड़ रुपये वसूली के सनसनीखेज आरोप लगाकर राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। सुकेश 200 करोड़ रुपये के मनी लांड्रिंग मामले में इस समय राजधानी की मंडोली जेल में बंद है। उसने इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर कहा कि उसे जेल में सुरक्षा का आश्वासन दिया गया था।

आप नेता ने उसे दक्षिण भारत में राजनीतिक रूप से स्थापित करने का भरोसा भी दिया गया था। चंद्रशेखर के आरोपों के बाद मंगलवार को आप और भाजपा के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया। कांग्रेस ने भी पूरे मामले की जांच की मांग की है। भाजपा ने आप को महा ठग पार्टी करार दिया और आरोप लगाया कि उसने एक ठग से ठगी कर ली है। वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चंद्रशेखर के



सुकेश चंद्रशेखर की फाइल फोटो

आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यह मोरबी की घटना से ध्यान भटकाने का प्रयास है। चंद्रशेखर 200 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में यहां मंडोली जेल में बंद है और उसने अपने वकील अशोक के सिंह के माध्यम से 8 अक्टूबर को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को एक पत्र लिखकर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार चंद्रशेखर का पत्र कार्यालय को मिला था और उसे आवश्यक कार्रवाई के लिए 18 अक्टूबर को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को भेज दिया गया। चंद्रशेखर ने पत्र में आरोप लगाया कि उसे देश के दक्षिणी क्षेत्र में आप में कोई महत्वपूर्ण पद देने और राज्यसभा के लिए नामांकन में मदद का आश्वासन दिया गया। चंद्रशेखर ने यह भी आरोप लगाया कि 2017 में दो पत्ती चुनाव चिह्न भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी के बाद उसे तिहाड़ जेल में बंद कर दिया गया था और जैन ने उससे मुलाकात की थी, जो उस समय जेल विभाग के भी मंत्री थे। तिहाड़ जेल का संचालन दिल्ली सरकार का कारागार विभाग करता है। चंद्रशेखर का दावा है कि इसके बाद 2019 में सत्येंद्र जैन और उनके सचिव एवं उनके करीबी दोस्त सुशील ने फिर जेल में उससे मुलाकात की तथा उसे सुरक्षित रखने और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए हर महीने दो करोड़ रुपए देने को कहा। पत्र में आगे आरोप लगाया गया है कि इस प्रकार सत्येंद्र जैन को कुल 10 करोड़ रुपए और जेल महानिदेशक संदीप गोयल को 12.50 करोड़ रुपए दिए गए। पत्र में यह भी कहा गया है कि चंद्रशेखर ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को यह जानकारी दी थी। इन आरोपों पर संदीप गोयल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

इन आरोपों पर हमलावर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने एक ठग से ठगी की है। उसने ठग के घर ठगी कर ली। यह दर्शाता है कि भारतीय राजनीति का चेहरा बदलने का दावा कर राजनीति में आने वाली आप पूरी तरह से भ्रष्ट है। केजरीवाल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पंजाब चुनाव से पहले, वह कुमार विश्वास के साथ आए। अब भाजपा ने गुजरात में अपनी खराब (शेष पेज 8)

# नौकरी से निकाला तो दंपति व घरेलू सहायिका को मार डाला

## ● सैलून कारोबारी ने दस दिन पहले ही हटाया था काम से, घर में ही मिले तीनों शव, दो लोग गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिमी** दिल्ली के हरिनगर इलाके में कारोबारी, उसकी पत्नी और घरेलू सहायिका की उनके पूर्व नौकर ने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी। तीनों के शव घर में संदिग्ध अवस्था में मिले। पुलिस का ध्यान भटकाने के लिए आरोपी घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर समेत अन्य सामान भी समेट कर ले गए, ताकि लगे कि यह लुटेरों का काम है, लेकिन पुलिस ने छह घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। मृतकों की पहचान हरिनगर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में रहने वाले समीर आहूजा (38 साल), उनकी पत्नी शालू (35) और घरेलू सहायिका सपना (33) के रूप में हुई है। समीर का सैलून कारोबार है। घटना की सूचना पुलिस को मंगलवार सुबह करीब सवा नौ बजे मिली थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शालू और सपना के शव सैलून के भूतल पर पड़े थे जबकि समीर का शव ऊपरी मंजिल पर खून से लथपथ अवस्था में मिला।

उनके सिर और चेहरे पर चाकू के कई घाव थे जबकि सपना व शालू का गला कटा हुआ था। दंपति की मासूम बेटी पहले फ्लोर के हॉल में जीवित अवस्था में मिली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में पता चला कि सपना आठ बजे घर आई थी जबकि समीर का चालक करीब नौ बजे घर आया था, उस समय उसने घटना देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस को कोई जोर-जबरदस्ती से अंदर आने का सबूत नहीं मिला तो शक किसी जानकार पर गया। जांचकर्ताओं के अनुसार मुख्य साजिशकर्ता सपना (शेष पेज 8)

# आदिवासियों के बलिदान को नहीं मिली सही जगह: मोदी

## ● इस भूल को सुधार रहा देश, केंद्र मानगढ़ धाम के विकास के लिए प्रतिबद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** मानगढ़, जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आदिवासी समाज के संघर्ष और बलिदान को आजादी के बाद लिखे गए इतिहास में जो जगह मिलनी चाहिए वो नहीं मिली और आज देश दशकों की उस भूल को सुधार रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का अतीत, भारत का इतिहास, भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी आंदोलन के प्रतीक मानगढ़ धाम के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र को खाका तैयार कर इस दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री राजस्थान के बांसवाड़ा के पास मानगढ़ धाम में मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम को संबोधित कर



बांसवाड़ा में भील समाज के स्वतंत्रता सेनानी गोविंद गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करते नरेंद्र मोदी

रहे थे। उन्होंने कहा, 17 नवम्बर 1913 को मानगढ़ में जो नरसंहार हुआ, वह अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की पराकाष्ठा थी। मानगढ़ की इस पहाड़ी पर अंग्रेजी हुकूमत ने डेढ़ हजार से ज्यादा युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं को घेरकर के उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। दुर्भाग्य से आदिवासी समाज के इस संघर्ष और बलिदान को आज़ादी के बाद लिखे गए इतिहास में जो जगह मिलनी चाहिए थी, वो नहीं मिली। उन्होंने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव में आज देश दशकों पहले की उस भूल को सुधार रहा है। जब यह कार्यक्रम चल रहा था तो पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मानगढ़ धाम, राजस्थान को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया। हालांकि बाद में इस ट्वीट को हटा दिया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। गहलोत ने अपने संबोधन में इस धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की मांग की।

मोदी ने कहा, मानगढ़ धाम का भव्य विस्तार हम सभी की प्रबल इच्छा है। इसके लिए राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। मेरा चारों राज्य सरकारों से आग्रह है कि वे इस दिशा में विस्तृत चर्चा कर एक खाका तैयार करें ताकि गोविंद गुरु का स्मृति स्थल पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाए। इस कार्यक्रम को गुजरात में अगले कुछ सप्ताह एवं राजस्थान और मध्य प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से भारतीय जनता पार्टी द्वारा पहले आदिवासी समुदाय तक पहुंच कायम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भील और अन्य जनजातियों ने अंग्रेजों से बीच लंबे समय तक लोहा लिया। उसके मुताबिक मानगढ़ पहाड़ी पर 17 नवंबर 1913 (शेष पेज 8)

# यूक्रेन से अनाज निर्यात रुकने पर भारत चिंतित

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**यूक्रेन** से अनाज निर्यात निलंबित किए जाने पर भारत ने चिंता जताते हुए कहा कि इससे दुनिया के सामने मौजूद खाद्य सुरक्षा, ईंधन तथा उर्वरक आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियां और बढ़ने की आशंका है, खास तौर पर दक्षिणी गोलार्द्ध में। यूएन में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर आर. मधुसूदन ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में हुए काला सागर अनाज समझौत को निलंबित किए जाने के परिप्रेक्ष्य में यह दलील रखी।

इस समझौते के तहत रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन से खाद्य सामग्री का निर्यात किया जा रहा था। आर. मधुसूदन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रयासों के परिणामस्वरूप हुए अनाज समझौते का उद्देश्य वैश्विक खाद्य संकट को टालना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। काला सागर अनाज समझौते पर सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग के दौरान मधुसूदन ने कहा कि काला

## ● कहा- इससे खाद्य सुरक्षा, तेल और उर्वरक आपूर्ति की चुनौतियां बढ़ेंगी

सागर अनाज समझौते और पक्षों के बीच सहयोग ने अब तक यूक्रेन में शांति के लिए आशा की एक किरण पैदा की थी...हमारा मानना है कि काला सागर अनाज समझौते के निलंबन से दुनिया और विशेष रूप से दक्षिणी हिस्से के सामने खाद्य सुरक्षा, ईंधन और उर्वरक आपूर्ति चुनौतियां और बढ़ने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि भारत 'यूक्रेन व रूस से खाद्य एवं उर्वरक के निर्यात की सुविधा शुरू करने और समझौते को नया रूप देकर उसके पूर्ण कार्यान्वयन' की संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की अपील का समर्थन करता है। रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप में स्थित यूक्रेन के बंदरगाह सेवस्तोपोल में अपने जहाजों पर हमले का हवाला देते हुए शनिवार को समझौता (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,121 | ↑ 374 |
| निफ्टी | 18,145 | ↑ 133 |
| सोना | 50,869 | ↑ 177 /10g |
| चांदी | 59,973 | ↑ 1022 /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में चार आतंकी मारे गए, तीन गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा और अनंतनाग जिलों में दो अलग-अलग मुठभेड़ में मंगलवार को चार आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि पुलवामा के खांडीपोरा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जहां तीन आतंकवादी मारे गए, वहीं अनंतनाग के सेमथान में एक आतंकी को ढेर किया गया। इसके अलावा लश्कर-ए-तैयबा के तीन कथित हाइब्रिड आतंकवादियों को श्रीनगर और बडगाम जिलों में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान गिरफ्तार भी किया गया है। कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने पुलवामा मुठभेड़ में आतंकवादियों के मारे जाने को सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता करार दिया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, अवंतीपोरा मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए।

# चेन्नई में धुआंधार बारिश टूटा तीन दशक का रिकॉर्ड



चेन्नई में भारी बरसात के बाद सड़कों पर भर गया पानी

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

**चेन्नई** और उपनगरीय क्षेत्रों में सोमवार रातभर हुई बारिश मंगलवार को भी जारी रही, जिसके कारण राज्य की राजधानी एवं निकटवर्ती इलाकों में पानी भर गया। बारिश के चलते चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और चेंगलपेट सहित कम से कम 8 जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई।

## ● आठ जिलों में स्कूलों में छुट्टी का ऐलान, हादसों में दो लोगों की मौत

वहीं, वर्षा संबंधी घटनाओं में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। तीन दशकों में पहली बार, शहर के मुख्य क्षेत्र नुंगमबक्कम में एक ही दिन में 8 सेंटीमीटर, (शेष पेज 8)

# मुफ्त सौगात वादों पर याचिकाओं को तीन जजों की पीठ सुनेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव से पहले मुफ्त सौगातों का वादा करने की प्रवृत्ति के खिलाफ याचिकाओं को तीन न्यायाधीशों की पीठ संयुक्त रूप से सुनेगी। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि अभी पीठ में दो न्यायाधीश हैं और मामले में उल्लिखित एक आदेश के अनुसार इसे तीन न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि विवाद की प्रकृति और पहले की सुनवाइयों में पक्षों द्वारा दी गई दलीलों पर विचार करते हुए मामले को यथासंभव जल्द सूचीबद्ध किया जाएगा। इसी तरह की एक जनहित याचिका दाखिल करने वाले अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि एक बड़ी पीठ को सुब्रमण्यम (शेष पेज 8)

# चोरों ने कूरियर से लौटाए शिक्षिका के चुराए हुए जेवर

## ● पार्सल से भेजे चार लाख के गहने, पीड़िता और पुलिस हैरान, कूरियर भेजने वालों की तलाश जारी

**रिंकू यादव।** गाजियाबाद

**यहां** पर एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। चोरों ने महिला टीचर के फ्लैट से करीब 15 लाख रुपए के जेवरात चुरा लिए। वारदात के करीब चार दिन बाद ही चोरों ने कूरियर कंपनी के जरिए पार्सल भेजकर चार लाख रुपए कीमत के जेवरात लौटा दिए।

पीड़ित परिवार से लेकर पुलिस भी हैरान है कि यह सब कैसे हुआ, फिलहाल कूरियर भेजने वालों की तलाश जारी है। बुलंदशहर जिले में बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव सेहरा



निवासी प्रीति सिरोही शिक्षिका हैं। वे परिवार सहित गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन स्थित फॉर्च्यून रेजिडेंसी में रहती हैं। प्रीति सिरोही दिवाली मनाने के लिए 23 अक्टूबर को पैतृक गांव गई थीं। 27 अक्टूबर की शाम को वापस फ्लैट पर पहुंचीं। उन्हें फ्लैट और अलमारी के ताले टूटे हुए मिले। 25 हजार रुपए कैश सहित करीब 14 लाख के जेवरात गायब मिले। इस मामले को लेकर रेजिडेंट्स ने हंगामा भी किया था। साथ ही थाना नंदग्राम में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। प्रीति सिरोही ने बताया 29 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे कंपनी का कूरियर बॉय एक पार्सल लेकर उनके फ्लैट पर आया। पार्सल के ऊपर प्रीति सिरोही का नाम, फ्लैट और मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ था। पैकेट खोलने पर उसमें वह ज्वेलरी रखी मिली, जो चोरी हुई थी। प्रीति के अनुसार पैकेट में करीब चार लाख रुपए कीमत के सोने के जेवरात रखे हुए थे। इसके अलावा एक आर्टिफिशियल ज्वेलरी का बॉक्स भी था, जो उस दिन चोरी हुआ था। प्रीति ने तुरंत इस मामले की सूचना गाजियाबाद पुलिस को दी। पुलिस ने पैकेट की जांच की तो पता चला कि इसको राजदीप ज्वैलर्स हापुड़ के नाम से भिजवाया गया है।

पुलिस हापुड़ सर्राफा मार्केट में पहुंची, तो इस नाम की कोई दुकान नहीं मिली। इसके बाद हापुड़ के कूरियर सेंटर पर पहुंचकर छानबीन की। यहां दो लड़कों के आकर इस पार्सल को बुक कराने की पुष्टि हुई। पुलिस ने कूरियर सेंटर की फुटेज कब्जे में लेकर दोनों संदिग्ध लड़कों की जांच शुरू कर दी है। पूरे मामले में माना जा रहा है कि चोरी में कोई करीबी व्यक्ति शामिल हो सकता है। क्योंकि सामान्यत: चोर को फ्लैट मालिक का नाम और मोबाइल नंबर पता नहीं होता, जबकि ये दोनों चीजें पार्सल पर लिखी हुई हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 2 नवंबर, 2022



# बढ़ती आबादी से हमारी नदियों-जलाशयों की हालत बिगड़ीः राष्ट्रपति

## ग्रेटर नोएडा में पांच दिवसीय इंडिया वाटर वीक का द्रौपदी मुर्मू ने किया उद्घाटन

- जल के संयोजन और प्रबंधन पर दिया बल




एक्सपो मार्ट में भारत जल सप्ताह के सातवें संस्करण को उद्घाटन करतीं राष्ट्रपति राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू। साथ में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित पांच दिवसीय इंडिया वाटर वीक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जल का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। उपलब्ध पेयजल का हिस्सा दो से अधिक देशों के बीच फैला हुआ है। इसका किसी भी देश के खिलाफ हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इसलिए जल्द संयोजन और प्रबंधन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के चलते नदियां सिकुड़ रही हैं, तथा तालाबों की हालत खराब हो गई है।

तलाब सूख रहे हैं। इसके लिए संयुक्त प्रयास की जरूरत है। उन्हें कहा कि जल संचय के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2019 में जलजीवन मिशन की शुरुआत की। कृषि और उद्योगों में जल का दोहन ज्यादा हो रहा है। मौसम का मिजाज बदल रहा है। उन्होने कहा कि इस समय ऐसी कृषि पर जोर देना चाहिए जिसमें पानी का उपयोग कम हो।

उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में भारत में शहरीकरण बढेगा। वहां रहने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल मेले इसके लिए अभी से प्रयास करना होगा। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे ऐसी टेक्नोलॉजी को विकसित करें जिससे पेयजल की समस्या से निजात पाया जा सके। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 5 दिन तक चलने वाले इंडिया वाटर वीक के मंथन से ऐसा अमृत निकलेगा जिसका पूरे विश्व पर सकारात्मक असर होगा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा उत्तर प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में जल मौजूद है। इसके नियोजन पर हम ध्यान दे रहे हैं। हमारे कार्यकाल में 60 से ज्यादा नदियों को पुनर्जीवित किया गया है। योगी ने कहा ये नदियां लगभग लुप्त हो गई थीं।

इनका सिर्फ सेटेलाइट से ही दर्शन हो सकता था। आज फिर से वह सातों नदियां जल की उपलब्धता के साथ हम सबके सामने हैं। यूपी में 2018 में प्लास्टिक बैन कर दिया गया। पहले घरों और बाजारों से निकल कर यह प्लास्टिक नदियों में जाकर गिर रही थी। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा उत्तर प्रदेश में जल प्रबंधन पर काम चल रहा है। नमामि गंगे परियोजना के तहत हम तेजी से काम कर रहे हैं।

गांवों में अमृत सरोवर योजना चलाई जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विगत कुछ वर्षों के अंदर जल प्रबंधन को लेकर व्यापक कार्य हुए हैं। वह वाकई बहुत महत्वपूर्ण हैं। मां गंगा उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा भू-भाग को कवर करती हैं। नमामि गंगे परियोजना का सबसे क्रिटिकल प्वाइंट कानपुर था। कानपुर में 14 लाख लीटर सीवर प्रतिदिन गंगा में गिरता था, लेकिन अब इस परियोजना के चलते वह सीवर प्वाइंट अब सेल्फी प्वाइंट बन गया है। सीएम योगी ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना गंगा की निर्मलता और अविरलता का आदर्श उदाहरण है। कार्यक्रम की थीम समानता के साथ सतत विकास के लिए जल सुरक्षा है। नालेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न देशों के दो हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम के विभिन्न सत्र होंगे।

इस आयोजन में में दुनिया भर में गंभीर होते जल संकट से निपटने के लिए परंपरागत जल स्रोत के संरक्षण, नदियों के पुनरुत्थान, जल प्रबंधन, सतत विकास के लिए जल की उपयोगिता विषयों पर मंथन, अनुभव, नए लक्ष्य को साझा क्या जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान चार तकनीकी सत्र, दस सेमिनार, दस पैनल डिस्कशन होंगे। इनके जरिये जल संकट की चुनौतियों ने निपटने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, बिश्वेश्वर टुडु सहित देश-विदेश की कई नामचीन हस्तियों ने भाग लिया।

डेनमार्क, फिनलैंड, सिंगापुर जैसे देश भी कार्यक्रम के पार्टनर हैं। इंडिया वाटर वीक के सातवें संस्करण की सुरक्षा व्यवस्था वह यहां आने वाले आरती महत्वपूर्ण लोगों की व्यवस्था में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी दिनभर जुटे रहे। कार्यक्रम स्थल के आस पास सुरक्षा बलों ने कड़ी चौकसी कर रखी है।

# भेड़ियों और माफिया से घिरा था नोएडा-ग्रेटर नोएडाः सीएम योगी

- ग्रेनो में 85 क्यूसेक गंगाजल पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 1669 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। सांसद महेश शर्मा उनके साथ दादरी विधायक तेज पाल नागर, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह और नोएडा विधायक पंकज सिंह मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब ग्रेटर नोएडा मल्टी मॉडल के रूप में बढ़ रहा है। अब गंगा मईया खुद आपके घर आ रही है। अब 85 क्यूसेक गंगाजल घर आ रहा है। इसमें भी कई बैरियर थे जिसमें विपक्ष ने कोई कसर नहीं छोड़ी। किसानों के साथ हमने बातचीत की हमारी सरकार ने संवाद किया। और माफियायाओं के साथ निपटने का काम किया। अनावश्यक काम में रोड़ा लगा देना उन सभी बैरियर को हटाते हुए 85 क्यूसेक गंगा जल मिल रहा है। 176 किमी पाइप लाइन बिछाई गई। एसटीपी प्लांट, आईएसटीएमएस अब हम हम सेफ सिटी के साथ भी जोड़ेंगे।

सीएम ने कहा कि भारी बहुमत से तीनों विधायकों को विधानसभा भेजा। हम लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते है। विकास की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक तबके को पहुंचाना यही हमारा कर्तव्य है। पांच साल पहले ये क्षेत्र सीएम के लिए शापित माना जाता था। ये पूरा क्षेत्र भेड़ियों और माफियाओं से जुड़े थे।

प्राधिकरण का पैसा दुरपयोग करते थे। पांच सालों में दिशा और दशा दोनों बदली है। टीम वर्क के रूप में परिणाम देना शुरू किया। उप्र का पहला डेटा सेंटर का लोकार्पण किया। ये डिजिटल इंडिया के आने वाली चुनौतियों की एक नई शुरुआत है। पीएम ने फाइव जी की शुरुआत की। ये जीवन की नई तस्वीर है। डाटा सेंटर के रूप में नोएडा ग्रेटर नोएडा विकसित हो रहा है। अगर पिछली सरकार होती तो यहां कभी डाटा सेंटर नहीं लग पता। यहां कोई सुरक्षित नहीं था तो कैसे यहां कोई अपनी पूंजी लगाता। अब यहां की तस्वीर बदल रही है। अब तकदीर बदल रही है। जेवर क्षेत्र अपराध के गढ़ के रूप में जाना जाता था। 2017 में कितना वीभत्स कांड हुआ था। ऐसे में माफियाओं को सबक सिखाना था। तब से लेकर अब तक उप्र में संगठित अपराध समाप्त हो गया है। आज जेलों में सड़ते हुए कैसे गिड़गिड़ा रहे है। आज माफियाओं पर ग्रहण और युवाओं के लिए योजनाएं लाई जा रही है। तीनों प्राधिकरण में प्रतिस्पर्धा आ गई है। तीनों प्राधिकरण रोजगार पैदा कर रही है। देश में वर्ड क्लास इंफ्रा नोएडा ग्रेटरनोएडा में है। यहां की जगमगाती सड़कें चौड़ी सड़कें लेकिन यहां से कही भी जाएंगे तो पता लगेगा कि आप नए नोएडा से होकर आए है। पांच सालों में नई नई चीजें आई है। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट यहां बन रहा है। फिल्म सिटी यहां बन रही है। और भी ढेर सारी योजनाएं आ रही है। लाखों रोजगार के साधन आ रहे है। हर व्यक्ति इस बात को मान रहा है देश में नोएडा ग्रेटर नोएडा ही।

## भूजल निर्भरता में आएगी कमी



विद्युत अपूर्ति भी लगातार बनी रही इसके साथ अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण किया जा रहा है। । सप्लाई के लिए ग्राउंड वाटर पर निर्भरता कम हो जाएगी। इससे भूजल की बचत होगी। भूजल स्तर में सुधार होगा। इस परियोजना का उद्घाटन भी सीएम योगी करेंगे। दरअसल अपर गंगा कैनाल हापुड़ से 85 क्यूसेक गंगाजल लाने का प्रस्ताव सबसे पहले 2005 में बना। 2012 से 2014 के बीच ग्रेटर नोएडा परिक्षेत्र में जलापूर्ति नेटवर्क तैयार कर लिया गया। 2017 के बाद देहरा से जैतपुर तक 23 किलोमीटर की पाइपलाइन, ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के कार्य शुरू किए। देहरा से 7.4 किलोमीटर की पाइप लाइन सिंचाई विभाग की जमीन पर की जानी थी, जिसको प्राधिकरण ने 2018 तक पूरा कर लिया। उसके आगे एनटीपीसी से जमीन लेकर पाइपलाइन बिछाई गई।

# गाजियाबाद नगर निगम के वार्ड आरक्षण पर घमासान

- लिस्ट दूसरी बार बदली, अब नगर आयुक्त करेंगे फाइनल

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**




वार्ड के आरक्षण को लेकर घमासान मचा हुआ है। कई दिग्गज पार्षदों के वार्ड अनारक्षित होने के खिलाफ कई आरक्षित वार्डों के पार्षद लामबंद हो रहे है। इसी घमासान के चलते आरक्षण की संभावित लिस्ट एक बार फाड़ी जा चुकी है और दो बार बदली जा चुकी है।

ऐसे में नगर आयुक्त ने लिस्ट फाइनल करने की कमान खुद संभाली। नगर आयुक्त का कहना है कि लिस्ट जल्दी ही फाइनल कर डीएम के पास भेजी जाएगी। डीएम आरके सिंह का कहना है कि लिस्ट एक दो दिनों में शासन के पास जाएगी। इसके बाद प्रकाशन कर उस पर शासन की ओर से आपत्तियां मांगी जाएगी। पांच दिन पहले शासन ने वार्ड के आरक्षण के लिए फॉर्मूला जारी किया था। शासन ने नगर निगमों से दो नवंबर तक वार्ड आरक्षण फाइनल करने के निर्देश दिए थे। नगर निगम तब से ही वार्ड आरक्षण को फाइनल करने की कोशिश में लगा है। इसके लिए अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव की अध्यक्षता में कमेटी बनी है। कमेटी ने जो पहली लिस्ट तैयार की वह लीक हो गई। लीक होने के बाद इस लिस्ट को फाड़ दिया गया।

इसके बाद से ही ऐसे पार्षद जिनका वार्ड दूसरी श्रेणी के लिए आरक्षित हो रहा है वे परेशान हैं। ऐसे कई पार्षद नगर आयुक्त से मिलकर तो कुछ ने डीएम से मिलकर शिकायत की है। इसके बाद निगम की टीम द्वारा तैयार लिस्ट को बदल दिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ने खुद ही लिस्ट को फाइनल करने की कमान संभाली। इसके बाद नगर आयुक्त ने आरक्षण की नई सूची तैयार की है। साथ ही कमेटी से जुड़े कई निगम के बाबूओं को भी झटका दिया गया, जिनकी शिकायत अधिकारियों को मिल रही थी।

शिकायत करने वाले अधिकतर पार्षद नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ पर विश्वास कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि अब जो आरक्षण की लिस्ट फाइनल की जाएगी वह लिस्ट निष्पक्ष होगी।

वहीं सूत्रों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन की ओर से वार्ड के आरक्षण की सूची पूरी तरह से फाइनल हो गई है। आज ही यह सूची डीएम के पास भेजी गई है। माना जा रहा है कि इस सूची को लेकर डीएम आरके सिंह के साथ नगर निगम की महत्वपूर्ण बैठक आज सायं तक हुई।

इस बैठक में ही वार्ड आरक्षण के लागू किए फॉर्मूले का मिलान किया । अगर वह सही पाया गया तो लिस्ट फाइनल मान ली जाएगी। डीएम के पास वार्ड आरक्षण की लिस्ट शासन को भेजने के लिए चार नवंबर तक का समय है।

# एनटीपीसी पर किसानों को धरने से हटाने के लिए पुलिस का बल प्रयोग

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

दादरी में एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांव के किसान अपनी मांगों को लेकर काफी दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें किसान मंगलवार को भी एनटीपीसी के गेट पर पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। मौजूद पुलिस ने किसानों को हटाने के लिए जमकर पानी की बौछार कराई।

इसके बाद पुलिस और किसानों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। पानी की बौछार कराने के बाद भी किसान अपनी मांगों को लेकर अभी भी एनटीपीसी के गेट पर डटे हुए हैं। दरअसल 90 के दशक में एनटीपीसी के लिए 24 गांव की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। उस समय किसानों को दिया गया मुआवजा एक समान नहीं था। उसी एक समान मुआवजे की मांग को लेकर किसान लंबे समय से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार ने उनकी मांगों को नहीं सुना। मंगलवार को भी किसान अपनी मांगों को लेकर एनटीपीसी के गेट पर धरना-प्रदर्शन के लिए बैठ गए। किसानों में भारी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं।

पुलिस ने किसानों को हटाने का प्रयास किया, जिसके बाद जब किसान नहीं हटे तो पुलिस ने पानी की बौछार करा दी। इस दौरान पुलिस ने बल का प्रयोग भी किया। किसान नेता सुखबीर खलीफा ने बताया कि जब 24 गांव की जमीन एनटीपीसी के लिए अधिग्रहित की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार



जब्त शराब को नष्ट करते पुलिसककर्मी।

### माल खाने से 70 लाख रुपए की शराब कराई नष्ट

**नोएडा।** माल खाने में लंबे समय से रखी हुई शराब को नष्ट किया गया है। थाना कासना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आबकारी अधिनियम से संबंधित पिछले कई सालों से थाना कासना पर पड़ी अवैध शराब को मंगलवार को नष्ट कर दिया। इस शराब की कीमत करीब 70 लाख 95 हजार रुपये बताई जा रही है मंगलवार को थाना कासना पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा पकड़ी गई शराब को माल खाने से निकलवाकर नष्ट किया गया है। यह शराब लंबे समय से माल खाने में पड़ी हुई थी। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि नियमानुसार लंबे समय से माल खाने में पड़ी हुई शराब को नष्ट किया गया है। शराब की कीमत करीब 70 लाख रुपये थी। जिले में शराब तस्करी को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग कार्रवाई कर रहा है। पिछले एक वर्ष में पुलिस और आबकारी विभाग ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी है। अभी भी यह कार्रवाई जारी है।

### गौड़ ग्लोबल सोसाइटी की इमारत से गिरी छात्रा, मौत

**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक की गौड़ ग्लोबल विलेज सोसायटी में बीटेक छात्रा मंगलवार को संदिग्ध हालात में 12वीं मंजिल से गिर गई। गंभीर हालत में उसे एनएच-9 के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना करीब चार बजे की है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची थाना विजयनगर पुलिस छानबीन कर रही है। स्वजन से पूछताछ में पता चला है कि बीटेक द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी सोमवार को कालेज में परीक्षा देने गई थी। मंगलवार को उसका परिणाम आना था।

### नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर होटल में छात्रा से दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले के मोदीनगर में 17 वर्षीय लड़की को कथित तौर पर अगवा कर होटल में ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता कक्षा 11वीं की छात्रा है। आरोपी युवक दूसरे समुदाय से संबंध रखता है। घटना की खबर मिलते ही हिंदू संगठनों के लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। अलग-अलग समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मोदीनगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनकी 17 वर्षीय बेटी ग्यारहवीं क्लास की छात्रा है। सोमवार सुबह छात्रा स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक रास्ते से छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ होटल में ले गया। वहां उसने छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर होटल के कमरे में जबर्दस्ती दुष्कर्म किया।

### शहीद इंस्पेक्टर ध्रुवलाल व राजेश को किया नमन

**गाजियाबाद।** शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद पुलिस इंस्पेक्टर ध्रुवलाल व कांस्टेबल राजेश यादव की 28वीं पुण्यतिथि पर उनको नमन किया गया। मोहनगर स्थित शहीद ध्रुवलाल यादव पार्क में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें शहर के गणमान्य लोगों ने शहीद ध्रुवलाल व राजेश यादव की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनकी शहादत को नमन किया। बता दें कि एक नवंबर 1994 को सहारनपुर में विदेशी नागरिकों को आंतकवादियों के कब्जे से छुड़ाने गई टीम में शामिल रहे इंस्पेक्टर ध्रुवलाल और कांस्टेबल राजेश यादव उस समय आंतकियों की गोलियों का निशाना बन गए थे जब वे उन्हें पकडने के लिए दरवाजा तोडकर मकान के अंदर घुसे। घर में घुसते ही आंतकियों ने दोनों जाबांजों को कई गोलियां मारी थी।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली



**गाजियाबाद।** पुलिस और लुटेरे की मंगलवार दोपहर साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र के आनंद औद्योगिक क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से घायल लुटेरा गिरफ्तार हुआ। उसके कब्जे से चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूस और खोखा बरामद हुआ। अपने साथियों के साथ ट्रक लूटता था। उसके 11 साथी पूर्व में साहिबाबाद कोतवाली से जेल जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस टीम हिंडन पुल पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक सवार संदिग्ध को रूकने का इशारा किया। वह पुलिस टीम पर फायरिंग करके भागने लगा। आनंद क्षेत्र में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। गोली उसके दाहिने पैर में लगी। वह बाइक सहित गिर गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान शातिर लुटेरे नीलमणि कालोनी अर्थला के मुनाजिर के रूप में हुई। वह मूल रूप से ग्राम खासपुर थाना कमरगांव जिला बदायूं का है। पूछताछ में पता चला कि उसके गिरोह में 15 सदस्य हैं।

# पत्नी को डराने के लिए छोटे भाई संग रची अपहरण की कहानी, फिर खुद पहुंचे सलाखों के पीछे

- एक अन्य महिला के साथ अवैध संबंधों के चलते दंपति में रहती थी तकरार

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



जवाहर कालोनी से दिनदहाड़े अगवा हुए युवक के मामले का पुलिस ने मंगलवार को राजफाश कर दिया। उसका अपहरण नहीं हुआ था।

पत्नी को डराने के लिए उसने छोटे भाई के साथ मिलकर अगवा होने की कहानी रची थी। पुलिस ने उसे और उसके भाई को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि जवाहर पार्क के रामबली महतो ने रविवार को पुलिस को बेटे विकास कुमार के अगवा होने की सूचना दी। उसने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे उनका 24 वर्षीय बेटा विकास कुमार मां रंजू देवी से गरिमा गार्डन जाने की बात करके घर से निकला। दोपहर करीब तीन बजे उसने मां को फोन किया और कहा कि मम्मी मुझे चार लड़के उठाकर ले जा रहे हैं उसके बाद से उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। उन्होंने अपहरण के बाद बेटे की हत्या की आशंका जाहिर की। उनकी सूचना पर साहिबाबाद कोतवाली में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करके चार टीमों को लगाया गया। काल डिटेल, सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरों की मदद ली गई। उसके आधार पर सोमवार शाम को शहीद नगर से विकास कुमार को ढूंढ़ लिया गया। ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि विकास से पूछताछ की गई। उसने बताया कि उसका चार सालों से दिल्ली की एक महिला से अवैध संबंध है। वह महिला के साथ ही रहना चाहता है। परिवारवालों ने जबरन गत जुलाई में उसकी बिहार की एक युवती से शादी कर दी थी।

**PUBLIC NOTICE**

It is notify to the public that M/s Kitchen Star Foods Pvt. Ltd. Address Plot No. H-117, Kasna Industrial Area, Surajpur UPSIDC-Site-5, Greater Noida Gautam Budh Nagar U.P. have lost original allotment letter Ref. No. 9105, Dated 06.01.1999. If the above said original allotment letter found please Contact Rina Jain, R/o A-378, Sector-46, Noida, Gautam Budh Nagar (U.P)

**Rina Jain**

**Public Notice**

To be known to all that I **Shobha Guha** W/o Late A K Guha am the allottee of DDA SFS **Flat No.79, GF,Category-II,situated at Aravali Apt,Alaknanda Kalkaji,**ND.My original documents viz. 5th & Final Demand Letter & NOC for water,electricity connection have been misplaced.An information Report of this effect has been lodged in Police Station Crime branch Delhi vide LR No.937427/2022 on 01.11.22. Any person claiming any right, interest, having any objection/found in possession of original document, may write/contact with above named person at above add/9818466641 within 15days from the date of publication of this notice.The person claiming any right,interest,objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director(LAB)H or Director (H)-1,D-Block,Vikas Sadan INA,N.D-23

**सार्वजनिक सूचना**

शिवाय ट्रेडिंग कंपनी, रजिस्टर कार्यालय संख्या 222, दूसरी मंज़िल, एस. जी. बीटा टावर सेक्टर -3, वसुंधरा, गाजियाबाद (यूपी) 201012 पैन नं. AEEFS4642C का विघटन हो गया है फर्म के साझेदार कोमेस कुमार व अवधेश कुमार शर्मा के आपसी सहमति से 4 जुलाई 2022 को कंपनी विघटित हो चुकी है। इस फर्म से लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**Edelweiss** Ideas create, values protect
**एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**
सीआईएन-यू67100एमएच2007पीएलसी174759
पंजीकृत कार्यालय : एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई-400098

**परिशिष्ट 4 (नियम 8(1) देखें) कब्जा सूचना**

जबकि,
भारतीय स्टेट बैंक ("मूल ऋणदाता/समनुदेशक बैंक") के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 03 अक्टूबर, 2013 जारी की थी, जिसमें कर्जदार मैसर्स केएलजी सिस्टेल लिमिटेड (परिसमापन में), गारंटरों श्री कुमुद गोयल और श्रीमती पुष्प लता गोयल से उक्त सूचना में वर्णितानुसार 03 अक्टूबर, 2013 तक बकाया राशि रू. 1,68,68,69,408 (रू. एक सौ अड़सठ करोड़ अड़सठ लाख उनहत्तर हजार चार सौ आठ मात्र) का भुगतान, उस पर आगे ब्याज, लागतों तथा खर्चों के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार, गारंटर और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि माननीय उच्च न्यायालय, पंजाब एवं हरियाणा ("उच्च न्यायालय") द्वारा "सीए नंबर 270/2016" में पारित आदेश दिनांकित 09 सितम्बर, 2022 के अनुपालन में आधिकारिक परिसमापक ने यहां नीचे विशेष रूप से वर्णित प्रतिभूति आस्ति का भौतिक कब्जा शांतिपूर्ण ढंग से अधोहस्ताक्षरी को सौंप दिया है। अधोहस्ताक्षरी ने एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, ईएआरसी ट्रस्ट एससी-30 के ट्रस्टी (इसमें आगे "ईएआरसी" कही गई है) की हैसियत से कार्य करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उप- धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 31 अक्टूबर, 2022 को ले लिया है।
कर्जदार, गारंटरों तथा बंधकदाताओं को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार ईएआरसी की 03 अक्टूबर, 2013 तक बकाया राशि रू. 1,68,68,69,408 (रू. एक सौ अड़सठ करोड़ अड़सठ लाख उनहत्तर हजार चार सौ आठ मात्र) तथा उस पर आगे ब्याज, लागतों तथा खर्चों के अधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियां (प्रतिभूति सम्पत्तियां) छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

प्रतिभूत आस्तियों का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि प्लॉट नंबर 24, सेक्टर-18, इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा, उसके ऊपर सभी भवनों/स्ट्रक्चर्स तथा प्लाण्ट एवं मशीनरी, अचल अथवा चल सहित।

तिथि : 31 अक्टूबर, 2022
स्थान : गुरूग्राम, हरियाणा

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
(ईएआरसी ट्रस्ट एससी-30 के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत)

**PUBLIC NOTICE**

**IN THE NATIONAL COMPANY LAW TRIBUNAL: NEW DELHI COURT – IV**
**ITEM No. 5**
**IA No.- 5215/ND/2021 in IB-660/ND/2020**

**IN THE MATTER OF:**
**Entertainment Network India Ltd.** ... Applicant/Petitioner
Vs.
Praise Communications Pvt. Ltd. ... Respondent

**Order under Section 9 of IBC.**
Order delivered on 12.11.2021
Coram:
SHRI DHARMINDER SINGH, HON'BLE MEMBER (JUDICIAL)
**SHRI NARENDER KUMAR BHOLA, HON'BLE MEMBER (TECHNICAL)**
**PRESENT:**
**For the Applicant :**
**Mr. Shashwat Tripathi & Ms. Ridhima Verma, Advs.**
**For the Respondent :**

**ORDER**

Issue Notice As To Why The Application For Initiating The Cirp Should Not Be Admitted Against The Corporate Debtor. Process Dasti As Well As Through All Modes. **Ia-5215/nd/2021**: This Application Has Been Filed, For Recalling The Order Dated 12.10.2021 Whereby The Petition Was Dismissed For Want Of Prosecution. Accordingly, The Notice Of The Same Be Issued.
**Let the matter be fixed for issuance of publication and reply. if any, on 09.11.2022**
**SD/-**
**Narender Kumar Bhola**
**Member (Technical)**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जहरीली हवा से आम लोग हुए बेदम समाधान के बजाय आरोप-प्रत्यारोप

## वायु प्रदूषण का समर्थन करने वाली है भाजपा की विचारधारा : गोपाल

## दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री जिम्मेदार, दोनों दें इस्तीफा : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


गोपाल राय


आदेश गुप्ता

राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण बढ़ने से लोग बेदम हैं। यहां मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया, जो बुजुर्गों, बच्चों एवं महिलाओं के लिए बहुत घातक होता है। समस्या का समधान तलाशने के बजाय सत्ताधारी एवं विपक्षी राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हैं। मालूम हो कि दिल्ली में प्रदूषण रोधी योजनाएं लागू करने के लिए जिम्मेदार केंद्र में भाजपा की सरकार है तो दिल्ली में आम आदमी पार्टी सत्ता में है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा की विचारधारा वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर के पक्ष में है, क्योंकि पार्टी ने पटाखे फोड़ने के समर्थन में तो आवाज उठाई, लेकिन पंजाब सरकार को पराली नहीं जलाने के लिए किसानों को नकद प्रोत्साहन प्रदान करने में भाजपा नीत केंद्र की सत्ता ने कोई मदद नहीं की। राय ने यहां एक निर्माण स्थल के निरीक्षण के बाद संवाददाताओं को बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भाजपा के निर्देश के बगैर, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान को लागू करने पर रोक नहीं लगाते। उपराज्यपाल ने इस तरह के उपायों की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए 29 अक्टूबर को अभियान को रोक दिया था और फाइल वापस कर दी थी।

यदि केंद्र ने फसल अवशेष नहीं जलाने के लिए किसानों को नकद प्रोत्साहन प्रदान करने की राज्य सरकार की पहल का समर्थन किया होता तो पंजाब में पराली जलाने में बड़े पैमाने पर कमी आती। इसके अलावा भाजपा के लोग दिल्ली में दिवाली के मौके पर पटाखे फोड़ने का समर्थन करने में लगे थे। राय ने कहा कि जो लोग भाजपा से जुड़े हैं, उनसे मेरा अनुरोध है कि उन अभियानों को रोकें जिनसे वायु प्रदूषण बढ़ता है। दिल्ली और पंजाब की सरकारों ने इस साल जुलाई में केंद्र और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को संयुक्त रूप से पंजाब में किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए 2,500 रुपए प्रति एकड़ नकद प्रोत्साहन देने में मदद करने के लिए एक प्रस्ताव भेजा था। यह प्रस्ताव अटक गया। किसानों का कहना है कि नकद प्रोत्साहन से उन्हें धान की पराली के प्रबंधन के लिए मशीनरी के संचालन में इस्तेमाल होने वाले ईंधन की लागत की पूर्ति करने में मदद मिल सकती है।

दूसरी ओर, भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के खराब स्तर को लेकर दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों पर करारा हमला बोला और उनके इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि यह आपराधिक लापरवाही से कम नहीं है, जिसकी वजह से वायु गुणवत्ता खराब हुई।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पंजाब में पराली जलाने के मामलों की संख्या पिछले साल 7,648 थी जो इस साल बढ़कर 10,214 हो गई है।

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली पूर्वानुमान एजेंसी वायु गुणवत्ता मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली (सफर) के अनुसार, सोमवार को दिल्ली के पीएम2.5 प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान 22 प्रतिशत रहा। रविवार को यह 26 प्रतिशत और शनिवार को 21 प्रतिशत था। भाटिया ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल और उनकी पार्टी भ्रष्टाचार करने और लोगों को लूटने में व्यस्त रही और इसी साल फरवरी महीने में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को नजरअंदाज किया।

भाजपा प्रवक्ता ने केजरीवाल के पूर्व के उन बयानों का भी उल्लेख किया जब दिल्ली में प्रदूषण के लिए उन्होंने हरियाणा और पंजाब में पराली जलाए जाने की घटनाओं को दोषी ठहराया था।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए पंजाब को 1,350 करोड़ और हरियाणा को 693 करोड़ रुपए दिए। इसके साथ ही केंद्र ने 1.20 लाख मशीनें भी उपलब्ध कराईं, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। भाजपा प्रवक्ता ने केजरीवाल से कहा कि वह इन सवालों के जवाब दें और बताएं कि जो आंकड़े उन्होंने पेश किए हैं, वे सही हैं या गलत?

### मोबाइल ऐप पर आईं शिकायतें

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को कहा कि शहर की सरकार ने एक अक्टूबर से अब तक ग्रीन दिल्ली मोबाइल ऐप के जरिए प्राप्त वायु प्रदूषण संबंधी 90 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया है। मंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध के परिणामस्वरूप सात साल में इस साल दिवाली सबसे स्वच्छ तरीके से मनाई गई। राय ने कहा कि अगस्त और सितंबर में वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र नहीं रखने वाले वाहन मालिकों को 68,500 चालान जारी किए गए थे। इस अवधि के दौरान 20 लाख से अधिक पीयूसी प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। मालिकों को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने वाहनों का परीक्षण करवाना आवश्यक है कि क्या वह कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसे प्रदूषकों के उत्सर्जन मानकों को पूरा करते हैं। वैध पीयूसी नहीं रखने वाले वाहन मालिकों पर 10,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, या छह महीने तक की कैद या दोनों भी हो सकते हैं।

## घने धुंध की चादर में लिपटी राजधानी की सड़क


फोटो रंजन डिमरी

# भाजपा मुख्यालय में चल रहा था निर्माण कार्य, कंपनी पर जुर्माना



- सरकार ने ग्रेप नियमों के उल्लंघन में निर्माणकर्ता निजी फर्म लार्सन एंड टुब्रो को थमाया पांच लाख का नोटिस

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर ग्रेप की तीसरे चरण की पाबंदियां लागू होने के बावजूद दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर निर्माण कार्य चल रहा था। आप सरकार ने मंगलवार को निर्माणकर्ता निजी फर्म लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि मंत्री जब भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के एक निर्माण स्थल का निरीक्षण कर लौट रहे थे तब उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर बने भाजपा मुख्यालय में निर्माण कार्य देखा। राय ने संवाददाताओं को बताया कि निर्माण कार्य में जुटे श्रमिकों का कहना है कि कार्य भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय से संबंधित है। यह सीएक्यूएम के आदेशों का उल्लंघन है। हमने वहां पर काम रोकने का आदेश जारी कर निर्माण एजेंसी लार्सन एंड टुब्रो पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए 2021 में बनाए गए वैधानिक निकाय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेप के तीसरे चरण के तहत परियोजनाओं को छोड़कर निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। पहली बार 2017 में लागू किया गया ग्रेप स्थिति की गंभीरता के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण रोधी उपायों का एक सेट है।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में पहुंचा

- वायु गुणवत्ता सूचकांक 424 रहा

**नई दिल्ली।** अपेक्षाकृत धीमी हवाएं चलने और पंजाब में पराली जलाए जाने के मामले बढ़ने के बीच वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में आ जाने के कारण दिल्ली में मंगलवार को धुंध और धुएं की परत छाई रही और दृश्यता स्तर कम रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के शाम को चार बजे के बुलेटिन के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 424 पर रहा। यह पिछले साल 26 दिसंबर के बाद सबसे खराब है। उस दिन एक्यूआई 459 पर दर्ज किया गया था।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की उपग्रह से ली गई तस्वीरों में कई लाल निशान दिख रहे हैं, जो पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में पराली जलाए जाने के मामलों को दर्शाते हैं। पूर्वी पाकिस्तान से पूर्वी उत्तर प्रदेश तक सिंधु-गंगा के मैदानों के विशाल क्षेत्रों में धुंध की एक परत दिखाई दे रही है। शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान द्वारा जून में जारी वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक के अनुसार, खराब वायु गुणवत्ता के कारण दिल्लीवासियों की जीवन प्रत्याशा 10 साल कम होने की आशंका है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को पूर्वाह्न 10 बजे 429 और शाम चार बजे 424 पर रहा। रात आठ बजे दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम के अधिकांश क्षेत्रों में एक्यूआई 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में ही दर्ज किया गया, जबकि गाजियाबाद में यह 399 से नीचे बेहद खराब श्रेणी में रहा।

# जूता फैक्टरी में भीषण आग, दो लोगों की मौत

- 10 दमकल गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नरेला औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को जूते बनाने की एक फैक्टरी में आग लगने की घटना में दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आग को बुझाने के लिए दमकल की 10 गाड़ियां भेजी गईं थीं।

दिल्ली दमकल विभाग के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने आग पर काबू देने की जानकारी देते हुए कहा कि दमकल विभाग की पूरी टीम ने मुश्किल परिस्थितियों में बेहतर राहत बचाव कार्य कर मानवीय मूल्यों को बचाने का काम किया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 20 लोगों को बचाया गया है, 18 लोग घायल हैं जबकि 2 लोगों की मृत्यु हुई है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, सभी की हालत स्थिर है। हादसे में मारे गए लोगों की शिनाख्त की जा रही है। आग लगने की यह घटना एक फुटवियर फैक्ट्री में हुई। दिल्ली फायर ऑफिसर संदीप दुग्गल ने बताया कि आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग लगने के बाद लोगों में अफरातफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इमारत से बाहर की तरफ भागे लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कुछ लोग झुलस गए। फायर ब्रिगेड की टीमें आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 9.35 बजे फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। बताया जाता है कि इस तीन मंजिला फैक्ट्री की दूसरी-तीसरी मंजिल पर आग लगी है। एक दिन पहले ही दक्षिणी दिल्ली जिले के माउंट कैलाश अपार्टमेंट के सातवीं मंजिल पर बजे आग लग गई थी। दमकल की छह गाड़ियों ने स्थिति को संभाला था। दिल्ली दमकल सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि दमकल नियंत्रण कक्ष को सुबह नौ बजकर 35 मिनट पर नरेला औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली।

### लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज से बाउंसर हटाए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के अधीन आने वाले लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और उससे जुड़े अस्पतालों में तैनात बाउंसर और मार्शल की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के उप निदेशक डॉक्टर वीके शर्मा ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में लिखा है कि अस्पताल से बाउंसरों की सेवा तुरंत समाप्त की जाती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया सफदरजंग, आरएमएल और लेडी हार्डिंग अस्पताल में अपने दौरे के दौरान कई बार यह बात कह चुके हैं कि मरीज अस्पताल में इलाज कराने आता है वह लड़ने नहीं आता। ऐसे में अस्पतालों में बाउंसरों की कोई जरूरत नहीं है।

# योगशाला के बाद मोहल्ला क्लीनिक और स्कूल निशाने पर : केजरीवाल

- सीएम का आरोप, सरकारी योजनाओं में बाधा डाल रहे एलजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर पहली बार मंगलवार को खुल कर प्रहार किया और उन पर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कार्यक्रमों और योजनाओं में बाधा डालने का आरोप लगाया। वहीं केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में सरकार की तरफ से आयोजित निशुल्क योग कक्षाएं जारी रहेंगी। केजरीवाल के इस कदम को दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ने के संकेत के तौर पर देखा जा सकता है। किसी का नाम लिए बगैर केजरीवाल ने आरोप लगाया कि आगे उनकी सरकार की मोहल्ला क्लिनिक और स्कूलों को निशाना बनाया जाएगा, लेकिन लोगों से कहा कि, आपका यह बेटा ढाल की तरह खड़ा रहेगा।

दिल्ली की योगशाला योजना को 31 अक्टूबर के बाद विस्तारित करने को उपराज्यपाल द्वारा मंजूरी नहीं दिए जाने की अफवाहों के बीच उन्होंने यह आरोप लगाया। योजना के तहत मुफ्त योग कक्षाओं का संचालन होता था। संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा कि उनसे दुर्व्यवहार कर सक्सेना दिल्ली में दो करोड़ लोगों के जनादेश का अपमान कर रहे हैं।

उपराज्यपाल सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि सक्सेना के कार्यालय को कार्यक्रम जारी रखने की अनुमति मांगने वाली कोई फाइल प्राप्त नहीं हुई है।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने मुझे जो बुरा-भला कहा है उसे लेकर मुझे कोई शिकायत नहीं है। केजरीवाल महत्वपूर्ण नहीं है। लेकिन जब वह दिल्ली के मुख्यमंत्री से दुर्व्यवहार करते हैं तो वह ना सिर्फ मेरे साथ ऐसा कर रहे होते हैं बल्कि मुझे वोट देने वाले दो करोड़ लोगों के साथ ऐसा करते हैं। यह सही नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से, हमने देखा है कि वे दिल्ली में विभिन्न पहल को रोक रहे हैं। उन्होंने दिल्ली की दिवाली और रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान की अनुमति नहीं दी। अब, हम सुन रहे हैं कि उनका अगला निशाना मोहल्ला क्लिनिक और स्कूल है। वे मोहल्ला क्लिनिक में मुफ्त दवाएं और जांच मुहैया करने वालों को निविदाएं रोक देंगे। वे सरकारी अस्पतालों में संविदा कर्मियों और सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षकों को निशाना बनाएंगे।

### राजधानी में जारी रहेंगी योग कक्षाएं

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि सरकार की तरफ से आयोजित निशुल्क योग कक्षाएं जारी रहेंगी। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिल्ली की योगशाला योजना की फाइल भी दिखाई और कहा कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 26 अक्टूबर को इस पर हस्ताक्षर किए थे और इसे उसी दिन या अगले दिन उपराज्यपाल को भेजा जाना था। केजरीवाल ने कहा कि 17,000 लोग योग कक्षाओं का लाभ उठा रहे थे। इनमें कई ऐसे लोग थे जो कोविड संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे थे। यह बहुत दुखद है कि उन्होंने इसे बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि ओछी राजनीति के कारण योग कक्षाएं बंद की हैं और इससे लोगों में आक्रोश है।

## संक्षिप्त समाचार


हर घर संपर्क अभियान की शुरूआत करते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता।

### भाजपा ने शुरू किया हर घर संपर्क अभियान

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने साल के अंत में होने वाले नगर निगम चुनाव से पहले शहर के 10 लाख से ज्यादा परिवारों से संपर्क साधने के लक्ष्य से मंगलवार को हर घर संपर्क अभियान शुरू किया। जहांगीरपुरी के आजादपुर वार्ड से अभियान की शरूआत करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि उनकी पार्टी स्वच्छ इरादों के साथ दिल्ली की जनता की सेवा करने को प्रतिबद्ध है। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में आवासीय कालोनियों और बाजारों में लोगों से बातचीत की।

### शिक्षकों के लिए सामुदायिक सीख कार्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली।** सरकारी स्कूल के शिक्षकों के लिए एंटरप्रेन्योरशिप माइंटसेट करिकुलम के तहत सामुदायिक सीख को लेकर पायलट परियोजना की शुरुआत की जा रही है। इसे लेकर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की ओर से कार्यक्रम जारी किया गया है। यह परियोजना अभी दिल्ली के छह जिलों में संचालित होंगी। हर जिले के दस स्कूल इसका प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रत्येक स्कूल से दो शिक्षक होंगे। दिसंबर तक शिक्षक सामुदायिक सीख को लेकर आयोजित होने वाले सत्र में हिस्सा लेंगे। इस संबंध में 7 नवंबर को सत्र आयोजित किया जाएगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर मंथन को जुटेंगे 3000 शिक्षाविद्

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के समुचित क्रियान्वयन और व्यापक विमर्श के लिए राजधानी दिल्ली में तीसरा ज्ञानोत्सव-2079 का आयोजन 17 से 19 नवंबर दिल्ली में किया जाएगा। इसमें 3000 से अधिक शिक्षाविद् मंथन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षा जगत से जुड़े सभी लोगों को नई शिक्षा नीति को भली भांति समझाना है। यह जानकारी कांस्टीट्यूशन क्लब में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा से विद्यार्थी, शिक्षण संस्थान एवं देश आत्मनिर्भर बने इस विषय पर ज्ञानोत्सव 2079 में विशेष चिंतन होगा।

# मोरबी हादसा गुजरात में भ्रष्टाचार का नतीजा: केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि मोरबी पुल हादसा गुजरात में व्यापक भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के इस्तीफे और तत्काल विधानसभा चुनाव कराए जाने की भी मांग की।केजरीवाल ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गुजरात में तुरंत विधानसभा चुनाव कराए जाने चाहिए। गौरतलब है कि गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी पर बना ब्रिटिश युग का पुल रविवार को टूट गया था और इस हादसे में अभी तक 135 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है।

केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोरबी पुल हादसा व्यापक भ्रष्टाचार का नतीजा है। मैं पीड़ितों के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं।

मेरा मानना है कि राज्य में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत के बाद मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। राज्य सरकार को इस घटना के बाद इस्तीफा दे देना चाहिए और राज्य में तत्काल चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि घड़ी बनाने वाली ऐसी कंपनी को पुल निर्माण का ठेका क्यों दिया गया, जिसे इसका कोई अनुभव नहीं था।

### दुर्घटना नहीं, हत्या है : सिसोदिया



आप नेता मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को कहा कि मोरबी की घटना दुर्घटना नहीं है, यह भाजपा के भ्रष्टाचार से लोगों की हत्या है। घटना पर भाजपा से पांच सवाल करते हुए आप के वरिष्ठ नेता ने पूछा कि पुल की मरम्मत और रखरखाव का काम एक घड़ीसाज कंपनी को बिना किसी निविदा के, सबसे उपयुक्त फर्म का चयन किए बगैर क्यों दिया गया था।

# प्रधानमंत्री 3,000 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का आज करेंगे उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी दिल्ली के कालकाजी इलाके में झुग्गी-झोपड़ी वासियों के पुनर्वास के लिए नवनिर्मित 3,024 ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) आवासों का उद्घाटन करेंगे और लाभार्थियों को घर की चाबी सौपेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। उसके मुताबिक ये आवास इन-सीटू स्लम पुनर्वास योजना के तहत निर्मित किए गए हैं। इन आवासों का निर्माण डीडीए ने किया है। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री भूमिहीन कैंप के वासियों को यहां स्थित विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित घरों की चाबी सौंपेंगे। इस पुनर्वास परियोजना का उद्देश्य झुग्गी झोपड़ी क्लस्टर के निवासियों को उचित सुविधाओं के साथ बेहतर और स्वस्थ रहने का वातावरण प्रदान करना है। कालकाजी एक्सटेंशन, जेलरवाला बाग और कठपुतली कॉलोनी में ऐसी तीन परियोजनाएं शुरू की हैं। कालकाजी एक्सटेंशन परियोजना के तहत कालकाजी में स्थित भूमिहीन कैंप, नवजीवन कैंप और जवाहर कैंप नामक तीन स्लम क्लस्टरों का पुनर्वास चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

# डीयू में एक-दूसरे के संसाधन प्रयोग कर सकेंगे कॉलेज

- पांच क्लस्टर कॉलेज को लेकर जारी किया नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फाइल फोटो

डीयू में क्लस्टर विश्वविद्यालय के बाद अब क्लस्टर कॉलेज का उपयोग नॉलेज नेटवर्क के लिए किया जाएगा। डीयू रजिस्ट्रार ने नोटिस जारी कर कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत अंडर ग्रेजुएट करिकुलम फ्रेमवर्क 2022 में एक कॉलेज दूसरे कॉलेज के संसाधनों का प्रयोग कर सकेंगे।

इस साल दाखिले के तहत वैल्यू एडेडेड कोर्स, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स और एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्स के लिए विशेष तौर पर ध्यान में रखकर यह व्यवस्था की गई है। आवश्यकता पड़ने पर हब कॉलेज और को हब कॉलेज बनाए जा सकते हैं।

फिलहाल डीयू ने पांच कॉलेज और उससे संबद्ध को हब कॉलेज की जानकारी साझा की है। हर क्लस्टर कॉलेज अपना नॉलेज नेटवर्क तैयार करेगा। हर नॉलेज नेटवर्क तीन वर्किंग ग्रुप तैयार करेगा। एक कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि यदि भाषा का कोई कोर्स एक कॉलेज में नहीं है लेकिन उसके संबंधित कॉलेज में है तो एक क्लस्टर बनाकर उसकी सुविधा दूसरे कॉलेज के छात्रों को प्रदान की जा सकती है। जैसे तमिल विषय एक कॉलेज में नहीं है लेकिन दूसरे कॉलेज में है।

पहले कॉलेज का छात्र दूसरे कॉलेज में तमिल की पढ़ाई करने जा सकता है। इसके अलावा अन्य संसाधनों के साथ भी ऐसा ही है।

# ग्राम पंचायत अभयपुर ने सर्वसम्मति से सरपंच व पंच चुने

### श्यामी नंबरदार बने निर्विरोध सरपंच

### सभी पदों पर आज तक डटा था सिर्फ एक-एक उम्मीददार

एन. रोहिल्ला। सोहना

**ग्राम पंचायत** अभयपुर के ग्रामीणों ने 31 वर्ष के बाद सरपंच समेत 13 पंच पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव करते हुए इतिहास रचा। श्यामी नंबरदार बने तीसरे निर्विरोध सरपंच तथा ग्रामीणों ने पहली बार पंच पदों पर भी सर्वसम्मति से चुनाव किया।

पंचायत चुनाव में ग्राम अभयपुर के 2524 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लेने से पहले सरपंच समेत पंच के 13 पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव करते हुए इतिहास लिख दिया है। सर्वसम्मति से चुने गए 13 पंचों में 6 महिला और 7 पुरुष शामिल है। जिसमें एक पुरुष और एक महिला को अनुसूचित जाति के आरक्षण पद पर चुना गया है। जबकि सरपंच पद श्यामी नंबदार को चुना गया है। सभी पदों पर एक-एक उम्मीदार का नामाकंन सोमवार को रह गया था।



### तीसरी बार हुआ सरपंच का चुनाव

**अभयपुर** में इससे पहले तीन बार पहले भी सरपंच पद का चुनाव किया गया था। जिसमें 1990 से पहले बनी ग्राम पंचायत में सूबेदार ज्ञानचंद को दो बार सरपंच बना गया था। उसके बाद 1991 के बाद हुआ पंचायती चुनाव में कैप्टन अंतलाल को सरपंच चुना गया था, लेकिन पंच के सभी पदों पर पहली बार सर्वम्मति से ग्रामीणों ने चुनाव किया है।

### अब ग्राम पंचायत को मिलेंगे 11 लाख रुपये

**प्रदेश** सरकार की तरफ से पंचायती राज के छठे आम चुनाव से पूर्व सर्वसम्मति से जिला पार्षद पद, समिति सदस्य, सरपंच और पंच चुने जाने पर नकद पुरस्कार की घोषणा की गई थी। ग्राम पंचायत अभयपुर को पंचायती चुनाव के बाद राज्य सरकार की तरफ से सरपंच और पंच पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव करने पर 11 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार राशि को ग्राम पंचायत गांव के विकास पर खर्च करेगी।

# गोपाष्टमी पर किया गोरक्षा यज्ञ, ली गोमाता के संरक्षण की शपथ

### माधव गोसेवा धाम गाड़ौली खुर्द में मनाया गया गोपाष्टमी पर्व

### नवीन गोयल, डा. डीपी गोयल समेत अनेक गणमान्य लोगों ने की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव गाड़ौली स्थित माधव गोसेवा धाम में गोपूजन करते गोभक्त।

**माधव** गोसेवा धाम गाड़ौली खुर्द में मंगलवार को गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि यहां पहुंचे लोगों ने गोयज्ञ करके गो धन को बचाने की शपथ ली। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल समेत अनेक संस्थाओं के गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

माधव गो सेवा धाम के संचालक सतीश तायल ने कहा कि गोपाष्टमी पर सुबह 7:30 से 8:30 बजे तक गो रक्षा यज्ञ किया गया। इस यज्ञ में शामिल हुए सभी आम और खास लोगों ने गो रक्षा का भी संकल्प लिया। यज्ञ के बाद सभी ने गो पूजन करके गो माता का आशीर्वाद लिया। फिर प्रसाद वितरण किया गया। भारत विकास परिषद की युवा भारत शाखा और गोप्रेमी संघ का सहयोग रहा।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि गो माता का संरक्षण करना हर सनातनी की धर्म और जिम्मेदारी है। हमारे हर घर में एक गाय का पालन जरूर होना चाहिए। गाय सिर्फ एक पशु नहीं है, बल्कि इसे हम माता का दर्जा देते हैं। गाय के दूध में विटामिन होते हैं। गाय की पीठ पर हाथ फेरने मात्र से इंसान में बीपी की बीमारी ठीक होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गो माता का पालन किया। डा. डीपी गोयल ने भी गाय के पालन की प्रेरणा देते हुए कहा कि हमें अपने आसपास विचरने वाली गऊओं को नियमित तौर पर चारा डालना चाहिए, ताकि वे प्लास्टिक की थैलियां व गंदगी ना खाएं। ऐसा करके हम बहुत ज्यादा पुण्य कमा सकते हैं।

गौपाष्टमी पर्व पर भारत विकास के जिला अध्यक्ष रिषी अग्रवाल, सचिव डा. डीपी गोयल, युवा भारत शाखा के सचिव सुमित सिंगला, कोषाध्यक्ष मनीष जैन, सह-कोषाध्यक्ष प्रिंस मंगला, गो प्रेमी संघ से रविंद्र तायल, मनीष यादव, मनीष शर्मा, नरेश बंसल, सुदर्शन गौड़, अशोक भारद्वाज, प्रदीप बंसल, बिजेंद्र सैनी, मुकेश, आरडब्ल्यूए सेक्टर-10ए के प्रधान सतीश गुप्ता, बीजेपी चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक डा. एमएस गर्ग, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता गजेंद्र गुप्ता, पीसी जैन जिला सह संयोजक कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा गुरुग्राम, ललिता तायल, डीपी गोयल, सविता गोयल, मोनिका गोयल, गौ प्रेमी प्रदीप कटारिया समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# पंचायती चुनावों में 180 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए

### एक-एक समिति सदस्य और सरपंच समेत 13 पंचों का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

**सोहना।** खंड में होने वाले पंचायती चुनावों में कुल 180 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। जिसमें पंचायत समिति सदस्य पद के 16 उम्मीदवारों व सरपंच पद के 109 उम्मीदवारों व पंच पदों के 55 उम्मीदवार शामिल हैं। प्रशासन ने 20 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर दिए हैं। जिसमें सरपंच पदों के 2 पर्चे व पंच पदों के 18 आवेदन शामिल हैं।

खंड में 9 और 12 नवंबर होने वाले पंचायत चुनाव में नाम वापसी के बाद पंच से लेकर सरपंच और समिति सदस्यों की संख्या 446 रह गई है। समिति सदस्य के वार्ड-13 में आशा रानी तथा ग्राम पंचायत अभयपुर में सरपंच समेत 13 पंचों को चुनाव सर्वसम्मति से किया गया है।

पंचायती चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। चुनाव में कुल 446 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे गए है। जिसमें पंचायत समिति सदस्य, सरपंच व पंच पदों के उम्मीदवार शामिल है। समिति सदस्य के चुनाव में 20 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर दिए हैं। जबकि 180 उम्मीदवारों ने अपने आवेदन पत्र वापस ले लिए हैं। समिति सदस्य पद के लिए 54 उम्मीदवारों में 36 पुरुष व 18 महिला शामिल है। 34 सरपंच पद के लिए 179 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। जिसमें 98 पुरुष उम्मीदवार व 81 महिला उम्मीदवार शामिल है। पंच पदों के लिए 213 उम्मीदवार चुनाव में अपना भविष्य आजमाएंगे। जिसमें 127 पुरुष उम्मीदवार व 86 महिला उम्मीदवार शामिल है। सोमवार की दोपहर बाद सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह दे दिए गए है। चुनाव चिन्ह मिलने के साथ ही उम्मीदवारों ने मतदाताओं पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए दौड़ की गति को बढ़ा दिया है। उम्मीदवार अब अपने चुनाव चिन्ह के साथ मतदाता तक पहुंच रहे है।

**22 पंच पदों पर नहीं भरा नामाकंन** : खंड में होने वाले पंचायती चुनाव में 22 सीटें पंच पदों की खाली रह गई है। जिसमें किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। 22 पंच पदों पर छह माह के अंदर फिर से उपचुनाव कराया जाएगा। अब 285 पंच पदों पर चुनाव होगा।

**समिति, सरपंच और 13 पंच चुने गए** : पंचायत चुनाव में 15 पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव हो गया है। जिसमें समिति सदस्य के वार्ड-13 से आशा रानी को निर्विरोध चुना गया है। ग्राम पंचायत अभयपुर में सरपंच समेत 13 पंच के पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बने अमित गोयल

**गुरुग्राम।** सीएम विंडो गुरुग्राम के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल को उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल सलाहकार समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। अपनी इस नियुक्ति पर उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, और गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला का विशेष आभार व्यक्त किया है। अमित गोयल ने कहा कि वे पार्टी में अपने काम को बिना किसी पद की लालसा के पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हैं। भारतीय जनता पार्टी हर कार्यकर्ता को समय पर उसकी मेहनत का पुरस्कार जरूर देती है। पार्टी में अनुशासन और मेहनत, ईमानदारी ही आगे बढ़ने के रास्ते हैं। उन्होंने कहा कि उन पर जो विश्वास जताया गया है, उस पर वे खरे उतरेंगे। रेलवे में जो भी समस्याएं यात्रियों को आती हैं, उनको संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनका निराकरण कराना उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत पूरे मंत्रालय का इस बात के लिए भी आभार जताया कि गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का निर्णय लिया गया है। ऐसा समय की भी जरूरत है। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अब एक बड़ा प्लेटफार्म हो गया है। यहां से लाखों लोग ट्रेनों के माध्यम से छोटी-लंबी दूर की यात्रा तय करते हैं। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम का रेलवे स्टेशन भी इसी तरह से विकसित होना जरूरी भी है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को संवारने, सुधारने में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सहयोग से विधायक सुधीर सिंगला लगातार प्रयासरत रहते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि पिछले आठ साल में गुरुग्राम की सूरत बदली है। यहां के विकास कार्यों में सबसे अहम यहां के यातायात के लिए सड़कें, फ्लाईओवर, अंडरपास आदि का निर्माण है। ऐसे ही अनेक प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का विधायक सुधीर सिंगला के साथ आभार व्यक्त करने पहुंचे अमित गोयल।

### रन फॉर यूनिटी से लोह पुरुष पटेल को किया सैल्यूट




गुरुग्राम में रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते ग्रीनवुड स्कूल के बच्चे।

**गुरुग्राम।** लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों को उनके द्वारा देशहित में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद रन फॉर यूनिटी भी आयोजित की गई। स्कूल की प्रधानाचार्या सरिता कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय एकता ही देश के विकास का आधार है। इस धारणा को प्रबल बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम प्रमुख उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रवाद एवं एकता की भावना को जागृत कराना था। सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा हमारे देश को हमेशा एकजुट करने के लिए अनेक प्रयास किए गए, इन्हीं कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हर वर्ष इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता की गरिमा को समझाने के लिए विद्यालय में विशेष प्रार्थना-सभा के अंतर्गत विद्यालय के छात्रों ने भाग लेकर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें सुविचार, भाषण, गीत-प्रस्तुति आदि षामिल थे। प्रार्थना-सभा के अंत में राष्ट्रीय एकता के महत्त्व से छात्रों को अवगत कराते हुए शपथ दिलाई गई कि वे सभी मिलकर राष्ट्रीय एकता को संरक्षित करने में अपना यथासंभव सहयोग देंगे तथा अपने आस-पास के लोगों में भी ऐसा करने की जागरूकता फैलाएंगे। भारत के लिए पटेल जी के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एकता की दौड़ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्ण हिस्सा लिया। समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति शर्मा ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की।

### आठ साल के शासन में औद्योगिक विकास को मिली रफ्तार

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि मौजूदा समय में हरियाणा के सफर में विकास की नई गाथाएं जुड़ रही हैं। जो काम पिछले आठ साल में नहीं हो पाए, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सशक्त नेतृत्व ने आठ साल में कर दिखाए। प्रदेश की 56 साल की यात्रा में प्रदेश के लिए भाजपा शासन के आठ साल सबसे महत्वपूर्ण साबित हुए हैं। प्रदेश इसी रफ्तार से विकास की गति पर दौड़ते हुए आने वाले समय में नई ऊंचाईयां हासिल करेगा। जीएल शर्मा प्रदेश के गठन के 56 साल पूरे होने पर अपने निवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जीएल शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के आठ साल पूरे होने और प्रदेश की 57वीं वर्षगांठ की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के आठ साल के शासन में प्रदेश के ढांचागत और औद्योगिक विकास को रफ्तार मिली है। भाजपा के शासन में यह रफ्तार निरंतर जारी रहेगी। पिछले आठ सालों में हरियाणा में सड़कों का जाल बहुत तेजी के साथ बिछा है। नेशनल व स्टेट हाईवे के अलावा जिलों को आपस में जोड़ने वाले लिंक मार्गों की हालत में भी अप्रत्याशित ढंग से सुधार हुआ है। सड़कों के सुधारीकरण के कारण ही प्रदेश के औद्योगिक विकास में बढ़ोतरी हुई है।



जीएल शर्मा।

# अदालत ने पत्नी को विद्युत इस्त्री से जलाने के आरोपी को भेजा जेल

### मामले में दूसरे आरोपी अंकित की मां कमलेश को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने दहेज की मांग करने आरोपी पति को गिरफ्तार किया। अदालत ने आरोपी पति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस जल्द ही आरोपी सास को भी गिरफ्तार करेगी।

शहर थाना पुलिस ने वार्ड-17 निवासी विवाहिता ज्योति की शिकायत पर दहेज मांगने के आरोपी पति अंकित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अंकित पुलिस ने मंगलवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भोंडसी स्थित जिला जेल में भेज दिया है। इस मामले में दूसरी आरोपी अंकित की मां कमलेश को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जा सकता है, क्योंकि शिकायतकर्ता ज्योति ने पति अंकित का साथ देने में सास कमलेश का पूरा-पूरा सहयोग बताया है। मां-बेटा ने विवाहिता को बिजली की इस्त्री से जलाकर मारने का प्रयास किया था, लेकिन विवाहिता ने जैसे तैसे करके घर का दरवाजा खोल बाहर निकल आने पर अपनी जान बचा ली थी। गर्म बिजली की इस्त्री से घायल ज्योति का उपचार रोहतक की पीजीआई अस्पताल में चल रहा है।

**क्या है मामला** : शहर के वार्ड-18 में रहने वाली ज्योति ने 2014 में अपनी मर्जी से वार्ड-17 में रहने वाले अंकित से प्रेम विवाह किया था। विवाह से पहले अंकित ने ज्योति से शादी में किसी भी प्रकार का दहेज की मांग नहीं की थी। लेकिन ज्योति द्वारा पति अंकित और सास कमलेश पर विवाह के डेढ माह बाद ही पिता के घर से दहेज लाने की मांग करने लगे। ज्योति को अंकित व उसकी मां कमलेश अलग-अलग प्रकार की यातनाएं देकर पिछले करीब 8 वर्ष से तंग कर रहे थे।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम ने गांवों का दौरा

### ग्राम घामडौज, अलीपुर हरियहेड़ा, गढ़ी वजीरपुर, महेन्द्र वाड़ा के इलाके में फ्लैग मार्च किया

### सहायक कमाण्डेंट प्रहलाद राम ने कहा, पैदल मार्च कर जवानों ने ली भौगोलिक जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



भोंडसी थाना के गांव घामडौज में पैदल मार्च करती केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम।

**केन्द्रीय** रिजर्व पुलिस बल की टीम ने गांवों का दौरा करते हुए महत्वपूर्ण संस्थानों के बारे में जानकारियां प्राप्त की। भौडंसी के ग्राम घामडौज, अलीपुर हरियहेड़ा, गढ़ी वजीरपुर, महेन्द्र वाड़ा के इलाके में फ्लैग मार्च किया। मंगलवार को गृह मंत्रालय, महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की गाइडलाइन्स एवं राकेश कुमार, कमाण्डेन्ट 194 रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने खंड के गांवों का दौरा किया।

यह दौरा निर्देशानुसार सहायक कमाण्डेंट प्रहलाद राम के नेतृत्व में बी/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा परिचित अभ्यास के क्रम में मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त, नवीन सिन्धु. (ह.पु.से) सोहना, गुरुग्राम, पुलिस थाना सदर सोहना प्रभारी निरीक्षक जय सिंह, पुलिस थाना शहर सोहना निरीक्षक उमेश कुमार एवं थाना भौडंसी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान टीम के अभ्यास के महत्व के बारे में चर्चा की।

पुलिस थाना शहर सोहना, पुलिस थाना सदर सोहना एवं थाना भोंडसी क्षेत्र के भौगोलिक इलाकों से परिचित हुए और मत्वपूर्ण संस्थानों के बारे में जानकारियां प्राप्त की। अभ्यास के दौरान भौडंसी के ग्राम घामडोज, अलीपुर हरियहेड़ा, गढ़ी वजीरपुर, महेन्द्र वाड़ा के इलाके में फ्लैग मार्च किया। पुलिस थाना के ग्रामीणों से भी वार्तालाप कर आपसी सांमजस्य के बारे में चर्चा की। सहायक कमाण्डेंट प्रहलाद राम ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य गुरुग्राम जिले के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करना तथा यहां के भौगोलिक इलाके से भौतिक रूप से परिचित होना है। पुलिस और आमजन के बीच सामंजस्य स्थापित करना है। ताकि भविष्य में कभी भी कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु हमे तैनात किया जाए तो शीघ्र आतिशिघ्र तैनात होकर स्थिति पर नियंत्रण किया जा सके। इस परिचित अभ्यास के दौरान सहायक कमाण्डेंट प्रहलाद राम, निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, निरीक्षक सनीश कुमार, निरीक्षक अनुज त्यागी पुलिस थाना सदर सोहना प्रभारी निरीक्षक जय सिंह, पुलिस थाना शहर सोहना निरीक्षक उमेश कुमार एवं थाना भौडंसी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह और बी/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून एवं पुलिस के जवानों ने भाग लिया।

# 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए करतार सिंह का बलिदान अविस्मरणीय: नवीन गोयल

### सेना की ओर से मुक्ति वाहिनी में शामिल थे हवलदार करतार सिंह कटारिया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुड़गांव गांव में शहीद करतार सिंह कटारिया को श्रद्धांजलि देते नवीन गोयल व परिजन।

**भारत**-पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के नायक रहे शहीद हवलदार करतार सिंह कटारिया की 51वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को उनके पैतृक ग्राम गुड़गांव गांव में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल समेत पूर्व सैनिकों, समाजसेवियों ने शिरकत की। इस दौरान रामायण पाठ कराकर हवन-यज्ञ भी किया गया।

हवलदार करतार सिंह कटारिया सेकेंड जाट रेजीमेंट में तैनात थे। भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध से पूर्व भारतीय सेना की मुक्ति वाहिनी टीम का गठन किया गया था। इसमें हवलदार करतार सिंह को भी शामिल किया गया। एक नवम्बर 1971 को पाकिस्तान के साथ युद्ध में वीरता के साथ लड़ते हुए हवलदार करतार सिंह ने देश के लिए शहादत दी थी। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती सरती देवी व एक बेटी समेत पांच बच्चों को छोड़ गए थे। बड़ी बेटी निर्मला, बेटा कुलदीप कटारिया, बलजीत कटारिया, प्रदीप कटारिया और अमरजीत सिंह कटारिया जब बचपन के दौर से गुजर रहे थे तो पिता का साया उनके सिर से उठ गया। मात्र 30 साल की उम्र में श्रीमती सरती देवी का पति से साथ छूट गया। बच्चों का लालन-पालन उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। फिर भी हिम्मत करके उन्होंने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाई। उनकी मेहनत से परिवार को मजबूती मिली। अपने बच्चों को उन्होंने जीवन के पथ पर आगे बढ़ाया। उनका एक बेटा अमरजीत कटारिया सेना में भर्ती हुआ। सेना में 22 साल की सेवाएं देने के बाद उन्होंने स्वेच्छा से सेवानिवृति देकर दिल्ली सरकार में नॉन टीचिंग की नौकरी ज्वाइन की।

**वर्ष 2011 में उनके नाम से सड़क का नामकरण किया** : शहीद हवलदार करतार सिंह कटारिया के नाम से गुड़गांव गांव में फायर स्टेशन के सामने की सड़क का उनके नाम से नामकरण किया। समारोह में पहुंचे पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के समक्ष ग्रामीणों की ओर से सामूहिक मांग रखी गई कि गुड़गांव गांव के जितने भी शहीद हुए हैं, उनके सबके नाम से सामूहिक गौरव पट्ट, स्मारक का निर्माण कराया जाए। नवीन गोयल ने आश्वस्त किया कि गांव की इस मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर इस कार्य के वे सकारात्मक प्रयास करेंगे। श्रद्धांजलि सभा में शहीद हवलदार करतार सिंह कटारिया के छोटे भाई सुंदर कटारिया, सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कटारिया, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल, सेवानिवृत सूबेदार कर्मबीर, मनोज गर्ग, अश्वनी, धर्मेंद्र, मुकेश, कृष्ण, सेवानिवृत प्रिंसिपल महा सिंह, सेवानिवृत प्रिंसिपल जगदीश सिंह ढिल्लो, सेवानिवृत प्रो. श्याम सिंह, सेवानिवृत सूबेदार करतार सिंह सैनी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# सपने देखने के साथ स्वप्न साकार करने वाला भी हों नेता : धनखड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


### अगला दशक हो हरियाणा का विषय पर धनखड़ ने की वर्चुअल मीटिंग

### भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को दिया हम करेंगे, अब करेंगे, सब करेंगे का मूल मंत्र

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि आने वाला कल उनका होगा जो कल की योजना बनाते हैं। जो आगामी योजना बनाते हैं आने वाला समय भी उनका ही होगा, जो पहल करता है लीडर वहीं होता है। यह बात उन्होंने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के युवाओं को हरियाणा की प्रगति का आगामी दशक कैसा होगा-विषय पर वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ऑनलाइन जुड़े सभी युवा कार्यकर्ताओं से बारी-बारी उनके विचार भी जाने।

उन्होंने कहा कि आगामी दस वर्षों में जो युवा मोर्चा है, वही भविष्य की भारतीय जनता पार्टी होगी। पार्टी अध्यक्ष ने युवाओं को हम करेंगे, अब करेंगे, तब करेंगे का मूल मंत्र देते हुए कहा कि सपने ही प्रगति की राह होते हैं। लीडरशिप सदैव पहल करती है। कल के बारे में सोचना, श्रेष्ठ हरियाणा बनाना चाहते हो तो योजनाएं बनाओ। धनखड़ ने कहा कि आने वाले कल के बारे में सोचना और भविष्य को सुनहरी बनाना चाहते हो तो अभी से योजनाएं बनाना शुरू कर दो। जिनके पास सपने होते हैं, उनको ही लोग फॉलो करते हैं। पूरी दुनिया प्रगतिगामी व विकासगामी है, जो दृष्टा होता है वहीं सृष्टा भी होता है। कुछ सिर्फ दृष्टा होते हैं तो कुछ सृष्टा होते हैं, लेकिन कुछ दोनों ही होते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि आगे की राजनीति युवा विंग को करनी है। आप लोगों में से ही जनप्रतिनिधि बनेंगे। तब हमारा विजन उस समय हमारे काम आएगा। उन्होंने युवाओं को बताया कि सामान्य दो बातें हमारे सामने आती है। पहली कि हमारी मजबूती क्या हैं और हमारी चुनौतियां क्या हैं। सैनिकों का जिक्र करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आर्मी में हरियाणा के युवाओं की भागीदारी 10 प्रतिशत है, लेकिन बलिदान देने में 25 प्रतिशत हैं। खेलों के मामले में हम 25 प्रतिशत हैं लेकिन मेडल लाने में 50 प्रतिशत है। प्राचीन ज्ञान के मामले में हमारी विचारधारा काफी उंची है। जहां ज्ञान है वहां विज्ञान है। कार निमातज़ में हरियाणा, हर दूसरी कार हरियाणा में बनती है। वहीं ट्रैक्टर तथा बाइक हम लीडर हैं। औद्योगिक क्षेत्र में, इनकम में काफी आगे हैं। हमने अपनी पहचान बनाई है।




भाजपा कार्यकर्ताओं से वर्चुअल रूबरू होते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

# आंकड़ों की बाजीगरी से कर रहे डेंगू, मलेरिया पर नियंत्रण

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में बुखार और डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पतालों में एक-एक बिस्तर पर दो-दो मरीज है। वहीं बीके अस्पताल के बच्चा वार्ड में तो एक कमरे में चार-चार डेंगू के मरीज भर्ती हैं, लेकिन आंकड़ों में इस साल फरीदाबाद में डेंगू का प्रकोप काफी कम देखने को मिल रहा है।

पिछले साल की तुलना में इस साल अभी तक मिले मरीजों की संख्या काफी कम है। स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक शहर में डेंगू के केवल सात मरीज मिलने की पुष्टि की है। सातों मरीजों को स्वास्थ्य विभाग ने स्वस्थ घोषित कर दिया है।

### डेंगू के आंकड़ों के मुताबिक सात हुए ठीक, बीके में चार मिले भर्ती

जिले में डेंगू का आंकड़ा कागजों में मात्र सात और मलेरिया के मात्र तीन मरीज ही शामिल हैं। लेकिन शहर में चारों तरफ मच्छरों का प्रकोप है, जिससे जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, इसका पता अस्पताल में देखने पर चला। बीके अस्पताल में एक-एक बिस्तर पर जहां दो-दो मरीज है, वहीं बच्चा वार्ड में लगातार डेंगू पॉजिटिव मरीज आ रहे है। इस बात की पुष्टि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विष्णु कांत ने की। उन्होंने बताया कि फिलहाल डेंगू, सांस लेने में दिक्कत के मरीज अधिक आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल बच्चा वार्ड में चार डेंगू के मरीज भर्ती हैं।


बीके अस्पताल के वार्ड में भर्ती डेंगू पॉजिटिव बच्चों का इलाज करते डॉ. विष्णु कांत

**आंकड़े में कम :** जहां एक तरफ पिछले साल डेंगू के काफी मरीज सामने आए थे। अस्पतालों में बैड की भी दिक्कत देखने को मिली थी।

**पिछले कुछ सालों में मिले डेंगू के मरीज**

| साल | मरीजों की संख्या |
|---|---|
| 2022 | 7 अभी तक |
| 2021 | 347 |
| 2020 | 32 |
| 2019 | 65 |
| 2018 | 153 |
| 2017 | 107 |
| 2015 | 1411 |
| 2014 | 44 |

स्वास्थ्य विभाग ने पिछले साल फरीदाबाद में डेंगू के 347 मरीज मिलने की पुष्टि की थी। लेकिन इस बार डेंगू के सात मरीजों की पुष्टि की गई है, लेकिन निजी और सरकारी अस्पतालों में डेंगू के मरीजों की संख्या अधिक सामने आ रही है।

**अधिकारी का कथन :** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ रामभगत ने बताया कि हम डेंगू के मरीजों पर नजर बनाए हुए हैं। अभी तक केवल सात ही मरीज मिले हैं। उन्होंने बताया कि इस साल मच्छर भी थोड़े कम हैं, जिसके चलते डेंगू के केस कम आ रहे हैं। निजी अस्पतालों में डेंगू के जो भी संदिग्ध मामले आते हैं, उनके सैंपल हमारे पास भी आते हैं। उनकी जांच कराने के बाद ही डेंगू की पुष्टि की जाती है। ठंड बढ़ने से डेंगू का मच्छर मर जाता है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी राहत बनी रहेगी।

# देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बना फरीदाबाद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**छह** दिनों में एयर क्वालिटी इंडेक्स पाबंदी और ग्रेप स्टेप-तीन लागू होने के बाद भी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक मंगलवार को शहर का एक्यूआई 403 दर्ज किया गया। जिस कारण मंगलवार को फरीदाबाद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रीजनल ऑफिसर स्मृति ने बताया कि हवा की गति पूरी तरह से थमी हुई है, जिससे चलते एयर क्वालिटी इंडेक्स में इजाफा हो रहा है। हमारी टीमें अलग-अलग क्षेत्र में लगातार निरीक्षण कर रही हैं।

दीवाली के बाद से लगातार शहर की हवा जहरीली हो रही है। मंगलवार को तो शहर का क्वालिटी इंडेक्स इतना गंभीर श्रेणी में पहुंच गया कि देश में दिल्ली के बाद

### पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहा है एयर क्वालिटी इंडेक्स

फरीदाबाद दूसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। छठ पूजा के बाद केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार मंगलवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 403 दर्ज किया गया। अभी तक एक्यूआई 400 तक ही पहुंचा था, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है, लेकिन मंगलवार यह इससे अधिक होकर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। मंगलवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से देश भर के 170 शहरों का एयर बुलेटिन जारी किया गया। इसके तहत फरीदाबाद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। पहले स्थान पर दिल्ली का रहा। अलग - अलग क्षेत्रों की बात करें मंगलवार को एनआईटी क्षेत्र सबसे प्रदूषित रहा। यहां का एक्यूआई 440 दर्ज किया गया। सेक्टर 16 ए क्षेत्र में 438, सेक्टर 11 क्षेत्र में 433 व सेक्टर 30 क्षेत्र में 302 एक्यूआई दर्ज किया गया। इन दिनों हवा की गति पूरी तरह से थमी हुई है। ऐसे में प्रदूषित कण एक जगह पर बने हुए हैं। ऐसे में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से सांस रोगियों व फेफड़ों के मरीजों को दिक्कत हो रही है। वहीं, अस्पतालों की ओपीडी में गले में खराश व खांसी के मरीज बढ़ रहे हैं। एकॉर्ड अस्पताल के डॉ प्रबल रॉय ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से ओपीडी में गले में खराश व खांसी के मरीजों की संख्या लगभग दोगुना हो गई है। प्रदूषण से बचाव के लिए लोग मास्क का इस्तेमाल करें, सुबह व शाम से समय घरों से बाहर निकलने से परहेज करें, खूब पानी पिएं व अपनी दवाएं नियमित रूप से लेते रहें।


मेट्रो मोड फरीदाबाद से गुरूग्राम जाने वाले रास्ते का धुंधभरा नजारा।

# सीएम फ्लाइंग की टीम ने किया अवैध हुक्का बार का पर्दाफाश

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि थाना खेड़ी पुल एरिया में एक अवैध रूप से हुक्का बार चलाया जा रहा है, जहां पर नोजवान कड़के लड़कियां प्रतिबंधित फ्लेवर हुक्का का सेवन करते हैं, जो गलत है। इस सूचना के सम्बंध में राजेश कुमार उप निरीक्षक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से अमोलिक चौक के निकट फ्लेम दा कैफे हुक्का बार पर छापा मारा। इस हुक्का बार को हर्ष कुमार पुत्र विनोद कुमार द्वारा चलाया जा रहा था। इस हुक्का बार कैफे में मौका पर 18 लड़के व 8 लड़कियां प्रतिबंधित फ्लेवर हुक्का का सेवन करते हुए पाये गए। इस सम्बंध में ज्ञात हुआ कि इस हुक्का बार में लड़के-लड़कियों को जन्मदिन पार्टी के उपलक्ष्य में फ्लेवर हुक्का पिलाकर युवा जनरेशन को नशे की लत में डाला जा रहा था। आरोपी के खिलाफ थाना खेड़ीपुल फरीदाबाद में अभियोग अंकित किया जा रहा है।


नहर पार अमोलिक चौक स्थित फ्लेम दा कैफ हुक्का बार पर छापा मारते मुख्य मंत्री उडन दस्ता और पुलिस अधिकारी।

# भाजपा कर रही क्षेत्र विकास एवं सौंदर्यीकरण : त्रिखा


शिव दुर्गा बिहार में लक्कड़पुर में इंटर लाकिंग टाइल लगाने के कार्य का शुभारंभ करतीं बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा।

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सीमा त्रिखा ने मंगलवार को शिव दुर्गा विहार लक्कड़पुर में 58.00 लाख की लागत से बनने वाली इंटरलॉकिंग टाइल रोड कार्य का उद्घाटन स्थानीय निवासियों द्वारा कराया।

आपको बता दे कि रोड का निर्माण कार्य ई ब्लॉक से देवेन्द्र के घर तक होगा। जो की सूरज कुंड रोड को जोड़ता है, वहीं डी ब्लॉक से एफ 1 के मैन रोड तक तथा डी ब्लॉक से डी 2 ब्लॉक तक होगा। इस अवसर पर विधायिका सीमा त्रिखा ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्य के पूरा होने से यहां रहने वाले तथा यहां से गुजरने वाले हजारो लोगो का जीवन सुगम होगा। फरीदाबाद के विकास में भी उन्नति होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कार्य कर रही है। पूरे प्रदेश में एक समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में सुधारीकरण के लिए बुनियादी रूप से कार्य किए जा रहे हैं। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में बड़खल झील का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही बड़खल झील भरने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बड़खल झील को भरने से फरीदाबाद को एक नया स्वरूप मिलेगा। जो ऐतिहासिक बडखल झील कभी पूरे भारतवर्ष के लोगों का आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थी।

# ट्यूबवैल लगाने के कार्य का जजपा नेता ने किया शुभारंभ

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड नम्बर-22 के अन्तर्गत श्रद्धानंद कालोनी गुरूकुल में जिला प्लान के तहत 9 लाख 90 हजार की लागत से चार ट्यूबवैल लगाने के निर्माण कार्य का आज वरिष्ठ जजपा नेता प्रेम कृष्ण आर्य के सहयोग से भावना आशीष आर्य द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रेम कृष्ण आर्य ने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास करवा रहें हैं। बड़खल क्षेत्र के वार्ड नम्बर-22 में मूलभूत सुविधाओं का काफी अभाव है। जिसे देखते हुए उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्रीचौटाला से इस ग्रांट की मांग की थी। जिसे उन्होंने स्वीकार कर दिया। इस क्षेत्र में इतने बडी ग्रांट मिलने से यहां के निवासियों में काफी उत्साह है।

इस अवसर पर वार्ड नम्बर 22 से भावना आशीष आर्य, श्वेता शर्मा ने बताया कि जल्द से जल्द चार ट्यूबवैल जनता को समर्पित किए जाएगें। इन ट्यूबवैलों के लगने के बाद वार्ड नम्बर-22 में पेयजल किल्लत का निदान हो जाएगा।

# सेक्टर-22 बूस्टर तक रेनीवेल का पानी पहुंचा

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज मंगलवार को हरियाणा के 57वें जन्मोत्सव के मौके पर सेक्टर-22 स्थित मछली मार्केट में बने हुए बूस्टर तक पानी पहुंचाने का अपना जनता से किया वादा पूरा कर दिया है। इस इलाके में करीब 20 साल से चली आ रही पीने के पानी की समस्या को अब भाजपा राज में खत्म करने का काम किया है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के दिशा निर्देशों के अनुसार फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा बूस्टर तक पानी की सप्लाई शुरू कर दी है। अब जल्द ही हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कर कमलों द्वारा यहां से हर घर जल पहुंचाने के लिए बूस्टर का बटन दबाकर इस शुभ कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि करीब 20 साल से इस इलाके में पीने के पानी की समस्या थी। जिसके लिए उन्होंने रेनीवेल योजना के तहत लोगों को पानी देने का वादा किया था। जो आज लगभग पूरा हो गया है। रेनी वेल योजना का पानी बूस्टर तक पहुंच गया है। जिससे अब जल्द ही घर-घर पानी पहुंचना शुरू हो जाएगा।



जिसकी शुरुआत प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। उन्होंने आगे बताया की इस बूस्टर से सेक्टर- 22, सैक्टर-23, संजय कॉलोनी, ईस्ट इंडिया कॉलोनी, जनता कालोनी, आटो पिन सहित इस इलाके के लोगो को हर रोज मीठा पानी मिलना शुरू हो जाएगा। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने लोगों को हरियाणा के 57वें दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ प्रदेश में बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वे जो कहते हैं वह उसे हमेशा पूरा करने के लिए संकल्पत रहते हैं।

# बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर का ट्राली बैग चोरी

**फरीदाबाद।** चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। इसी कड़ी में चोरों ने पंजाब मेल में सफर कर रहे बीएसएफ के सबइंस्पेक्टर का ट्राली बैग चोरी कर लिया। जिसमें उनमें वर्दी व नकदी रखी हुई थी। जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक ट्रेनों में चोरी व झपटमारी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। चलते चोरों ने पंजाब मेल में सफर कर रहे बीएसएफ के सबइंस्पेक्टर का ट्राली बैग चोरी कर लिय। सब इंस्पेक्टर का नाम राम नरेश है, जो मूल रूप से देवघुषि सोसायटी वडोदरा के रहने वाले हैं, जो की वर्तमान में बीएसएफ आर्मी रेजिमेंट फरीदकोट पंजाब में रहते हैं। वह तीन अक्टूबर को शासकीय कार्य से जबलपुर आने के लिए पंजाब मेल के कोच ए-वन बर्थ नंबर 31 पर बैठे हुए थे। वह फरीदकोट रेलवे स्टेशन से ग्वालियर तक की यात्रा कर रहे थे। वह अपना ट्राली बैग सीट के नीचे रख कर सो गए। चार अक्टूबर को सुबह छह बजे करीब जब ट्रेन फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से चली, उसके पांच मिनट बाद तो ट्राली बैग गायब मिला।

# इंसोनियत की रसोई में मिलेगा दस रुपये में खाना

### केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सिविल हॉस्पिटल में इंसोनियत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित रसोई का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज फरीदाबाद के सिविल हॉस्पिटल में इंसोनियत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित शुद्ध रसोई का उद्घाटन किया। जहां पर इंसोनियत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा द्वारा मात्र 10 रुपये में भरपेट खाना दिये जाने से उन गरीब व्यक्तियों भोजन उपलब्ध हो पायेगा। जो सिविल अस्पताल में किसी मरीज के साथ आते है और वह लोग जो कभी कभी पैसे की आर्थिक तंगी के कारण भूखे पेट भी सो जाते है।


सिविल अस्पताल में इंसोनियत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुद्ध रसोई का उद्घाटन करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा और मुख्य मंत्री के राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़ व अन्य।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने हरियाणा वासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए, कहाकि आज इंसोनियत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रसोई के रूप में एक शुरूआत उन लोगों के लिए कि गई है जिनके पास खाने के साधन और सुविधाएं नहीं है। उन सबके लिए मात्र रुपये 10 में खाने की व्यवस्था की गई है और अगर किसी के पास मजबूरी में कभी पैसे नही भी हो तो वह व्यक्ति नि:शुल्क भी खाना खा सकते है। भूखे व्यक्ति को भोजन देना इस से बढ़कर नेक कार्य कोई नहीं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि हमारे भारत देश में कोई भूखा ना रहे कोई बिना वस्त्र के बिना छत के न रहे और समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का भी उत्थान हो उनको भी यह सभी सुविधाएं मिले उस सपने को देश में मान्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी साकार कर रहे हैं और उनका सहयोग कर रही हैं स्वयंसेवी संस्था और ट्रस्ट जो सरकार के दिखाए हुए मार्ग का अनुसरण करके ऐसा नेक कार्य शुरू कर रही है। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जिसे मुफ्त में खाना चाहिए। हमारे भारत देश का हर व्यक्ति बहुत इस स्वाभिमानी है उसे मुफ्त का कुछ भी नहीं चाहिए वह भूखा मर सकता है लेकिन मुफ्त में कभी नहीं खा सकता। इंसान की कभी कभी मजबूरी हो जाती है इसलिए ऐसे लोगों के लिए आज यह व्यवस्था इंसोनियत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा की गई है।

मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़ ने कहाकि जरुरतमंद को समय पर भोजन मिले ऐसी सोच हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की भी है। जिन्होंने पहले दिन से ही समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को लेकर सरकार के अंदर कार्य किया है। सही मायने में हरियाणा के अंदर व्यवस्था परिवर्तन का कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुरू किया है जिससे हरियाणा विकास में आया है। संस्था ने जो नेक कार्य शुरू किया है उसके लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बधाई के हकदार है।

# मीडिया के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार, ऐनिमेशन तथा मल्टीमीडिया एवं सोशल वर्क के विद्यार्थियों के लिए, बुधवार, 2 नवंबर को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि मीडिया विभाग हर वर्ष अपने नए छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन करता है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में नेटवर्क 18 के वरिष्ठ संपादक तथा ऐंकर अमन चोपड़ा तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रेसिडेंट एवं मीडिया डायरेक्टर उमेश उपाध्याय तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर छात्रों को संबोधित करेंगे।

### पत्रकारिता-जनसंचार, ऐनिमेशन, मल्टीमीडिया एवं सोशल वर्क के विशेषज्ञ छात्रों से होंगे रुबरू

**मीडिया की बारीकियां पर होंगी चर्चा:** इस अवसर पर मीडिया विद्यार्थियों के लिए दो विशेष मास्टर क्लास का भी आयोजन किया जा रहा है। पहली मास्टर क्लास में जी न्यूज के एसोसिएट एडिटर अमित प्रकाश तथा टाइम्स नाउ की सीनियर नैना यादव तथा दूसरी मास्टर क्लास में विज्ञापन एवम् जनसम्पर्क विशेषज्ञ फोकस कम्युनिकेशन के डायरेक्टर सुभाष सूद पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्रों से संवाद करेंगे।

**विशेषज्ञ समझाएंगे समाज कार्य का मर्म:** लाड़ली फाउंडेशनट्रस्ट के फाउंडर और सीईओ देवेन्द्र कुमार गुप्ता सोशल वर्क के विद्यार्थियों से रुबरू होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अलायंस क्लब जागृति ने किया कंबल वितरण



**फरीदाबाद।** दिवाली एवं सर्दी का साथ दामन चौली का साथ कहलाता है। जैसे ही दिवाली आती है सर्दी भी दस्तक देने लगती है, हालांकि दिवाली पर सर्दी चुभने वाली नही होती मगर बुजुर्गों के लिए यह सर्दी सर्दी होती है। खासकर उन बुजुर्गों के लिए, जो अपने घर पर न रह कर अपने परिवार से दूर वृद्ध आश्रम में रहते हैं। वहां उनका ख्याल शायद घर जैसा ना हो यह दर्द अलायंस क्लब इंटरनैशनल जागृति डिस्ट्रिक्ट 150 फरीदाबाद ने जाना। अलायंस क्लब इंटरनैशनल जागृति समय समय पर काफी तरह के सेवा के कार्य करते है। क्लब की इस मीटिंग मे फैसला किया गया क्यों ना इस बार वृद्ध आश्रम में जाकर सर्दी आने से पहले ही बुजुर्गों को कम्बल वितरित किए जाए। सोमवार को क्लब की प्रधान अलाय उषा गोयल, सचिव मनीषा मंगला एव सह सचिव शिवांगी कौशिक अपने सभी सदस्यो के साथ वानप्रस्थ वृद्ध सेवा सदन सैक्टर 28 फरीदाबाद मे पहुंच गई। उनका साथ अलाय साधना अग्रवाल, माया अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, कौशल गोयल, सुनीता गुप्ता एव अनू जैन ने दिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अलाय संगीता जैन ने भी सभी सदस्यों की हौसला अफजाई की। वृद्ध आश्रम के सभी सदस्य क्लब की भारी-भरकम टीम को देखकर बहुत खुश हुए। एक वृद्ध ने कहा बेटा तुम हमसे मिलने आश्रम पर आते हो, आशीर्वाद मांगते हो हमें आप अपनों से भी ज्यादा करीब लगते हो। क्लब की सभी सदस्य वृद्ध मेम्बर से मिले। उन्हें कम्बल से सम्मानित किया। वृद्ध आश्रम में गाय भी रखी हुई है। उनके चारे के लिए रुपये दिए। खुशी-खुशी अपने घर रवाना हुए।

### व्यक्ति की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सराय रेलवे फाटक के समीप राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने एक अक्टूबर को मृत मिले महिपाल की हत्या के मुख्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिपाल की हत्या के आरोप में एक महिला समेत अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जीआरपी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपित राजा को पल्ला से पकड़ लिया गया है। पुलिस रिमांड में महिपाल की हत्या कबूल की है। उन्होंने बताया कि इससे पहले हत्या में शामिल रितु नाम की महिला को 20 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। जीआरपी को सराय रेलवे फाटक पास एक अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति मृत मिला था। उसके हाथ पर महिपाल गुदा हुआ था। तब शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखने के बाद पहचान के लिए गुरुग्राम सहित विभिन्न जिलों की पुलिस से संपर्क किया था। जांच में पता चला कि डीएलएफ फेज-1 थाने में संगम विहार दिल्ली निवासी महिपाल की गुमशुदगी का मामला उसके स्वजन ने दर्ज करवाया था। जीआरपी ने मृतक महिपाल के स्वजन से संपर्क किया और शव की पहचान कराई। पुलिस ने काल डिटेल के आधार पर 20 अक्टूबर को संगम विहार में ही रहने वाली रितु नाम की महिला को पकड़ा था। उसने पुलिस को बताया कि महिपाल ने पांच वर्ष पहले पल्ला निवासी राजा की पत्नी रेनू को अपने प्रेम जाल में फंसा कर विवाह कर लिया। राजा मृतक महिपाल से रंजिश रखने लगा। राजा ने रितु के जरिये महिपाल को 30 सितंबर की रात पल्ला रहने के लिए बुलाया था। महिपाल के घर में प्रवेश करने के साथ राजा व उसके एक अन्य साथ महिपाल को दबोच लिया और हत्या कर दी। हत्या करने के बाद देर रात शव को सराय रेलवे फाटक के पास फेंक दिया।

### मानव रचना ने इंडोनेशिया की सीपीके से साझेदारी की

**फरीदाबाद।** फिजियोथेरेपी विभाग, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय (एफएएचएस), मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज और कहाया पद्मा कुमारा फाउंडेशन इंडोनेशिया (सीपीके) ने स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी में फेलोशिप प्रोग्राम को अनुसंधान और शैक्षणिक सहयोग से बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रस्तावित फेलोशिप प्रोग्राम पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा का मिश्रण होगा, और स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नए कौशल, ज्ञान और महत्वपूर्ण सोच के निर्माण के लिए फिजियोथेरेपिस्ट को एक अवसर प्रदान करेगा। यह उन्हें पुनर्वसन प्रोटोकॉल के डिजाइन में भी मदद करेगा। यह फिजियोथेरेपिस्ट को न केवल एथलीट केयर, बल्कि दिन-प्रतिदिन के क्षेत्र के संचालन के बारे में एक सर्वांगीण दृष्टिकोण विकसित करने में भी सहायता करेगा। प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों को साक्ष्य-आधारित अभ्यास के आजीवन पालन को बढ़ावा देने के लिए अत्यधिक कुशल महत्वपूर्ण विचारक बनने के लिए तैयार करना है। डॉ. संजय श्रीवास्तव, वीसी, एमआरआईआईआरएस, आरके अरोड़ा, रजिस्ट्रार, एमआरआईआईआरएस; प्रो जी एल खन्ना, पीवीसी, एमआरआईआईआरएस; प्रो. एम. रिज़वी, डीन, एफएएचएस, डॉ. नितेश मल्होत्रा, विभागाध्यक्ष, फिजियोथेरेपी; डॉ दिव्या सांघी, विभागाध्यक्ष, पोषण और आहार विज्ञान; डॉ. इमाम वालुयो, संस्थापक-कहाया पद्मा कुमारा फाउंडेशन और पॉलिटेक्निक के लिए टीम के समन्वयक, और डॉ जोसेफ, अध्यक्ष, कहाया पद्मा कुमारा फाउंडेशन की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। डॉ मुहम्मद अरस्यद सुबू, असिस्टेंट प्रो., स्वास्थ्य विज्ञान कॉलेज, शारजाह विश्वविद्यालय ने छात्रों के मानसिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। फेलोशिप प्रोग्राम 6 महीने की अवधि के लिए आयोजित किया जाएगा और आंशिक रूप से भारत और अन्य देशों के छात्रों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। कहाया पद्मा कुमारा फाउंडेशन और मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज संयुक्त रूप से अकादमिक डिलीवरी करेंगे। इसमें एमआरआईआईआरएस के एक महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रोग्राम भी शामिल है। दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों के लिए छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक्सचेंज प्रोग्राम आयोजित करेंगे, और पारस्परिक समर्थन और सहयोग के माध्यम से संगोष्ठियों और शैक्षणिक प्रयासों, और अल्पकालिक शैक्षणिक अनुसंधान परियोजनाओं के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

### हरीश का हुआ अंडर-19 के लिए चयन



**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी हरीश भडाना का पांच नवंबर से शुरू होने वाली कूच बिहार ट्रॉफी के लिए हरियाणा अंडर-19 के लिए चयन हुआ है। हरियाणा का पहला मुकाबला आंध्र प्रदेश के खिलाफ है। हरीश को हरियाणा की टीम में बतौर आल राउंडर चयन हुआ है। वह बल्लेबाजी के अलावा दाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज भी हैं। रविंद्र फागना स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब के अध्यक्ष सतीश फागना ने हरीश को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। हरीश दो वर्ष से रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी में अभ्यास कर रहे हैं। इन्होंने सुल्तानपुर गुरुग्राम में आयोजित अभ्यास शिविर में एक मुकाबले में नौ विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था। इसके अलावा अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में पांच मैच में 14 विकेट लिए थे। हरीश पिछले वर्ष भी कूच बिहार ट्रॉफी के लिए चयनित हुए थे, लेकिन प्लेइंग-11 में शामिल नहीं हो पाए थे। इस बार हरीश की बेहतर तैयारी को देखते हुए प्लेइंग-11 में जगह मिल सकती है। हरीश के पिता हरियाणा पुलिस में बतौर एएसआइ कार्यरत हैं और सेक्टर-30 सीएसआइ में तैनात हैं। हरीश को इस मुकाम तक पहुंचाने में उनके बड़े भाई दीपक भडाना का अहम योगदान है। दीपक ने इन्हें सदैव क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया है। क्रिकेट अलावा वह ओपन से 11वीं कक्षा की पढ़ाई भी कर रहे हैं। पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं अंडर-19 हरियाणा टीम के कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि हरीश की गेंदबाजी में विविधता देखने को मिलती है और इस समय वह बहुत अच्छे फार्म में चल रहा है। यदि इसी प्रकार प्रदर्शन जारी रहता है, तो वह आने वाले समय आइपीएल भी खेल सकता है। वहीं हरीश ने बीसीसीआइ के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी, अमन शर्मा व अश्वनी शर्मा का धन्यवाद किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 2 नवम्बर, 2022



## मोरबी दुर्घटना
### लापरवाही का नतीजा

**गुजरात** के मोरबी में हुए एक दुर्घटना में कम से कम 141 लोगों की मौत हुई है। यह एक और प्रमाण है कि प्रशासन सार्वजनिक सुरक्षा को कितनी कम प्राथमिकता देता है। मोरबी की मच्छु नदी पर पिछले सात महीने से केबल पुल की मरम्मत का काम चल रहा था। 26 अक्टूबर को गुजराती नव वर्ष के दिन इसे जनता के लिए पुनः खोल दिया गया, हालांकि उसे स्थानीय अधिकारियों ने फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं दिया था। मोरबी नगरपालिका के अध्यक्ष संदीप सिंह ने मीडिया को बताया कि मरम्मत के लिए जिम्मेदार कंपनी ओरेवा ने स्थानीय अधिकारियों को सूचित किया था कि पुल के नवीनीकरण का काम पूरा हो गया है। इसके बाद एक जांच की गई थी। उनके अनुसार इसके 'अचानक' पुनः खोलने के कारण यह दुर्घटना हुई है। लेकिन इससे अनेक सवाल उठते हैं। बिना प्रशासन की जानकारी के भला कोई पुल कैसे खोला जा सकता है? यदि इसे बिना स्थानीय अधिकारियों की अनुमति के खोला भी गया था तो वे तीन-चार दिन तक इससे अनजान कैसे रहे? इसके साथ ही पुल पर भारी भीड़ एकत्र होने पर भी सवाल हैं। कुछ खबरों के अनुसार कुछ 'शैतान बच्चे' पुल की रस्सियां हिला रहे थे जो पहले ही पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया था। वास्तव में लोगों को पुल का प्रयोग करने के लिए भुगतान करना होता था। ओरेवा के प्रबंध निदेशक जयसुखभाई पटेल ने मीडिया को बताया कि कंपनी 'पुल की मजबूती पर बहुत ज्यादा जोर नहीं देना चाहती थी।' उन्होंने कहा कि इसीलिए प्रवेश पर



भुगतान तथा भीड़ को सीमित रखने का निर्णय किया गया था। लेकिन संभवतः उनकी कंपनी अपनी यह भूमिका निभाने में विफल रही।

वास्तव में पुल की मरम्मत का काम ओरेवा को देना भी आश्चर्यजनक है। ओरेवा ग्रुप घरेलू व बिजली के उपकरण, दीवाल घड़ियां, कैल्कुलेटर, सीरेमिक उत्पाद, ई-बाइक आदि बनाने में विशेषज्ञ है। वह लोकप्रिय अजंता व ओरपेट ब्रांडों का स्वामी है। लेकिन उसने ढांचागत निर्माण तथा निर्माण कार्य में कभी विशेषज्ञता नहीं दिखाई है। इसलिए सवाल है कि उसे पुल की मरम्मत तथा उसके प्रयोग के लिए टिकट से धन वसूलने का काम कैसे दिया गया? बताया जाता है कि पुल खोलने का काम 8-12 महीनों में होना था, फिर इसे जल्दी से सात महीने में ही क्यों खोल दिया गया और वह भी बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के? क्या कंपनी ने अपने लालच के कारण उसे जल्दी खोला? इन तथा अन्य सवालों के जवाब केवल समुचित जांच के बाद ही मिल सकते हैं। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने मामले की जांच के लिए पांच सदस्यों की उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने की घोषणा की है तथा एक आपराधिक मामला भी दर्ज किया गया है। यह मामला बिना इरादा हत्या करने के आरोप में दर्ज किया गया है तथा नौ आरोपियों से पूछताछ हो रही है। पुलिस ने दो ओरेवा प्रबंधकों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐसी त्रासदी का राजनीतिकरण अक्षम्य अपराध है। यह प्रशासनिक चूक है जिसके लिए जिम्मेदार लोगों को अपराधी मानते हुए कठोरतम दंड यथाशीघ्र दिया जाना चाहिए। साथ ही उन बिंदुओं को भी रेखांकित किया जाए जिनसे सबक लेकर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।

# समावेशी व आत्मनिर्भर हरियाणा

**हरियाणा ने पिछले आठ सालों के दौरान सर्व-समावेशी विकास किया है। दूसरे प्रदेशों को इसका अनुसरण करना चाहिए।**



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक, हरियाणा के राज्यपाल हैं)



हरियाणा के लिए अपनी भावनायें व विचार साझा करने के लिए मेरे पास 1 नवंबर से अच्छा कोई दिन नहीं हो सकता है। 1 नवंबर हरियाणा दिवस है और मैं इस सुंदर राज्य की जनता को अपनी हार्दिक बधाइयां व शुभकामनायें प्रेषित करता हूं। यह सांस्कृतिक रूप से अत्यन्त समृद्ध एवं विविधतापूर्ण प्रदेश है। राज्य में सभी प्रकार के लोगों के बीच मित्रता की भावना बहुत मजबूत व जीवन्त है। 15 जुलाई, 2021 को मैंने हरियाणा के 18वें राज्यपाल की शपथ ली थी। आज मेरा राज्य और उसके लोगों से भावनात्मक लगाव हो गया है जो मित्रतापूर्ण, विनम्र, जमीनी, सरल तथा स्पष्टवादी हैं। श्रीमद्भगवद्गीता का महान पवित्र संदेश भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र में महाभारत युद्ध के समय दिया था। मैं अनेक बार कुरुक्षेत्र जा चुका हूं।

ब्रह्म सरोवर पर 'आरती' में भाग लेने के समय मुझे दैवी अनुभूति का अनुभव हुआ। मुझे काठगढ़ के उत्तर में स्थित आदि बद्री जाकर बहुत आनन्द मिल जो उत्तरी यमुनानगर जिली में सिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में स्थित है। सरस्वती नदी यहीं से निकलती है। महान गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रभामंडल, स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की वीरता तथा सर छोटू राम की दूरदृष्टि ने भी हरियाणा को अभूतपूर्व अवसर दिए। शानदार अरावली व शिवालिक पर्वत श्रृंखलायें राज्य की सुंदरता व महानता में वृद्धि करती हैं। इसके साथ ही जनता में शांति व भाईचारे के माहौल में एकसाथ प्रगति करने की इच्छा भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। जनता में डेरी बिजनेस, खेल व परंपरागत गीत बहुत लोकप्रिय हैं तथा यहां का खानपान अपने आप में बहुत खास है।

मुझे इस बात से जरा भी आश्चर्य नहीं हुआ कि अनेक आयामों में हरियाणा व तेलंगाना एक दूसरे के बहुत निकट हैं। दोनों की सांस्कृतिक सोच, कला एवं दस्तकारी तथा खानपान में उल्लेखनीय समरूपता है। इससे हमें अचानक 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की शक्ति का अनुभव होता है। तेलंगाना की तरह हरियाणा की संस्कृति की जड़ें गहराई तक बहुलतावादी सोच से जुड़ी हैं।

विकास के दृष्टिकोण से देखें तो हरियाणा में बहुआयामी परिवर्तन हुए हैं। यह तेजी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित हुआ है कि कोई भी पीछे नहीं छूटना चाहिए। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, ढांचागत संरचना का उच्चीकरण तथा समाज के संकटग्रस्त तबकों के विकास तक सरकार के सभी दृष्टिकोण मुख्यमंत्री मनोहरलाल के सक्षम नेतृत्व का प्रमाण हैं। इससे जमीनी स्तर पर उल्लेखनीय बदलाव आए हैं तथा हरियाणा को जीवन्त, समावेशी, दृढ़ व आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में गति तेज हुई है। आज हरियाणा में देश के सभी विकसित राज्यों में सबसे अच्छी ढांचागत संरचना है। इसके वैश्विक शहर गुरुग्राम में मिश्रित भूमि प्रयोग से 1080 एकड़ से अधिक भूमि का विकास हुआ है और इसने शहरी विकास की अवधारणा को पुनः परिभाषित किया है। राज्य के शैक्षिक ढांचे का विकास देश में सर्वोत्तम है और इसने 2030 की राष्ट्रीय समयसीमा के पहले 2025 तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन का लक्ष्य रखा है। आज हरियाणा में 186 सरकारी आईटीआई हैं, जबकि 2014 में उनकी संख्या 142 थी। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में आईटीआई की संख्या 225 हो गई है, जबकि 2014 में उनकी गिनती 95 थी।

पिछले आठ साल में हरियाणा ने ऐसी परिस्थितिकी का विकास किया है जो संस्थागत स्वायत्तता को बढ़ावा देती है तथा शोध के सर्वोत्तम व उच्चतम लाभ प्राप्त कर रही है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय-एसवीएसयू को निजी संस्थानों को कौशल प्रमाणीकरण के लिए जोड़ने की अनुमति मिली है। एनईपी-2020 के अनुसार सरकार ने तय किया है कि सभी सरकारी कालेजों व विश्वविद्यालयों का 2023 तक मानकीकरण हो जाना चाहिए। इक्कीसवीं शताब्दी के कौशलों को प्रोत्साहित करने के लिए 'अटल टिंकरिंग लैब्स' की तर्ज पर स्टेम लैब्स का गठन हो रहा है जो छात्रों का परिचय 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन टेक्नोलोजी, एआई, आगुमेंटेड रियलिटी, वर्चुअल रियलिटी, ब्लाक चेन प्रबंधन, आदि से कराएंगी तथा उनमें प्रशिक्षण देंगी। आकार में छोटे होने के बावजूद आज हरियाणा में 70 सरकारी अस्पताल हैं जो प्राथमिक व द्वितीयक स्तर पर राज्य के स्वास्थ्यरक्षा ढांचे की प्रगति कर रहे हैं। राज्य में 121 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 640 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं, जबकि 2014 में उनकी संख्या 470 थी। इसके पास 2,674 उपस्वास्थ्य केन्द्रों-एसएचसी का बड़ा नेटवर्क है। 16 अप्रैल, 2022 को राज्य में कुल 1150 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्र काम कर रहे थे। इनमें से 364 ग्रामीण पीएचसी, 684 सबसेंटरों तथा 102 शहरी पीएचसी में हैं। पिछले आठ सालों में मेडिकल कालेजों की संख्या आठ से बढ़ कर बारह हो गई है तथा मेडिकल कालेजों में सीटों की संख्या 2014 में 850 से बढ़ कर 1735 हो गई है। वृद्धावस्था पेंशन को 1,000 से बढ़ा कर 2,500 कर दिया गया है। यह सरकार की वृद्धों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। वर्तमान समय में राज्य में 18 लाख वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन मिल रही है। आयुष्मान भारत व प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाभों का विस्तार 17 लाख और परिवारों तक किया गया है। इसके लिए बीपीएल परिवारों की आयसीमा को प्रति वर्ष 1.20 लाख से बढ़ा कर 1.80 लाख प्रति वर्ष कर दिया गया है। हमें महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा परिकल्पित अंत्योदय का महत्व समझना जरूरी है जिसे प्रशासन में शामिल किया गया है। गरीबों में सबसे गरीब का विकास प्रशासन के केन्द्र में रहना चाहिए। यह वास्तव में प्रशंसनीय है कि 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान अभियान' के पहले चरण में ऐसे दो लाख गरीब परिवारों की पहचान का लक्ष्य रखा गया है जिनकी आय एक लाख रुपये से कम हो। उनकी आय बढ़ा कर एक लाख करने का उद्देश्य है। इसी प्रकार 33,000 से अधिक गरीब परिवारों को स्वरोजगार के लिए अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों के तीन चरणों में ऋण पत्र वितरित करने की योजना है। इसके साथ ही किसानों का जीवन सरल बनाने के लिए 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' वेब पोर्टल शुरू किया गया है जहां रबी व खरीफ मौसमों के लिए लगभग 9 लाख किसानों का पंजीकरण किया गया है। प्रशासन के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती जनता द्वारा बिना किसी परेशानी के योजनाओं व सेवाओं का लाभ पहुंचाना होता है। अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से 547 सेवाओं व 42 विभागों की योजनाओं को आनलाइन किया गया है। 150 योजनाओं को डीबीटी पोर्टल पर अपलोड किया गया है जिनमें से 94 राज्य की योजनायें तथा 56 केन्द्र प्रायोजित योजनायें हैं। 2017 तक इनके माध्यम से कुल 29.63 करोड़ लेनदेन हुए थे जिससे लाभार्थियों के खातों में 52,374 करोड़ रुपये जमा किए गए थे। डीबीटी के माध्यम से 36.75 लाख फर्जी लाभार्थियों की पहचान भी पिछले आठ सालों में की गई है, जिससे लगभग 6,700 करोड़ रुपये की बचत हुई है। 2019-20 में हरियाणा को देश में डीबीटी मिशन के क्रियान्वयन में पहला स्थान मिला था।

राज्य में तीन बड़े बांध बनाए जा रहे हैं जिनसे हरियाणा को उनके पानी का 47 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। लगभग 14,000 तालाबों की मरम्मत की गई है। पहाड़ियों पर चेकडैम भी बनाए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर गांव के हर परिवार को टोंटियों से स्वच्छ जल सप्लाई का लक्ष्य रखा गया है।

इसके अंतर्गत पानी के 18 लाख कनेक्शन दिए जाएंगे। अभी हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 6,629 करोड़ की चार परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें 5,618 करोड़ की लागत से बनने वाले हरियाणा आर्बिटल रेल कारीडोर का शिलान्यस, 590 करोड़ की लागत से बनी सोनीपत जिले में रेल कोच रिफर्बिशिंग फैक्ट्री का उद्घाटन तथा रोहतक में 315.40 करोड़ की लागत से बने भारत के सबसे लंबे इलेवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन शामिल है। तेज व संतुलित विकास के लिए सभी पक्षों का सामूहिक प्रयास जारी रहना चाहिए। इससे राज्य की जनता को और समृद्ध बनाने में सहायता मिलेगी।

# राज्यों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए आरएसएस

> आरएसएस खुद को एक सामाजिक सांस्कृतिक संगठन के रूप में पेश नहीं कर सकता, जब वास्तव में इसके कार्यकर्ता चुनाव जिताने में मदद करते हैं।

**वीके बहुगुणा**
(लेखक, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हमेशा विभिन्न कारणों से चर्चा में रहता है। हाल ही में, एक मौलाना, जो अखिल भारतीय इमाम संगठन का प्रमुख है, एक संगठन जो कथित तौर पर पांच लाख इमाम और तीन लाख मस्जिदों का प्रतिनिधित्व करता है, इमाम उमर अहमद इलियासी, ने सरसंघचालक मोहन भागवत को 'राष्ट्र पिता' कहा। दिल्ली में मुस्लिम इलाकों और मस्जिद का दौरा करने से पहले, उन्होंने कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवियों और पूर्व सिविल सेवकों से भी संपर्क किया। यह इस डर को दूर करने का प्रयास था कि आरएसएस मुस्लिम विरोधी और अल्पसंख्यक विरोधी है और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सुलह की आवश्यकता पर जोर देने का प्रयास था। कुछ महीने पहले उन्होंने सही बयान भी दिया था कि सभी भारतीयों का डीएनए एक जैसा होता है। आरएसएस 2000 से मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने दलितों तक भी पहुंच बनाई और उन्हें जाति और वर्ण व्यवस्था को पूरी तरह से त्यागने का आह्वान किया। आरएसएस अपनी निस्वार्थ सेवा के लिए जाना जाता है। इसके हजारों प्रचारक संघ के समर्थन के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं; वे विवाह नहीं करते और अपने समर्थकों के घरों में भोजन नहीं करते। यह व्यक्तियों द्वारा राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा का एक अद्भुत अद्वितीय उदाहरण है।

आरएसएस दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों में से एक है, जिसके 5.85 लाख से अधिक सदस्य हैं और लगभग 57500 शाखाएँ भारत और विदेशों में फैली हुई हैं। ऋस्स की स्थापना 1925 में विजया दशमी के दिन युवाओं के चरित्र निर्माण पर ध्यान देने के साथ राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा करने के उद्देश्य से की गई थी। इसने अपनी गतिविधियों को हिंदू समाज और इसकी संस्कृति के समेकन पर केंद्रित किया। आरएसएस के समर्थन वाली भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है क्योंकि 2018 में इसके 18 करोड़ से अधिक सदस्य थे। पार्टी अपनी ताकत से आकर्षित करती है। आरएसएस कार्यकर्ताओं का समर्थन अन्य धर्मों में इस तरह की लामबंदी को देखते हुए लोगों का बड़ा वर्ग हिंदू केंद्रित विचारों को मजबूत करने के लिए आरएसएस का समर्थन करता है।

इसलिए, युवाओं की सोच को प्रभावित करने वाले अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति के सामाजिक परिवेश और प्रभाव को देखते हुए, आरएसएस और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों की भूमिका देश की प्रगति में महत्वपूर्ण होने जा रही है। भाजपा के प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने के बीच हमें आरएसएस से लोगों की अपेक्षाओं पर चर्चा करने की जरूरत है। समाज के सभी वर्गों के बीच सामाजिक समरसता सुनिश्चित करना और राष्ट्रविरोधी ताकतों को मजबूती से अलग-थलग करना, जिनमें से कई की जड़ें और विदेशी संबंध हैं और हमारी गलती का फायदा उठाकर दलितों/आदिवासी/ग्रामीण क्षेत्रों जैसे कमजोर वर्गों के लोगों के बीच अपना जाल फैला रहे हैं। पंक्तियाँ प्रमुख हैं। साथ ही, आरएसएस को जनसंख्या नियंत्रण के मुद्दे को उठाने की जरूरत है क्योंकि बढ़ती आबादी को बनाए रखने के लिए देश के संसाधनों की वहन क्षमता अपनी दहलीज पर पहुंच रही है।

इसके अतिरिक्त, राजनीति को विशेष रूप से राज्यों में राजनीतिक/नैतिक भ्रष्टाचार की पकड़ और राजनीति के अपराधीकरण जैसे दोषों से मुक्त किया जाना चाहिए। हैरानी की बात है कि लोग ऐसे नेताओं को सांप्रदायिक कारणों से स्वीकार और समर्थन कर रहे हैं। किफायती न्याय के प्रशासन में सुधार और सिविल सेवाओं की औपनिवेशिक मानसिकता में बदलाव और बेहतर शासन के लिए इसकी संरचना की भी जरूरत है। पांचवां, एक स्थिर समाज के लिए एक समान नागरिक संहिता का निर्माण एक पूर्वापेक्षा है। छठा और सबसे महत्वपूर्ण है बेहतर शासित लोकतंत्र के लिए संवैधानिक संशोधनों के माध्यम से विधायी सुधार।

हालांकि, आरएसएस राज्यों में भ्रष्टाचार और जनविरोधी गतिविधियों की अनदेखी करता दिख रहा है। उत्तराखंड एक ऐसा उदाहरण है जहां भाजपा और कांग्रेस दोनों के नेताओं ने युवाओं को धोखा दिया है और स्वतंत्र विशेषज्ञों के विचारों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में बाहरी लोगों के निपटान को नियंत्रित करने में विफल रहा है। आरएसएस नेतृत्व को राजनीति में अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के भ्रष्टाचार और अनैतिक कृत्यों के लिए जीरो टॉलरेंस दिखाने की जरूरत है, अगर उसे अपनी छवि का स्वाद लेना है और साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को शामिल करना है क्योंकि यह न केवल आरएसएस कार्यकर्ता हैं बल्कि अन्य भी हैं देश के लिए सोचने और निरंतर काम करने वाले लोग हैं। आरएसएस खुद को एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन के रूप में पेश करने में आश्रय नहीं ले सकता है, यह कहकर कि वह पार्टी के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है जब वास्तव में उसके कार्यकर्ता चुनाव जीतने में मदद करते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक जिस पर आरएसएस नेतृत्व को ध्यान देने की आवश्यकता है, वह यह है कि यह कभी-कभी के लोगों से प्रभावित हो जाता है विशेष रूप से नौकरशाही और फर्जी शिक्षाविदों में संदिग्ध साख जो धीरे-धीरे शक्तिशाली नेताओं के इर्द-गिर्द एक घेरा बनाती है। यह कई सरकारी नियुक्तियों में बहुत अच्छी तरह से देखा जाता है। नौकरशाहों द्वारा मंत्रियों को उनके स्वार्थी लाभ के लिए आसानी से गुमराह किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप सत्ता के दलालों का प्रभुत्व जारी रहता है। यदि इन सुझावों को इसके नेतृत्व द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है तो यह आरएसएस के जमीनी स्तर के निःस्वार्थ प्रचारकों की बड़ी संख्या के लिए एक महान श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने बिना किसी भौतिक लाभ के अपने युवाओं और आराम का बलिदान दिया था।

## आप की बात

### अधिकारियों की जवाबदेही

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिवसीय गोरखपुर प्रवास के दौरान 500से अधिक लोगो की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को हिदायत देते हुये कहा कि लोगों की समस्याओं का संतुष्टि परक समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भूमाफियाओं पर ऐसी प्रभावी कार्यवाह करने का निर्देश दिया जो दूसरों के लिए मिसाल बने। मनबढ़ और दबंग किस्म के लोगो के हौसलों को पस्त करने और पारिवारिक विवादों को संवेदनशीलता से सुलझाने का निर्देश दिया। योगी जी को ध्यान देना चाहिये। उनके निर्देश के बावजूद भी लोगों की भीड़ उनके पास आती है। अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं पर टरकाऊ पद्धति आज भी जारी है। ब्लाक से लेकर जिले जे अधिकारी कभी जनता के बीच नही जाते। विकास की योजनाओं का लाभ समाज के आमजन तक नही पहुंचता। आम जनता आपसे जवाबदेह प्रशासनतन्त्र की अपेक्षा करती है। प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिये। हर विभाग के अधिकारियों को मासिक भृमण का लक्ष्य दिया जाए और उसकी निगरानी होनी चाहिये। मेरा आपसे अनुरोध है कि राजधानी में बैठे अधिकारियों को भी मासिक भृमण का लक्ष्य दिया जाए।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### प्रदूषण का खतरा

**नवंबर** के प्रथम सप्ताह में दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने की संभावना एक डर और चिंता पैदा करती है। अस्पतालों में सांसो की बीमारी से मरीजों की संख्या में हुई बेतहाशा वृद्धि इसका प्रमाण है कि दिल्ली में प्रदूषण रोकथाम की गई व्यवस्थाएं नाकाफी हैं केवल लुटियन जोन और विकसित कॉलोनियों में प्रदूषण बचाव के विशेष प्रबंध किए जाते हैं लेकिन ग्रामीण शहरी क्षेत्रों ,मलिन बस्तियों में ,जे जे क्लस्टर और पुनर्वास बस्तियां भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। इन क्षेत्रों की टूटी सड़कें, धूल भरी आंधी ,चारों तरफ गंदगी, कूड़े के ढेर, बहता सड़कों पर गंदा पानी, अतिक्रमण एवम ट्रैफिक जाम यही कहानी बयान करती है। इन उपेक्षित क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाए अन्यथा दिल्ली में प्रदूषण की सभी योजनाएं कारगर साबित नहीं होंगे। प्रदूषण से बीमारी बढ़ने के खतरे गरीब लोगों को भारी पड़ रहे हैं अस्पताल में भर्ती मरीज इसका प्रमाण है। दिल्ली में वायुमंडल प्रदूषित हो चुका है पंजाब हरियाणा की पराली जलाने के बढ़ते मामले चिंताजनक है। दिल्ली सरकार स्थिति को देखते हुए प्राइमरी तक के स्कूलों को बंद करने पर भी विचार करे। दिल्ली वालों को डॉक्टरों की सलाह को भी गंभीरता से लेना होगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, नई दिल्ली

### हादसों से सबक लें!

**आजकल** उत्सव हादसों में तब्दील होते जा रहे हैं। आयोजन के दौरान लोगों का अति उत्साह इसकी वजह बनता है। निरंतर हादसे होते रहते हैं लेकिन न तो गलतियों को सुधारा जाता है नहीं सतर्कता बरती जाती है। नतीजन आयोजन मातम में बदलते रहते हैं। दक्षिण कोरिया में हैलोवीन उत्सव में 153 लोगों की मौत मानवीय गलतियों का ही नतीजा है जो उत्साह के अतिरेक में जान पर भारी पड़ गई। कोरोना के कारण स्थगित रहे हैवोलीन लिंक उत्सव इस वर्ष खुशियों की बजाय मातम दे गया। हैमिल्टन होटल में आयोजित उत्सव में कई नामी सितारों के शामिल होने की खबर से हड़कंप मची और हादसा घटित हो गया। आम लोगों की भीड़ सेलिब्रिटी को देखने सकरी गली में पहुंच गई और हालात बेकाबू हो गए। मची भगदड़ में लोग कुचल गए। इस तरह की घटनाएं न केवल आयोजनों की व्यवस्था पर सवाल उठाती है अपितु लोगों के संयम को भी चुनौती है। भीड़भाड़ के वक्त लोगों को शालीनता का परिचय देना चाहिए जिससे भविष्य में हादसों को रोका जा सके।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**आज** भारत लड़ाकू विमान, टैंक और पनडुब्बियां बना रहा है। इसके साथ ही भारत की वैक्सीनों और दवाओं ने लाखों लोगों का जीवन बचाया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मेरे** जीवन की महानतम उपलब्धि। नतीजे देने के लिए दिन रात काम करूंगा।

– **ऋषि सुनक**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री





**क्या** आप जानते हैं कि हमारे राहुल गांधी शिव भक्त भी हैं। आप समझ सकते हैं कि शिव की भक्ति करने वाला व्यक्ति कैसा होगा।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

# हर नगरीय निकाय में गठित होगी सिविल डिफेंस की इकाई: सीएम

## यूपी में जल्द खुलेगी ओपन जेल और हाई सिक्योरिटी जेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में अब जल्द ओपन जेल खुलेगी जिसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग और कारागार विभाग की समीक्षा करते हुए भविष्य के दृष्टिगत बेहतरी के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि समाज में शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में नागरिक सुरक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान में प्रदेश के 27 जिलों में नागरिक सुरक्षा इकाइयां गठित हैं। सिविल डिफेंस के महत्व और उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए इसे सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को आधार मानकर नागरिक सुरक्षा इकाइयों का पुनर्गठन किया जाए। इस प्रकार प्रदेश में साढ़े सात सौ से अधिक नागरिक सुरक्षा इकाइयां क्रियाशील हो सकेंगी। गृह विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही यथाशीघ्र पूरी की जाए। नवीन इकाइयों के सुचारु क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश कैबिनेट ने हाल ही में अपने नई जेल मैन्युअल को अनुमोदित किया है। जेल सुधारों की ओर यह महत्वपूर्ण प्रयास होगा। हमें कारागारों को सुधार के बेहतर केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस प्रयास करना होगा। ओपन जेल और हाई सिक्योरिटी जेल इस संबंध में उपयोगी हो सकते हैं। इस संबंध में स्थान का चिन्हांकन कर विधिवत प्रस्ताव तैयार करें। प्रदेश के समस्त कारागारों में 14 वर्ष की अवधि से अधिक समय से बंद कैदियों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। सूची में बीमार, नाबालिग और महिला और दिव्यांग कैदियों का पृथक विवरण भी हो। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटना में अग्निशमन विभाग की उपयोगिता का हम सभी ने अनुभव किया है। अग्निशमन विभाग के कार्मिकों का सेवा भाव प्रेरक है। भविष्य की जरूरत को देखते हुए अग्निशमन विभाग को आपदा प्रबंधन एवं आपात सेवा के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार के मॉडल बिल ऑन मेंटेनेंस ऑफ फायर एंड इमरजेंसी सर्विस 2019 की तर्ज पर राज्य के मॉडल फ़ायर एन्ड इमरजेंसी बिल तैयार किया जाए। बहुमंजिली इमारतों में प्रत्येक दशा में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की नीति के अनुरूप भवन स्वामी द्वारा हर छह माह के अंतराल पर सेल्फ सर्टिफिकेशनरी व्यवस्था, भवनों के प्रकार के अनुसार फायर सेफ्टी ऑफिसर का प्रावधान और वार्षिक थर्ड पार्टी ऑडिट की व्यवस्था को लागू किया जाए। फायर फाइटर्स की सुरक्षा व उच्चस्तरीय अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता के लिए एक विशेष निधि कोष की स्थापना के प्रयास हों। वर्तमान में स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहरों की सुरक्षा व्यवस्था स्मार्ट हुई है। अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए अधिकाधिक शहरों को सेफ सिटी बनाने की कोशिश करनी होगी। इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें।

# किसान मोर्चा का सम्मेलन 15 से



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पार्टी मुख्यालय में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें नगरीय निकाय चुनाव तथा शिक्षक व स्नातक विधान परिषद चुनाव में विजय संकल्प के साथ जुटने की रूपरेखा तय हुई। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा बहुत ही प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। आगामी स्नातक, शिक्षक विधान परिषद तथा स्थानीय निकाय चुनाव के लिए किसान मोर्चा अभियान चलाकर वोट बनाने का काम करें।

15 से 30 नवम्बर तक नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम की सीमा के अन्दर रहने वाले किसानों का सम्मेलन आयोजित कर पार्टी की नीतियों को उन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार किसान की आय दोगुना करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने कहा कि देश के विकास में किसानों के अग्रणी भूमिका है। उसी तरह पार्टी को मजबूत करने में किसान मोर्चा की अहम भूमिका है। उन्होंने आगामी स्थानीय निकाय के चुनाव में किसान मोर्चा द्वारा नगर पंचाय, नगर पालिका, नगर निगमों, फल-अनाज मंडियों में काम करने वाले, रेहड़ी-पटरी वालों से सम्पर्क करने की बात कही। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि किसान मोर्चा संगठन को मजबूत करने के लिए 11 नवम्बर को एक ही दिन में प्रदेश के सभी 98 संगठनिक जिलो में जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करें। केन्द्र व प्रदेश नेतृत्व की अपेक्षाओं पर किसान मोर्चा खरा उतरेगा और निकाय चुनाव तथा विधान परिषद चुनाव में भाजपा की बड़ी विजय में सहायक बनेगा।

# यूपी पुलिस का प्रतीक चिह्न लांच, सभी पुलिसवाले अपनी वर्दी पर लगाएंगे



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय में यूपी पुलिस के प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया। वर्दी के दाहिने हिस्से में नेम प्लेट के ऊपर यूपी पुलिस अपने प्रतीक चिन्ह को लगाएगी। प्रतीक चिन्ह में नेवी ब्लू व लाल रंग को शामिल किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने 15 अगस्त 2022 को प्रतीक चिन्ह बनाने का फैसला किया था। यूपी पुलिस दुनिया में सबसे बड़ा पुलिस बल है जिसमें लगभग 74 जिला पुलिस विभाग और 4 कमिश्नरेट हैं। पुलिस अधिनियम 1861 के तहत सन 1863 में संयुक्त प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय के रूप में स्थापित किया गया था। आज यह 159 वर्ष पुराना है। उत्तर प्रदेश पुलिस का चिन्ह सब इंस्पेक्टर या उसके ऊपर की रैंक के अफसर धारण करते थे। डीजीपी की ओर से लांच किया गया प्रतीक चिन्ह सभी पुलिस कर्मियों को अपनी वर्दी पर दाहिने ओर नेमप्लेट के ऊपर लगाना होगा।

## 17 पीसीएस बने आईएएस, तीन आईपीएस अधिकारी डीआईजी से बने आईजी

**लखनऊ।** उप्र के 17 पीसीएस अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नति दे दी गई है। इस बारे में केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। पदोन्नति पाने वालों में आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, कामता प्रसाद सिंह, राम सहाय यादव, अतुल सिंह, राम सिंह वर्मा, मंजुलता, डॉ अलका वर्मा, संतोष कुमार, सुनील कुमार सिंह, चित्रलेखा सिंह, सतीश पाल, मदन सिंह गर्ब्याल, बिपिन कुमार मिश्रा, रेखा एस चौहान, अनिल कुमार सिंह, रीना सिंह और रत्नेश सिंह शामिल हैं। संघ लोक सेवा आयोग ने पीसीएस से आईएएस में पदोन्नति के लिए अक्तूबर में डीपीसी की थी। इसमें कुल 23 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया था जिनमें से 17 के बारे में आदेश जारी कर दिया गया। शेष अधिकारियों के किसी न किसी जांच में फंसे होने के कारण उनके मामले में कोई आदेश जारी नहीं हुआ। प्रदेश के राज्य पुलिस सेवा के तीन अधिकारियों को प्रोन्नति देकर डीआईजी से आईजी बना दिया है। यह तीनों अधिकारी 2004 बैच के हैं जिन्हें केंद्र के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने सेवाकाल के आधार पर एक वर्ष की वरिष्ठता का लाभ दिया था। जिन अधिकारियों को एक वर्ष का वरिष्ठता का लाभ मिला है उसमें पीएसी सेक्टर कानपुर में तैनात राम लाल वर्मा, डॉ भीमराव पुलिस अकादमी मुरादाबाद में तैनात पूनम श्रीवास्तव और अयोध्या पीएसी सेक्टर में तैनात अनिल कुमार का नाम शामिल हैं। इन अधिकारियों को पूर्व में 2005 बैच आवंटित किया गया था जो अब 2004 कर दिया गया है। अब इन अधिकारियों को 1 जनवरी 2022 से आईजी के पद पर पदोन्नति दी गई है।

# उप मुख्यमंत्री ने किया गोल्ड लोन डेस्क सेवा का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एचडीएफसी बैंक द्वारा गोल्ड लोन सेवा की डेस्क उपलब्ध हो जाने से प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनामिक बनाने में एचडीएफसी बैंक से भी सहयोग प्राप्त होगा और गोल्ड लोन सेवा से जरूरतमंद लोगों को अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने और युवाओं को रोजगार आदि करने में मदद मिलेगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय प्रणव टावर लखनऊ में एचडीएफसी बैंक की 101 शाखाओं मे गोल्ड लोन डेस्क सेवाओं का वर्चुअल रुप से शुभारंभ करने के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

मौर्य ने कहा कि गांव, गरीब और किसानों को बैंकिंग सहयोग की विशेष जरूरत होती है और इसमें गोल्ड लोन की सुविधा उपलब्ध करा देने से साहूकारों से मुक्ति मिलेगी और लोगों एखासकर युवाओं को अपना रोजगार करने में सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब किसानों के लिए प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अनेकानेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, इसमें बैंकों के सहयोग से और अधिक ढंग से योजनाओं का संचालन सम्भव होता है। लोगों को अपना कारोबार चलाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और कई लोगों के पास गोल्ड होता है और वह जानकारी के अभाव मे साहूकारों के यहां पहुंच जाते हैं, यदि वह बैंक में अपना गोल्ड रखकर लोन लेंगे तो उन्हें कम ब्याज पर पैसा मिलेगा और वह अपना आर्थिकए सामाजिकएव शैक्षिक उत्थान कर आत्मनिर्भर भी हो सकेंगे, उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में भी यह कारगर कदम है।

## समाज कल्याण अधिकारी जौनपुर व डीडी वाराणसी निलम्बित

**लखनऊ।** समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने शासकीय कार्यों में शिथिलता बरतने के आरोप में मंगलवार को जौनपुर के समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह और उप निदेशक वाराणसी केएल गुप्ता को निलम्बित करने कर दिया है। बता दें कि असीम अरुण ने मंगलवार को जौनपुर के बदलापुर महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस मौक़े पर बदलापुर महोत्सव के तत्वावधान में 381 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया जा रहा था। सामूहिक विवाह योजना में 35 हज़ार रुपए विवाहिता के खाते में सीधे सरकार की तरफ़ से भेजा जाता है, जिसके लिए विवाह प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है। पूर्व में पाया गया कि प्रमाणपत्र में देरी होने के कारण लोगों के भुगतान भी विलंबित हो जाते हैं। इस कमी को दूर करने के लिए विभागीय मंत्री अरुण द्वारा शासनादेश निर्गत किया गया था कि विवाह स्थल पर ही प्रमाणपत्र निर्गत किया जाए। बदलापुर महोत्सव में दोनो ही अधिकारियों द्वारा एक भी विवाह प्रमाणपत्र जारी नहीं कराया गया और न ही इसका प्रयास किया गया। इस प्रकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए दिए गए निर्देश पर कार्यवाही न करने के लिए समाज कल्याण अधिकारी जौनपुर और शिथिल पर्यवेक्षण के लिए डीडीए वाराणसी को निलम्बित किया गया है।

## अपना दल एस का राष्ट्रीय अधिवेशन 4 का

**लखनऊ।** राज्य स्तरीय दर्जा मिलने के बाद पहली बार अपना दल एस का राष्ट्रीय अधिवेशन चार नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आहूत की गई है। सम्मेलन में पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी शिरकत करेंगे और नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी जोरों पर चल रही है। अधिवेशन में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल एवं पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के साथ-साथ पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष सहित राज्य भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान कार्यकर्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। इसके बाद पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में उनके दिशा निर्देश पर पार्टी की गतिविधियों को और गति देने के लिए आगामी कार्यक्रम भी तय किए जाएंगे।

# नगर विकास मंत्री ने की सोशल मीडिया से प्राप्त शिकायतों की आनलाइन सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नगरीय निकाय निदेशालय गोमतीनगर विस्तार में सोशल मीडिया से प्राप्त नगर विकास से संबंधित शिकायतों की आनलाइन सुनवाई की। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिकायतकर्ता एवं अधिकारियों से शिकायत के संबंध में सीधे वार्ता की और शिकायत संबंधी स्थलीय वीडियो फुटेज भी देखे।

नगर विकास मंत्री ने झांसी के शिकायतकर्ता राहुल देवरिया की शिकायत नाले का निर्माण कार्य पूरा न कराये जाने तथा लोगों को आने-जाने में परेशानी को लेकर नगर आयुक्त झांसी पुल्कित गर्ग को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और 20 दिन में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनहित के मामलों को उठाने के लिए शिकायतकर्ता को भी धन्यवाद दिया। मंत्री ने प्रतापगढ़ के शिकायतकर्ता राजकपूर विश्वकर्मा की शिकायत मुर्गीफार्म कालोनी सगरा मिराभावन में कूड़े का अंबार लगा होने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह को पुख्ता सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसमें जनता का भी सहयोग लें और लोगों को अपने आस-पास की सफाई के लिए जागरूक करें। उन्होंने कानपुर के ब्रजेश कुमार सिंह की शिकायत एमडी भारती इण्टरकालेज के पास कई स्ट्रीट लाइट के पिछले 06 माह से खराब होने की शिकायत पर नगर आयुक्त से संबंधित क्षेत्र में शीघ्र स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव अनिल कुमार, निदेशक नगरीय निकाय नेहा शर्मा, निदेशक सूडा यशु रूस्तगी, नगर आयुक्त लखनऊ इन्द्रजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा के अंतर्गत 1278 पदों पर होगी भर्ती

**लखनऊ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर विभिन्न पदों की 1278 रिक्तियों को भरने के निर्देश ग्राम्य विकास आयुक्त ने समस्त जिलाधिकारियों, जिला कार्यक्रम समन्वयको को दे दिये हैं। मामले को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने मंगलवार को ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित ग्राम्य विकास विभाग की कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि इन रिक्तियों को शीघ्र से शीघ्र और नियमानुसार भरने की कार्यवाही तत्परता के साथ की जाए। इन रिक्तियों के भर जाने से मनरेगा के कार्यों में और अधिक गति आएगी तथा और अधिक सुचारू रूप से कार्य संपन्न हो सकेंगे। मंत्री मनरेगा में जनपद स्तर पर विभिन्न रिक्तियों पर सेवा प्राप्त किए जाने के संबंध में निर्गत विभिन्न शासनादेशों का हवाला देते हुए निर्धारित दिशा निर्देशों व प्रावधानों के अनुरूप रिक्तियों को भरे जाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए गए हैं।

# सीएम के अल्टीमेटम के बाद एक्शन में आए मंत्री जितिन प्रसाद

## ● लोनिवि विभागाध्यक्ष से पर्यवेक्षणीय शिथिलता बरतने पर मांगा स्पष्टीकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री ज़ितिन प्रसाद ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष से विभागीय कार्यों में उनके द्वारा पर्यवेक्षणीय शिथिलता बरते जाने पर स्पष्टीकरण की माँग की है। लोक निर्माण मंत्री ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग नरेंद्र भूषण को पत्र लिखकर प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागध्यक्ष के स्पष्टीकरण की माँग की है। उन्होंने बताया कि किसी भी स्तर पर विभागीय कार्यों में शिथिलता क़तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण मंत्री ज़ितिन प्रसाद द्वारा मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकाता के कार्य बारिश से क्षतिग्रस्त हुए मार्गों को 15 नवम्बर 2022 तक मरम्मत (मार्गों को गड्ढा मुक्त किए जाने) के संबंध में 28 अक्टूबर को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये थे कि गड्ढा मुक्ति, विशेष मरम्मत, नवीनीकरण के सभी कार्यों की वित्तीय स्वीकृतियाँ अनिवार्य रूप से 31 अक्टूबर 2022 तक निर्गत किये जाने एवं निरन्तर निर्गत की जा रही वित्तीय स्वीकृतियों एवं तदोपरान्त गड्ढा मुक्त अभियान के संबंध में दिन प्रतिदिन की प्रगति के संबंध में प्रत्येक कार्यदिवस की शाम 5 तक अवगत कराया जाय।

### औचक निरीक्षण कर अव्यवस्था पर लगाई फटकार



**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को पूर्वाहन लगभग 10 बजे लोनिवि के मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के अवसर पर कार्यालय में कम उपस्थिति पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने गहरी नाराज़गी व्यक्त करते हुए प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष संदीप कुमार को निर्देश दिया कि कार्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। लोक निर्माण मंत्री ने निर्देश दिया की सभी कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें, कार्यालय में लेटलतीफ़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया की आगे किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी के अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी से कड़ी विभागीय कार्रवाही की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में गंदगी पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि कार्यालय परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान दें।

## आचार्य नरेन्द्र देव की समाधि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन




**लखनऊ।** समतावादी प्रबुद्ध फोरम उत्तर प्रदेश के संयोजक विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरान्त जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए विजय कुमार लाल श्रीवास्तव कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव लोकतांत्रिक समाजवाद के पुरोधा थे। उन्होंने जीवन पर्यन्त अन्नदाताओं के विकास के विकास के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि आचार्य का मानना था कि किसी राष्ट्र का विकास तब तक संभव नहीं होता जब तक वहां के कृषकों विकास नहीं किया जाता है।

## सत्ता संरक्षित बदमाशों ने की नृशंस हत्या:सपा प्रमुख

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बदायूं में राजनीतिक रंजिश के चलते सत्ता संरक्षित बदमाशों के द्वारा समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश गुप्ता उनकी पत्नी शारदा देवी और मां शांति देवी की गोली मारकर नृशंस हत्या उनके पैतृक गांव सथरा स्थित घर में की गई है। यह हृदयविदारक हत्याकाण्ड प्रदेश में हाशिए पर जा चुकी कानून व्यवस्था की देन है। अखिलेश यादव ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए हत्यारों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की मांग की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सपा का 7 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल गुरुवार 3 नवम्बर को ग्राम सथरा जनपद बदायूं जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल में धर्मेन्द्र यादव पूर्व सांसद, विमल कृष्ण अग्रवाल पूर्व मंत्री, आशीष यादव पूर्व विधायक, आशुतोष मौर्य उर्फ राजू विधायक, ब्रजेश कुमार विधायक, हिमांशू सिंह विधायक एवं प्रेमपाल सिंह जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी बदायूं शामिल हैं।..

# प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर रही भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। भाजपा अन्दर से कमजोर पार्टी है। प्रशासनिक मशीनरी का भाजपा सरेआम दुरुपयोग कर रही है। फिर भी भाजपा सीनाजोरी क्यों करती है। अखिलेश ने कहा कि गोला गोकरननाथ विधानसभा के उपचुनाव में भी भाजपा वही कर रही है जो उसने पिछले चुनावों में किया। झूठ बोलना और झूठे वादे करना भाजपा नेताओं की फितरत है। भाजपा सरकार ने 6 सालों में सिर्फ झूठे वादे किये थे और अब फिर झूठे वादे ही कर रही है। अखिलेश यादव ने मतदाताओं से अपील है कि वे 3 नवम्बर 2022 को मतदान के दिन ईवीएम पर साइकिल निशान का बटन दबाकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विनय तिवारी को भारी बहुमत से विजयी बनायें। अखिलेश ने कहा कि गोला गोकरननाथ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में मतदाताओं को लोकतंत्र और झूठतंत्र के बीच चुनाव करना है। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार में जनता को सिर्फ महंगाई, भ्रष्टाचार और उत्पीड़न ही मिला है। लोगों का जीना दूभर हो गया है। इससे निजात पाने के लिए हमें समाजवादी आंदोलन के महानायक डॉ. राम मनोहर लोहिया के इस मंत्र को याद रखने के साथ व्यवहार में भी उतारना होगा कि जिन्दा कौमें पांच साल इंतज़ार नहीं करती हैं। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार ने अपने कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के चतुर्मुखी विकास की दिशा में प्रभावी कदम उठाए थे। शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अपराध नियंत्रण के लिए कई निर्णय लिए थे। किसान, नौजवान, छात्र, कामगार, व्यापारी, शिक्षक और महिलाओं के हित में योजनाएं चालू की थी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने आते ही समाजवादी सरकार के जनहित के कामों को बर्बाद करने या उन्हें बंद कर देने में अपनी ताकत लगा दी। जो काम समाजवादी सरकार ने किए उन पर अपने नाम का ठप्पा लगा दिया।

# सत्तापक्ष व विपक्ष के विधायकों के लिए कानून की व्याख्या अलग-अलग क्यों: जयंत चौधरी

## ● आजम खां की सदस्यता रद्द करने पर जयंत ने लिखा विधानसभा अध्यक्ष को पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य जयंत चौधरी ने समाजवादी पार्टी के नेता मोहम्मद आजम खान की विधानसभा सदस्यता निरस्त किए जाने के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर उनके त्वरित न्याय की मंशा पर सवाल उठाया है।

उन्होंने पूछा है कि क्या सत्ताधारी दल और विपक्ष के विधायक के लिए कानून की व्याख्या अलग-अलग तरीके से की जा सकती है? विधानसभा अध्यक्ष को 29 अक्टूबर को जयंत चौधरी के लिखे गए पत्र की प्रति मंगलवार को रालोद ने मीडिया के लिए जारी की। अध्यक्ष को संबोधित पत्र में जयंत चौधरी ने लिखा है विशेष एमपी-एमएलए अदालत में नफरती भाषण मामले में आपके कार्यालय द्वारा त्वरित फैसला लेते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा जनप्रतिनिधित्व कानून लागू करने की आपकी सक्रियता की यद्यपि प्रशंसा की जानी चाहिए, किंतु पूर्व में घटित हुए ऐसे ही मामले में आप निष्क्रिय नजर आते हैं, तो आप जैसे त्वरित न्याय करने वाले की मंशा पर सवाल खड़ा होता है कि क्या कानून की व्याख्या व्यक्ति और व्यक्ति के मामले में अलग-अलग रूप से की जा सकती है। चौधरी ने मुजफ्फरनगर जिले के खतौली विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक विक्रम सैनी का उदाहरण देते हुए पत्र में कहा है कि इस संदर्भ में आपका ध्यान मैं खतौली (मुजफ्फरनगर) से भाजपा विधायक विक्रम सैनी के प्रकरण की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा, जिन्हें 2013 में हुए मुजफ्फरनगर दंगों के लिए विशेष एमपी-एमएलए अदालत द्वारा 11 अक्टूबर 2022 को जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत दो साल की सजा सुनाई गई है। उस प्रकरण में आपकी ओर से आज तक कोई पहलकदमी नहीं की गई है।

चौधरी ने पत्र में कहा कि सवाल यह है कि क्या सत्ताधारी दल और विपक्ष के विधायक के लिए कानून की व्याख्या अलग-अलग तरीके से की जा सकती है। यह सवाल तब तक अस्तित्व में रहेगा, जब तक आप भाजपा विधायक विक्रम सैनी के मामले में ऐसी पहलकदमी नहीं करते। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा है कि आशा है कि आप मेरे पत्र का संज्ञान लेते हुए न्याय की स्वस्थ परंपरा के लिए विक्रम सैनी के प्रकरण में शीघ्र ही कोई ऐसा निर्णय अवश्य लेंगे जो सिद्ध करेगा कि न्याय की लेखनी का रंग एक सा होता है, भिन्न-भिन्न नहीं।

# प्रदेश के 14 शहरों में दौड़ रहीं 583 इलेक्ट्रिक बसें

## ● जल्द ही 14 शहरों में पूरी हो जाएगी 700 इलेक्ट्रिक बसों की फ्लीट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नागरिकों को प्रदूषण रहित और सुविधाओं से लैस पब्लिक ट्रांसपोर्ट के जरिए गंतव्य तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार ने बड़ी तैयारी की है। 2020 में इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इलेक्ट्रिक बस की संकल्पना को मूर्त रूप दिया गया था और देखते ही देखते 2 साल में यह 14 बड़े शहरों में लागू हो चुकी है। इन शहरों में शुरुआत में कुल 700 बसों की फ्लीट चलाने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से 2 लॉट में कुल 614 बसों की डिलीवरी हो चुकी है।

वहीं 583 बसों का संचालन भी हो रहा है। जल्द ही 86 बसें भी डिलीवर हो जाएंगी जिसके बाद इन शहरों में पूरी फ्लीट कंप्लीट हो जाएगी। वहीं जिन शहरों में अभी इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत नहीं हो सकी है, वहां भी इसकी संभावनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। इन बसों के जरिए प्रदेश के नागरिक तुलनात्मक रूप से कम किराए में वातानुकूलित बसों में आरामदायक सफर तय कर रहे हैं। वहीं पर्यावरण को भी डीजल-पेट्रोल बसों के खतरनाक धुएं से निजात मिल रही है। प्रदेश में सबसे ज्यादा आगरा, लखनऊ और कानपुर में बसों की फ्लीट दौड़ रही है। इन शहरों में 100-100 बसें चलाने का लक्ष्य है जिसमें से आगरा में 76, लखनऊ में 100 और कानपुर में 82 बसें संचालित हो रही हैं। लखनऊ और कानपुर में सभी 100 बसों की डिलीवरी की जा चुकी है तो आगरा में 89 बसों की डिलीवरी हो चुकी है।

अन्य शहरों की बात करें तो मथुरा-वृंदावन, वाराणसी और प्रयागराज में 50-50 बसों की फ्लीट संचालित हो रही है। वहीं गाजियाबाद और मेरठ में 30-30, अलीगढ़, गोरखपुर और झांसी में 25-25 व

# नैमिष के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार गंभीरः श्रीपद नाईक

## केंद्रीय राज्यमंत्री धार्मिक कार्यक्रम में हुए शामिल

संवाददाता। सीतापुर

**नैमिषारण्य तीर्थ** अंतर्गत नारदानन्द आश्रम स्थित समाधि स्थल पर आज से प्रारम्भ हुई श्रीमद्भागवत कथा में भारत सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी, जलमार्ग और पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपद नाईक शामिल हुए, केंद्रीय राज्य मंत्री करीब 12 बजे सड़क मार्ग से नैमिषारण्य तीर्थ अंतर्गत नारदानंद आश्रम स्थित समाधि स्थल पर श्रीमद् भागवत कथा में भाग लेने के लिए आए थे , यहां उन्होंने स्वामी विद्या चैतन्य के सानिध्य में भागवत पोथी का पूजन कर कथाव्यास बजरंगी शास्त्री आशीर्वाद लिया , इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता में नैमिषारण्य तीर्थ आने के संस्मरण को बेहद यादगार बताया उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य तीर्थ के बारे में मैंने काफी देखा , पढ़ा और सुना था स्वामी जी के निर्देश पर आज यहाँ आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है 88000 ऋषियों की पावन तपोभूमि का आध्यात्मिक वातावरण मन को एक अलग सुकून देता है, इसके बाद उन्होंने नैमिषारण्य तीर्थ के विकास के बारे में प्रश्न पर कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार नैमिष तीर्थ के सर्वांगीण विकास के लिए गंभीर है जल्द ही ये तीर्थ बेहतर विकास कार्यों के लिए भी जाना जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री करीब 2 घंटे में नैमिषारण्य तीर्थ में रहे। समाधि स्थल पर श्रीमद् भागवत कथा में भाग लेने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री नैमिषारण्य तीर्थ स्थित माँ ललिता देवी मंदिर पहुंचे यहां उन्होंने पुजारी लाल बिहारी के सानिध्य में माता के चरणों में पूजन कर शीश नवाया।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता । लहरपुर सीतापुर

**कोतवाली क्षेत्र** के ग्राम अकबरपुर में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मौके पर पहुंची कोतवाली लहरपुर पुलिस जांच में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र लहरपुर के अंतर्गत कोतवाली तालगांव इलाके के ग्राम बाँकर नगर निवासी राम सागर पुत्र मेवालाल ने कोतवाली प्रभारी लहरपुर राजीव सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पुत्र सत्येंद्र कुमार उम्र 27 वर्ष ने संदीप पुत्र उत्तम वर्मा निवासी अकबरपुर के दुकान करीब 4 वर्ष से किराए पर ली थी। जिसके चलते वह रोजाना शाम को घर आ जाता था लेकिन बीते सोमवार को जब सत्येंद्र दुकान बंद करके घर नहीं पहुंचा तो मंगलवार सुबह सत्येंद्र के फांसी लगा लेने की सूचना मिली तो जब पीड़ित पिता मौके पर पहुंचा तो देखा कि सत्येंद्र ने मकान मालिक संदीप के कमरे में छत के सरियों के जाल में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दोस्त घायल

**बरेली।** बहन के घर जा रहे युवक की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई और उसका दोस्त घायल हो गया शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया । बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मद पुर निवासी 23 वर्षीय इश्तियाक पुत्र इकरार कि कल शाम शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बूची के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि गांव का ही रहने वाला उसका दोस्त मोनिश गंभीर रूप से घायल हो गया जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि इश्तियाक कल शाम अपने दोस्त मोनिश के साथ बूची गांव में रहने वाली अपनी बहन से मिलने के लिए उसके घर जा रहा था लेकिन गांव के पास ही तेजी से आ रही किसी गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची उसकी मौत हो चुकी थी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मोनिश को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजकर मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दी और शव को जिला अस्पताल भेज दिया जहां घरवालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक सात भाइयों में छठे नंबर का था और एक हेयर कटिंग की दुकान पर काम करता था उसकी मां का नाम महनाज है ।

### दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली ।** रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से पत्नी और बच्ची के साथ वापस घर लौटते समय सड़क दुर्घटना का शिकार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई दुर्घटना में उसकी पत्नी और बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए उनका इलाज जारी है । पीलीभीत से पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव चाडपुर फिरोज निवासी 26 वर्षीय सुनील पुत्र राम चरण की आज सुबह तड़के जिला अस्पताल में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि सुनील शनिवार को अपनी पत्नी ज्ञान देवी और बेटी मानसी के साथ पत्नी की बुआ के निधन के अवसर पर उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से डूडा खेड़ा गांव गया था जहां से शाम को घर वापस लौटते समय आसाम रोड पर उनकी बाइक को तेजी से आ रही एक जीप ने टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद जीप का ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को पीलीभीत के जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से घायल नाजुक देखकर सुनील को घरवाले इलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल लाए जहां आज सुबह उसकी मौत हो गई पत्नी ज्ञान देवी की हालत भी नाजुक बनी हुई है पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जीप चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी ।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**बरेली।** एक युवक ने घर से कुछ ही दूरी पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी भमोरा थाना क्षेत्र के गांव बलैया निवासी 32 वर्षीय ज्ञानदीप पुत्र लालता प्रसाद ने आज सुबह तड़के घर से कुछ ही दूरी पर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि ज्ञानदीप शराब का आदी था और नशे की हालत में हंगामा करता था कल शाम को भी उसने नशे की हालत में जमकर हंगामा किया था घरवालों ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वह देर रात तक हंगामा करता रहा और सुबह तड़के बिना बताए घर से बाहर जाने के बाद उसने कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली कुछ देर बाद घटना की जानकारी घरवालों को मिली तो वह मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी मृतक एक बेटी का पता था उसकी पत्नी का नाम रिंकी है।

### दुर्घटना में घायल ग्रामीण ने दम तोड़ा

**बरेली ।** सड़क दुर्घटना में घायल एक ग्रामीण की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के गांव मौजमपुर निवासी 60 वर्षीय प्रदीप अग्रवाल की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रदीप अग्रवाल कल दोपहर में मोटरसाइकिल से कटरा स्थित अपने स्रोत पर जाने के लिए घर से निकले है लेकिन कुछ दूर चलने के बाद एक बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और टक्कर मारने वाली बस फरार हो गई स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया सूचना मिलने पर पहुंचे घरवाले हालत नाजुक देखकर उन्हें इलाज के लिए बरेली ले आए जहां देर रात उनकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक दो बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम पूनम अग्रवाल है।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने गौ सेवा कर दुआ की



**बरेली।** राष्ट्रीय समाज सेवा मंच एवं भारतीय सद्भावना मंच द्वारा भारत के अलग-अलग प्रदेशों में सेवा कार्य चल रहे हैं। मंच के अध्यक्ष समाजसेवी नदीम शमसी एवं मंच के अन्य पदाधिकारियों ने गोपाष्टमी पर्व पर कामधेनु गौशाला पहुंचकर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में मनाए जाने वाले सनातन संस्कृति के पर्व पर सांप्रदायिक सौहार्द की एक मिसाल पेश की एवं गौ सेवा कर दुआ की कि हमारे देश का भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द हमेशा कायम रहे राष्ट्रप्रेम और गौ प्रेम के लिए शहर में अपनी अनोखी पहचान रखने वाले समाजसेवी नदीम शमसी फल एवं सब्जियां लेकर मंच के पदाधिकारियों के साथ गौशाला पहुंच गए ,मंच के लोगों ने पूरे विधि विधान से ट्रस्ट के अध्यक्ष परम आदरणीय गुरु जी संजीव गौर जी अपनी सेवाएं कामधेनु गौशाला को समर्पित इस अवसर पर बोलते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष परम गुरु संजीव गौर जी ने बताया कि गाय हर तरह से समाज के लिए उपयोगी एवं लाभदायक है यह जिस क्षेत्र में भी होती है वहां पर किसी प्रकार की बीमारियां नहीं होती इनके दूध के सेवन से भांति भांति के रोग समाप्त हो जाते हैं उन्होंने लोगों से अपील की कि वह गाय के महत्व और उसकी मान्यता को समझें और अपने जीवन में लाभ के लिए गौ पालन आरंभ करें ।कार्यक्रम में पूर्व पार्षद महेश पंडित, मिलन शर्मा ,नावेद खान ,विजेंद्र प्रताप सिंह शाहिद खान जोया खान रजत अग्रवाल दीपक अग्रवाल अमित खन्निजा मोहम्मद अली कबीर शमसी आदि मौजूद रहे ।

### बच्चों से विद्यालय में सफाई करवाने का आरोप

**सीतापुर ।** सीतापुर की तहसील व विकास खण्ड बिसवा की ग्रामपंचायत भीरा के प्राथमिक विद्यालय भीरा के मेन गेट व गेट पर लिखवाया गया है कि शिक्षार्थ आइये सेवार्थ जाइये लेकिन यहां तो कुछ और ही देखने को मिल रहा है जिनके हाथो में कापी पेन होना चाहिए आरोप है कि उनके हाथो में विद्यालय के स्टाफ ने झाडू थमा दी भीरा गांव के लोग अपने बच्चो को सिक्षित बनाने व उनका भविष्य संवारने के लिए विद्यालय भेजते है और विद्यालय का स्टाफजन नन्हे मुन्ने मासूम बच्चो के हाथो में झाडू थमा कर विद्यालय परिसर मे साफसफाई करवाते है।

# एडीजी ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। बरेली



**बरेली जोन** के एडीजी राजकुमार ने मंगलवार को चौकी चौराह से यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया , इस अवसर पर एडीजी राजकुमार ने कहा यातायात नियमों का पालन करना हम सब का कर्तव्य है यातायात के नियमों का पालन करने से हमारा जीवन सुरक्षित रहता है । अगर चौराहे पर जहां लाल हरी लाइट लगी है उनका पालन जरूर करें हेलमेट पहने और नियमित धीमी गति से वाहन को चलाएं अनियंत्रित गति से वाहन चलाने से दुर्घटना होने का डर रहता है और व्यक्ति अपनी जान जोखिम में डालता है प्रदेश सरकार यातायात नियमों को लागू करवाने में हम सब पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी दी गई है। यातायात नियमों का पालन करवाएं जिससे की आम जनता का जीवन सुरक्षित हो, इसमें थाना पुलिस कर्मी भी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में तैनात रहेंगे यह जागरूकता का एक महीने का अभियान चलेगा बाकी जनपद में अभियान चलाया जाएगा एडीजी ने कहा कि स्कूली बच्चे यातायात के नियमों का पालन करवाने में सहयोग करेंगे वह अपने घर जाकर अपने परिवार और माता-पिता को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए बात करेंगे जिससे कि उनका जीवन सुरक्षित रह सके आईजी रमित शर्मा ने कहा यातायात जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया है हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम यातायात नियमों का पालन करें यह सब आम जनता की सुरक्षा के लिए ही नियम बनाए गए हैं और जहां कहीं भी जाम लगने की समस्या आती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें चौराहों पर जहां जाम लगता है वहां के आसपास के रहने वाले लोग उस समस्या का समाधान भली-भांति जानते हैं उनकी सहायता ली जाएगी और जाम से निजात दिलाई जाएगी एसएसपी अखिलेश चौरसिया ने कहा यातायात के नियम पालन ना करने से दुर्घटना होती है परिवार का कमाने वाला व्यक्ति चला जाता है परिवार की कमर टूट जाती है और नियंत्रण गति से वाहन को चलाएं और यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रहे और सामने से आने वाले वाहन की भी सुरक्षित रखें एसएसपी ने कहा कि एजुकेशन शिक्षा की आवश्यकता की बहुत जरूरत है । कहां कि हम लोगों को जागरूक करेंगे चालान काटना कोई इसका हल नहीं है उनको मोटिवेट करेंगे उनको समझाएंगे यातायात के नियमों का पालन करें सुरक्षित रहेंगे आप की सुरक्षा के लिए बनाया गया है अपने घर में अपने आसपास के लोगों को भी सुरक्षित रखे हैं उनको भी यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करें ताकि आज हमारा जीवन सुख मय हो।

# खाई में गिरी कार तीन युवकों की मौत

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**शादी में जा रहे** युवाओं की कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पानी से भरे खण्ड में पलट गई जिससे तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि तीन को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया हैं।

यह दर्दनाक संडीला बांगरमऊ मार्ग पर ग्राम बकुई के पास हुआ। बताया जाता है कि नगर के मोहल्ला छोटा चौराहा निवासी 22 वर्षीय मो0 अमानउल्ला, मौ0 मण्डई निवासी 20 वर्षीय मो0 बिलाल, मो0 महतवान निवासी 20 वर्षीय मो0 अंसार ग्राम तिलकखेड़ा निवासी 22 वर्षीय मो0 आकिल, ग्राम सनई निवासी 25 वर्षीय अजीज हसन एवं अम्मार अखतर के साथ अपने दोस्त सोहैल की शादी में थाना बांगरमऊ के अंतर्गत ग्राम मठकरी जा रहे थे। कार अमानउल्ला चला रहे थे । जब कार ग्राम बकुई पास पहुची तो सामने गायों का झुंड आ गया। इनके बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गहरे खण्ड में गिर गई, खण्ड में पानी भरा था । इस होता देख ग्रामीणों ने शोर मचाया और कार में बंद युवाओं को निकालने का प्रयास शुरू किया। जबतक इन युवाओं को निकाला जाता तब तक मो0 अमान, मो0 बिलाल और मो0 आरिफ की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां से मो0 आकिल, अजीज हसन एवं अम्मार अखतर को ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया है।

# उन्नति फाउंडेशन ने किया प्रतिभावान बच्चों की खोज के लिए ऑडिशन



**लखीमपुर-खीरी।** उन्नति फाउंडेशन के संस्थापक रोहित सिंह द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शहरों (लखनऊ, कानपुर, बनारस, प्रयागराज, लखीमपुर व गोरखपुर आदि ) में उन्नति स्टार्स की खोज के लिए ऑडिशन लखीमपुर में किया गया। इसमें गायन, नृत्य, पेंटिंग, क्विज, और फैशन के क्षेत्र में रुचि रखने वाले 100 से ज्यादा बच्चों ने अपने हुनर को दिखाने के लिए भाग लिया। जिसमें उन्नति स्टार के गुरुओं प्रतिभा के आधार पर बच्चों को चयनित किया। चयनित किये गए बच्चों के सेमी फाइनल और सेमी फाइनल से चयनित बच्चों का आखरी मुकाबला लखनऊ में होगा। उन्नति स्टार्स के निरंतर ऑडिशन लखीमपुर , उन्नाव, कानपुर और बनारस जैसे शहरों में भी होंगे।

## यातायात माह का हुआ आगाज़

**लखीमपुर-खीरी।** यातायात माह का मंगलवार को पुलिस लाइंस में भव्य आगाज हुआ, जिसका शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व संजीव सुमन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों को पालन करने की शपथ दिलाई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपील की कि यातायात नियमों का पालन कर हादसों पर अंकुश लगाने में सहयोग करें। जिंदगी है तो जहान हैं। सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। ड्राइविंग के समय नशा व मोबाइल से दूर रहें। डीएम ने कहा कि ओवर स्पीडिंग का कोई लाभ तो नहीं मिलता बल्कि खतरा जरूर बढ़ जाता है। हेलमेट को अपनी आदत व दिनचर्या में शामिल करें। डीएम ने मौजूद बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए यातायात नियमों का पालन जरूर करने की बात कही।

## होता रहा जगराता, लगते रहे जयकारे



**मैलानी-खीरी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर मैलानी मे भुइहार बाबा स्थान पर अमर शहीद भगत सिंह कमेटी के भक्त गणों द्वारा दूर दराज से आये कलाकारों द्वारा द्वारा माता रानी का भव्य जागरण का आयोजन किया गया जिसमे सर्व प्रथम पूजा अर्चना करके गणेश वन्दना सरस्वती वंदना शेरों वाली माता रानी का आवाहन करके धीप धूप प्रज्वलित करके सुन्दर सुन्दर कलाकारों द्वारा द्वारा माता रानी का जगराता शुरू होकर सुबह तक चलता रहा बीच बीच मे कलाकारो द्वारा सुन्दर सुन्दर झाँकियाँ भी प्रस्तुत की गई शेरों पे सवार होकर आजा शेरा वाली व कृष्ण सुदामा के गरीबी का चरित्रार्थ वर्णन किया गया साथ फिल्मी तर्जों पर कलाकारों द्वारा द्वारा माता सुन्दर सुन्दर भेंटे सुनकर श्रोता गणों ने जमकर डान्स भी किया तदुपरान्त तारा रानी की कथा का वर्णन किया उसके उपरान्त आरती कन्या भोज व प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर राजन भाई रीतिक अजय केतन गुप्ता नन्हे लाल राठौर नितिन राठौर विक्रम अरूण अजय सतीश गुप्ता अमन सहित तमाम कमेटी सदस्य व गण मान्य नागरिक व महिलाएं व बच्चो ने बढचढ कर भाग लिया।

## गोपाष्टमी पर यूनिट हेड ने किया गऊ माता का पूजन, खिलाया चारा



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, गोला की गौशाला में गोपाष्टमी के पर्व पर यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन ने गौ माता का तिलक चंदन, माल्यार्पण एवं आरती कर पूजन किया तथा गुड़ एवं हरा चारा खिलाया। पूजन भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी दयानंद पांडे ने कराया। इस अवसर पर एके पांडे, पीएस चतुर्वेदी, आरके मिश्र, रितेश दुबे, विनय शंकर चौबे, शिवाकांत बाजपेई ने भी पूजन किया एवं हरा चारा खिलाया पारसनाथ दुबे, बलराम एवं गौ सेवक उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता आयोजित



**मोहम्मदी।** जेपी इंटर कॉलेज के माध्यम से दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक माध्यमिक विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किला मैदान पर आयोजित किया गया जिसमें जे पी इंटर कॉलेज रामाश्रय इंटर कॉलेज राधा कृष्ण इंटर कॉलेज पीडी इंटर कॉलेज और कृष्णा इंटर कॉलेज के विद्यालयों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, अतिथि उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव व चेयरमैन संदीप मल्होत्रा के माध्यम से इस प्रतियोगिता में फीता काटकर और मशाल जलाकर विधिवत उद्घाटन किया गया। आयोजन समिति के प्रबंधक अवनीश कुमार गुप्ता और प्रधानाचार्य मनोज कुमार खरे ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया यह प्रतियोगिता 2 दिन आयोजित रहेगी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्याम नारायण वर्मा, कमलेश दीक्षित, संजय कटियार, नैनैस कुमार गुप्ता सहित सभी विद्यालय के अध्यापक गण मौजूद रहे, इस प्रतियोगिता में दौड़ लंबी कूद जंप भाला फेंक गोला फेंक सहित अन्य खेलकूद संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें लगभग 300 छात्र और छात्राओं ने भाग लिया है।

# पेज एक का शेष

## ठग सुकेश...

हालत के चलते सुकेश को खड़ा किया है। यह मोरबी की घटना से ध्यान भटकाने की भी कोशिश है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी इसे जनता का ध्यान भटकाने वाला बताया। आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि खुद को कट्टर ईमानदार कहने वाले अरविन्द केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी की असलियत एक बार फिर जेल में बंद सुकेश चन्द्रशेखर ने सबके सामने ला दी है।

## नौकरी से...

से दस मिनट पहले घर में आया था। पश्चिमी जिले के उपायुक्त घनश्याम बंसल के मुताबिक पुलिस ने नजफगढ़ के रहने वाले 19 वर्षीय लड़के सचिन एवं उत्तम नगर के 21 वर्षीय सुजीत को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी और उसकी गर्लफ्रेंड शालू के सैलून में काम करते थे और उन्हें दस दिन पहले ही नौकरी से निकाल दिया गया था। समीर ने गैर पेशेवर रवैये के कारण आरोपी के साथ मारपीट भी की थी। डीसीपी के अनुसार आरोपी ने बदला लेने के लिए सचिन व सुजीत से संपर्क किया और तीन और लोगों को साथ मिलाया।

## आदिवासियों के...

को गोविंद गुरु के नेतृत्व में 1.5 लाख से अधिक भीलों ने सभा की, अंग्रेजों ने इस सभा पर गोलियां चलाईं, जिससे लगभग 1500 आदिवासी शहीद हुए। मोदी की इस यात्रा से गुजरात के उत्तरी हिस्सों में विधानसभा क्षेत्रों पर असर पड़ने की संभावना है। राज्य में साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। राजस्थान में आठ जिले- बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद, सिरोही, प्रतापगढ़ और पाली- अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जिसमें कुल 37 विधानसभा क्षेत्र हैं। उनमें 21 पर फिलहाल भाजपा और 11 पर कांग्रेस का कब्जा है। बाकी दो विधानसभा सीटें भारतीय ट्राइबल पार्टी के पास हैं एवं तीन पर निर्दलीय काबिज हैं।

## यूक्रेन से...

निलंबित करने की घोषणा की थी। गुतारेस ने कहा था कि वह काला सागर अनाज समझौते के संबंध में मौजूदा स्थिति के बारे में बहुत चिंतित हैं। मधुसूदन ने कहा कि भारत का मानना है कि निर्यात ने गेहूं और अन्य सामग्रियों की कीमतों को नीचे लाने में मदद की है, इसका उदाहरण फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन के मूल्य सूचकांक का नीचे आना है।

## चेन्नई में...

उपनगरीय रेड हिल्स में 13 सेंटीमीटर और पेरंबूर में 12 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। तमिलनाडु में व्यापक वर्षा हुई और वर्षा एक सेंटीमीटर से 9 सेंटीमीटर के बीच दर्ज की गई, जिसमें कावेरी डेल्टा क्षेत्र और कन्याकुमारी जैसे तटीय क्षेत्र शामिल हैं। तमिलनाडु में 29 अक्टूबर को उत्तरपूर्व मानसून की बारिश शुरू हुई। बारिश को देखते हुए यहां दो सब-वे बंद कर दिए गए और शहर में यातायात जाम और वाहनों की धीमी आवाजाही देखी गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मानसून की तैयारियों पर शीर्ष अधिकारियों की एक डिजिटल बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को एकजुटता से काम करने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौसम विज्ञान के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के उप महानिदेशक एस बालचंद्रन ने संवाददाताओं से कहा कि चेन्नई शहर के संबंध में, एक नवंबर को नुंगमबक्कम में 8 सेंटीमीटर भारी वर्षा दर्ज की गई थी और यह पिछले 30 वर्षों में पहली बार और पिछले 72 वर्षों में तीसरा ऐसा रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि 1990 में, शहर में 13 सेंटीमीटर बारिश हुई थी और 1964 में यह 11 सेंटीमीटर थी। दोनों बार यह एक नवंबर को हुई थी।

## मुफ्त सौगात...

बालाजी मामले में पहले के फैसले पर विचार करने के उद्देश्य के साथ सुनवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाया कि व्यापक जनहित में मुफ्त सौगातों पर नियंत्रण और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाई जाए तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त को इसका प्रमुख बनाया जाए। उपाध्याय ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, वित्त आयोग के अध्यक्ष, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, जीएसटी परिषद के सचिव और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया एवं इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के अध्यक्षों को समिति का सदस्य बनाया जाए। हालांकि पीठ ने कहा कि वह इस तरह के किसी अनुरोध पर विचार नहीं कर सकेगी और एक उचित पीठ द्वारा इन पर संज्ञान लिया जाएगा।

# डीएम-एसपी ने पुलिस लाइन में की ब्रीफिंग चुनावी जिम्मेदारियों से कराया अवगत

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**मंगलवार** को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 139-गोला गोकरणनाथ के उप निर्वाचन 2022 के लिए पुलिस लाइन्स परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने संयुक्त रूप से पुलिस, फोर्स की ब्रीफिंग की, चुनाव में उनकी भूमिका समझाइ। ब्रीफिंग का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरणनाथ उपचुनाव 2022 को सकुशल, निर्विघ्न, शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तीन जोन और 29 सेक्टर में बांटा गया, जिनका उत्तरदायित्व सेक्टर व जोनलवार मजिस्ट्रेटो को सौंपा गया है।

इसके अलावा 09 अतिरिक्त जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए है। उन्होंने चुनाव में फोर्स को उनके उत्तरदायित्व समझाएं। चुनाव की निष्पक्षता में खलल डालने वालों सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि मा. आयोग की मंशा के अनुरूप चुनाव को संपन्न कराने में आपकी बड़ी भूमिका है, इसलिए सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्पक्षता से निर्वाहन करें। एसपी संजीव सुमन ने कहा कि उपनिर्वाचन में पूरी सतर्कता और सजगता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। चुनाव संपन्न कराने आए जिले में आए सीपीएमएफ फोर्स के अफसरों से उन्हें व उनके जवानों को उपलब्ध कराई जा मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने चुनाव में फोर्स की भूमिका समझाइ। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि उपनिर्वाचन में सौंपे गए दायित्वों का पूरे मनोयोग से निर्वहन करें। आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। पूरी निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन को संपन्न कराए। मतदेय स्थलों पर मोबाइल नंबर पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मा. भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों व पुलिस बल की तैनाती मतदेय स्थलों पर की गई है। सेक्टर पुलिस अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट से समन्वय व तालमेल बनाकर उपचुनाव को सकुशल निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराएंगे।

# सीएए लागू करने की प्रक्रिया से पश्चिम बंगाल अछूता नहीं रहेगाः भाजपा नेता

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को दावा किया कि देश में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और पश्चिम बंगाल इससे अछूता नहीं रहेगा। केंद्र ने सोमवार को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले और वर्तमान में गुजरात के दो जिलों में रह रहे हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को नागरिकता कानून 1955 के तहत भारतीय नागरिकता देने का फैसला किया है। इसके एक दिन बाद भाजपा नेता अधिकारी की टिप्पणी आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, गुजरात के आणंद और मेहसाणा जिलों में रहने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाइयों को नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा पांच के तहत नागरिक के तौर पर पंजीकरण कराने की इजाजत दी जाएगी या कानून की धारा छह के तहत उन्हें देश के नागरिक का प्रमाण पत्र दिया जाएगा और यह नागरिकता नियम 2009 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

केंद्र की अधिसूचना पर पूछे गए सवाल के जवाब में, अधिकारी ने कहा, "गुजरात के दो जिलों में सीएए पहले ही लागू करना शुरू किया जा चुका है और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से आए कुछ अल्पसंख्यक समूहों को नागरिकता देने वाली अधिसूचना जारी की गई है। नंदीग्राम से विधायक ने कहा, बंगाल सीएए लागू होने की प्रक्रिया से अछूता नहीं रह सकता है। मटुआ समुदाय के सदस्यों और नमशूद्र जैसी अन्य पिछड़ी जातियों के सदस्यों को भी जल्द कुछ लाभ मिलेगा। सीएए हमारे राज्य में भी लागू किया जाएगा। केंद्रीय जहाजरानी राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि अगर सीएए लागू होता है, तो यह मटुआ समुदाय सहित पिछड़ी जातियों के सदस्यों के लिए बहुत मददगार होगा। सीएए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान करता है, लेकिन सरकार ने अधिनियम के तहत नियम अब तक नहीं बनाए हैं, इसलिए अब तक किसी को भी इसके तहत नागरिकता नहीं दी जा सकी है।

तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी पार्टी सीएए को कभी भी राज्य में लागू नहीं होने देगी। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा देश में सीएए को लागू नहीं कर पाएगी। शुभेंदु अधिकारी 2023 के पंचायत चुनावों से पहले समाज के ध्रुवीकरण की कोशिश के तहत बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य सुजान चक्रवर्ती ने कहा हम देश में सीएए को लागू नहीं होने देंगे। भाजपा बिना आम सहमति के ऐसा कोई फैसला नहीं थोप सकती। देश में कोई भी धर्मनिरपेक्ष दल ऐसा नहीं होने देगा। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और बरहामपुर के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने भी कहा कि भाजपा "सीएए लागू करने के बारे में सिर्फ शोर" मचा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकता और सद्भाव के लिए खड़ी है और वह समाज को धार्मिक आधार पर बांटने की पक्षधर नहीं है।

## महाराष्ट्रः उस्मानाबाद के तुलजा भवानी मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले में प्रसिद्ध तुलजा भवानी मंदिर के परिसर का जीर्णोद्धार किया जाएगा और गर्भगृह को सोने और चांदी से मढ़ा जाएगा। जिले के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला कलेक्टर सचिन ओमबासे ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट अगले तीन महीनों में तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि तुलजापुर में विभिन्न पक्षकारों की एक बैठक हुई, जिसमें मंदिर से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिकारी ने कहा, तुलजा भवानी मंदिर के गर्भगृह में चांदी मढ़ा हुआ है। लेकिन हम सोने और चांदी दोनों का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। प्रशासन लोगों से इस काम के लिए दान करने की अपील करता है और दान लेने के लिए एक बैंक खाता खोला जाएगा।



मुंबई में 'नयन-11' नाम की हाईस्पीड नई क्रूज हुई लांच

# एआईएमआईएम का काम केवल वोट काटना : कांग्रेस

**भाषा।** हैदराबाद

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को आरोप लगाया कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ सांठ-गांठ है और वह केवल उनकी पार्टी का वोट काटती है। रमेश ने यह बात असदुद्दीन ओवैसी नीत एआईएमआईएम के गढ़ हैदराबाद में कांग्रेस की भारत-जोड़ो यात्रा पहुंचने पर की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि एआईएमआईएम को भाजपा से ऑक्सीजन मिलता है और बदले में वह भगवा पार्टी को बूस्टर डोज देती है।

ओवैसी के गढ़ माने जाने वाले हैदराबाद में कांग्रेस की यात्रा के पहुंचने और भविष्य में ओवैसी की पार्टी के रुख के बारे में पूछने पर रमेश ने कहा, वह राजनीतिक पार्टी है और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का हिस्सा थी, पहले वह कांग्रेस का इस्तेमाल करती थी और उसके लिए हमारी पार्टी ऑक्सीजन सिलेंडर थी और अब भाजपा उसके लिए ऑक्सीजन सिलेंडर है।

ओवैसी के बारे में रमेश ने कहा कि वह उनके अच्छे मित्र हैं और वह उनके साथ बहस करते रहते हैं। उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि उन्हें भाजपा से ऑक्सीजन मिल रही है और भाजपा एआईएमआईएम को बूस्टर डोज दे रही है। वे एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। रमेश ने आरोप लगाया, हम लोकतांत्रिक देश हैं,वे चुनाव लड़ते हैं। उनका काम चुनाव लड़ना और कांग्रेस का वोट काटना है। हर राज्य में वे ऐसा करते हैं। वे जाते हैं, अभियान चलाते हैं और कांग्रेस का वोट काटते हैं।

## महाराष्ट्र सरकार राज्य से बाहर जा रही बड़ी परियोजनाओं पर अपना श्वेत पत्र लाएगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार राज्य से बाहर जा रही कुछ बड़ी परियोजनाओं पर अगले 30 दिनों में एक श्वेत पत्र जारी करेगी। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने मंगलवार को यहां बताया कि अगर पिछली महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने इन परियोजनाओं को रोकने के लिए कोई कदम उठाया था, तो उस बारे में भी बताया जाएगा। महाराष्ट्र की जगह दूसरे राज्यों को बड़ी परियोजनाएं मिलने के मुद्दे पर एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस की सरकार विपक्ष के निशाने पर है। विपक्ष का आरोप है कि सत्तारूढ़ सरकार राज्य में वेदांत-फॉक्सकॉन और टाटा-एयरबस परियोजनाओं को लाने में विफल रही। ए दोनों परियोजनाएं गुजरात के खाते में चली गईं। वहीं, राज्य सरकार ने आरोप लगाया है कि पिछली एमवीए सरकार की निष्क्रियता के कारण परियोजनाएं महाराष्ट्र से बाहर चली गईं। सामंत ने पत्रकारों ने कहा, महाराष्ट्र उद्योग विभाग अगले 30 दिनों में एक श्वेत पत्र लाएगा।

# तेलंगाना राष्ट्र समिति और कांग्रेस ने एक दूसरे पर निशाना साधा

**भाषा।** हैदराबाद

**सत्तारूढ़ तेलंगाना** राष्ट्र समिति ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान को लेकर निशाना साधा जिसमें उन्होंने टीआरएस की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को लेकर तंज कसा था। टीआरएस के वरिष्ठ नेता के. टी. रामाराव ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में उनकी हार का जिक्र किया। वहीं कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा, "हम जानते हैं कि यहां हैदराबाद में आठवें निजाम बैठते हैं।

टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और आईटी मंत्री रामाराव ने कहा कि 2019 में अमेठी से लोकसभा चुनाव हारने वाले राहुल गांधी के पास तेलंगाना के मुख्यमंत्री और उनके पिता के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं की आलोचना करने का कद नहीं है। रामाराव ने ट्वीट किया, अंतरराष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जो अमेठी में अपनी संसदीय सीट भी नहीं जीत सकते, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर जी की राष्ट्रीय पार्टी की महत्वाकांक्षाओं का उपहास करते हैं। पीएम (प्रधानमंत्री) बनने के इच्छुक नेता को पहले अपने लोगों को उन्हें (अमेठी से) एमपी (सांसद) चुनने के लिए राजी करना चाहिए। राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की अमेठी और केरल की वायनाड सीट दोनों से चुनाव लड़े थे और केरल की सीट से विजई हुए थे। पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी ने सोमवार को केसीआर पर तंज कसते हुए कहा था कि उन्हें (राव) पूरा अधिकार है कि वह अपने दल को अंतरराष्ट्रीय पार्टी बनाकर अमेरिका एवं चीन में भी चुनाव लड़ें।

रामाराव की आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि केसीआर की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं के बारे में राहुल की टिप्पणियों में कुछ भी गलत नहीं है। रमेश ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि गांधी के विचारों के अनुसार, केसीआर की पार्टी जीआरएसै (वैश्विक राष्ट्र समिति) बन सकती है और कांग्रेस का इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि केसीआर जो करना चाहते हैं, कर सकते हैं क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने जाहिरा तौर पर केसीआर का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी कोई निज़ाम शाही पार्टी नहीं है। हमें मालूम है कि यहां हैदराबाद में आठवें निज़ाम बैठते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीआरएस के कुछ नेता 2007 के पासपोर्ट घोटाले में शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### भारत में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया भर में सम्मान मिलता है: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया भर में सम्मान मिलता है, क्योंकि वह ऐसे देश के प्रधानमंत्री है, जहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं और जो महात्मा गांधी का देश है। गहलोत ने बांसवाड़ा के पास मानगढ़ धाम में मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह कहा। इस दौरान मंच पर प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद थे। गहलोत ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के मुल्कों मे जाते है, तो उन्हें कितना सम्मान मिलता है। ऐसा क्यों होता है... क्योंकि नरेंद्र मोदी जी उस देश के प्रधानमंत्री हैं जो गांधी का देश है, जहां लोकतंत्र की जड़े मजबूत है, गहरी है। यहां 70 साल के बाद भी लोकतंत्र जिंदा रहा है। मानगढ़ की पहाड़ी भील समुदाय और राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश की अन्य जनजातियो के लिए विशेष महत्व रखती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यहां भील और अन्य जनजातियों ने लंबे समय तक अंग्रेजो से लोहा लिया। स्वतंत्रता सेनानी श्री गोविंद गुरु के नेतृत्व में 17 नवंबर 1913 को 1.5 लाख से अधिक भीलों ने मानगढ़ पहाड़ी पर सभा की थी। इस सभा पर अंग्रेजों ने गोलियां चला दी, जिसमें लगभग।,500 आदिवासियों की जान चली गई।

### भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई मेरे फोटो का उपयोग नहीं करेः दिग्विजय सिंह

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रकाशित सामग्री में उनके (दिग्विजय) फोटो का उपयोग नही किया जाए। उन्होंने मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को लिखे पत्र में कही है। दिग्विजय सिंह इस भारत जोड़ो यात्रा के प्रभारी हैं। कमलनाथ को लिखे पत्र मे सिंह ने कहा कि यात्रा के मप्र में प्रचार-प्रसार के लिए जो सामग्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तैयार की जा रही है, उसमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की फोटो के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष के नाते कमलनाथ की फोटो का उपयोग किया जाना उचित होगा। कमलनाथ से अनुरोध किया है, प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रकाशित सामग्री में मेरे फोटो का उपयोग नही किया जाए। सिंह ने यह पत्र 22 अक्टूबर को लिखा था, यह रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। सिंह के कार्यालय के सूत्रों ने पुष्टि की कि उन्होंने कमलनाथ को ऐसा पत्र लिखा है और यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने इसे मीडिया को जारी नही किया। पत्र में लिखा है कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक इस भारत जोड़ो यात्रा दिसंबर में महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगी और यात्रा निमाड़ अंचल के बुरहानपुर जिले से लेकर मालवा क्षेत्र के आगर-मालवा जिले से होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगी।

### जलियांवाला बाग से भीषण था मानगढ़ हत्याकांड : पटेल

**मानगढ़ (राजस्थान)।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने अंग्रेजी हुकूमत द्वारा नवंबर 1913 में मानगढ़ की पहाड़ी पर आदिवासियों की सभा पर गोली चलाए जाने की घटना को जलियांवाला बाग से बड़ा हत्याकांड बताया है। इस घटना में लगभग 1500 आदिवासियों की जान चली गई थी। पटेल बांसवाड़ा के पास यहां मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारा आदिवासी समाज एक बलिदानी समाज है। राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश के त्रिसंगम पर स्थित यह मानगढ़ पहाड़ी हमारे आदिवासी भाई बहनो की वीरता के अनेक उदाहरणों में से एक है। पटेल ने कहा, 17 नवंबर 1913 का वो काला दिन कौन भूल सकता है जब अंग्रेजों ने लगभग 1500 आदिवासी भाई बहनों को गोलियों से भून दिया था। जलियांवाला बाग हत्याकांड से भीषण इस मानगढ़ हत्याकांड में हजारों आदिवासी राष्ट्रप्रेमी लोगो ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उल्लेखनीय है कि मानगढ़ की पहाड़ी भील समुदाय और राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश की अन्य जनजातियों के लिए विशेष महत्व रखती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यहां भील और अन्य जनजातियों ने लंबे समय तक अंग्रेजो से लोहा लिया। स्वतंत्रता सेनानी श्री गोविंद गुरु के नेतृत्व में 17 नवंबर 1913 को 1.5 लाख से अधिक भीलों ने मानगढ़ पहाड़ी पर सभा की थी। इस सभा पर अंग्रेजों ने गोलियां चला दी, जिसमें लगभग।,500 आदिवासियों की जान चली गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।

### टैक्सी चालक के पास से 86 लाख मूल्य का चरस बरामद

**मुंबई।** मुंबई के वडाला इलाके में मंगलवार को 30 वर्षीय एक टैक्सी चालक को 86 लाख रुपए मूल्य के चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि टैक्सी चालक सोमवार रात उच्च गुणवत्ता का 17 किलोग्राम चरस पहुंचाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से दीनबंधु नगर पहुंचा था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रतिबंधित सामग्री के स्रोत और इसे मंगाने वाले व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश कर रही है। स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

## सुखबीर सिंह बादल, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य के खिलाफ जालसाजी के एक मामले में निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगा दी। आरोप है कि उनकी पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग से मान्यता प्राप्त करने के लिए एक झूठा शपथपत्र प्रस्तुत किया। न्यायमूर्ति एस ए नजीर और वी रामसुब्रमण्यम की पीठ ने शिकायतकर्ता को आपराधिक मामले के खिलाफ आवेदनों को खारिज करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। न्यायालय ने 27 अगस्त, 2021 को बादल और अन्य द्वारा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट होशियारपुर के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया था। होशियारपुर की अदालत ने उन्हें मामले में तलब किया था। सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत सिंह खेड़ा ने सुखबीर बादल, प्रकाश सिंह बादल और दलजीत सिंह चीमा के खिलाफ 2009 में दर्ज कराई गई शिकायत में कई आरोप लगाए थे।


अमृतसर में गोपाष्टमी पर्व के अवसर गाय की पूजा करती हुई महिलाएं।

# जेडीएस ने पंचरत्न रथ यात्रा शुरू की, उम्मीदवारों को पार्टी के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी

**कोलार (कर्नाटक)।** कर्नाटक में 2023 के विधानसभा चुनाव में कम से कम 123 सीटों पर जीत हासिल करने और स्वतंत्र रूप से सरकार बनाने का लक्ष्य रखते हुए जनता दल-सेकुलर (जेडीएस) ने मंगलवार को यहां कुरुडुमाले से अपनी महत्वाकांक्षी पंचरत्न रथ यात्रा शुरू की। जेडीएस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने पहले कहा था कि वह राज्य की कुल 224 विधानसभाओं में से 123-126 पर अपने उम्मीदवारों की पहली सूची एक नवंबर को जारी करेंगे। हालांकि आज उन्होंने संकेत दिया कि सूची जारी करने में कुछ देर हो सकती है क्योंकि वह उम्मीदवारों को पार्टी के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाना चाहते हैं।

कुमारस्वामी ने कहा कि जेडीएस के 40 प्रतिशत से अधिक उम्मीदवार युवा होंगे। जेडीएस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा की मौजूदगी में कुरुडुमाले में गणेश मंदिर में विशेष पूजा कर पंचरत्न रथ यात्रा शुरू की। उन्होंने कहा, यह रथ यात्रा तीन चरणों में सभी जिलों में जाएगी। हर दिन कम से कम एक विधानसभा क्षेत्र के 40 गांवों का दौरा किया जाएगा, छह से सात लघु सभाएं होंगी, हर दिन जिला पंचायत केंद्रों में बैठकें होंगी और हर दिन एक गांव में प्रवास किया जाएगा। विशेष पूजा के बाद कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि यात्रा में समाज के सभी वर्गों के लोगों से संवाद भी होगा। पहले चरण में यात्रा कोलार, चिक्कबल्लापुर, तुमकुरु, हासन और रामनगर जिलों में विधानसभा क्षेत्रों से निकलेगी और छह दिसंबर को इसका समापन बेंगलुरु के पास अनेकल में हो सकता है। रोचक तथ्य है कि पूर्ववर्ती जनता दल ने भी देवगौड़ा के नेतृत्व में 1994 के चुनाव से पहले कुरुडुमाले से ही अपनी यात्रा निकाली थी। तब पार्टी ने उनके नेतृत्व में सरकार बनाई थी।

# धनशोधन मामलाः अनिल देशमुख के बेटे सलिल को मिली जमानत

**मंबई।** मुंबई की विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख के बेटे सलिल देशमुख को धनशोधन के मामले में जमानत दे दी। अदालत ने यह राहत सलिल के उसके समक्ष पेश होने के बाद दी। धनशोधन निवारण अधि. (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों को सुनने के लिए फरवरी में गठित विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालाय (ईडी) की ओर से अपनी शिकायत (आरोप पत्र) जमा करने के बाद सलिल देशमुख को समन जारी किया था।

सलिल देशमुख, अनिल देशमुख के बड़े बेटे हैं और इस मामले में आरोपी बनाए गए हैं। सलिल ने अदालत में पेश होने के बाद अपने अधिवक्ता अनिकेत निकम के जरिए जमानत अर्जी दी जिसे स्वीकार कर लिया गया। जमानत अर्जी में दावा किया गया कि सलिल देशमुख के खिलाफ लगाए गए आरोप तथ्यहीन है। अर्जी के मुताबिक सलिल को ईडी ने कभी मामले में गिरफ्तार नहीं किया है और वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। ईडी ने सलिल की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि धनशोधन रोधी एजेंसी ने दो बार उन्हें समन किया लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। एजेंसी ने यह भी कहा कि अदालत ने फरवरी में सलिल को समन किया था लेकिन वह अब पेश हो रहे हैं।

ईडी ने कहा, वह न तो एजेंसी का सम्मान करते हैं, न ही उनके मन में अदालत के प्रति सम्मान है, इसलिए अर्जी को खारिज किया जा सकता है। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख पर वसूली का आरोप लगाया था जिसकी जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है। सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने अनिल देशमुख के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है।

## तेलंगाना उपचुनावः भाजपा उम्मीदवार ने प्रलोभन संबंधी टीआरएस के आरोपों को खारिज किया

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कहा है कि वह राज्य की मुनुगोड़े विधानसभा सीट के उपचुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन दिए जाने के आरोपों को देखते हुए विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से इस विधानसभा क्षेत्र पर पैनी नजर रखें। आयोग ने यह निर्देश उस दिया है जब हाल ही में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति ने आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के. राजागोपाल रेड्डी ने अपनी परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी के खाते से 5.24 करोड़ रुपए की राशि इस विधानसभा क्षेत्र से जुड़े 23 लोगों और इकाइयों को भेजे। निर्वाचन आयोग के एक पत्र का जवाब देते हुए रेड्डी ने इन आरोपों को खारिज किया। उन्होंने उन सभी 23 बैंक खातों से लेनदेन की बात को भी पूरी तरह खारिज किया जिससे संबंधित आरोप टीआरएस द्वारा लगाए गए थे।

# मप्र में अवैध तौर पर तैयार हो रही विदेशी असलहे की उन्नत नकल, पुलिस को कार में मिला जखीरा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पुलिस ने इंदौर के पास खरगोन जिले में एक कार से अवैध पिस्तौलों, मैगजीन और कारतूस का जखीरा पकड़ा है। हालांकि, हरियाणा में पंजीकृत इस कार में सवार चार बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि कार में मिली पिस्तौलें और मैगजीन विदेशी असलहे की उन्नत नकल हैं जिन्हें राज्य के बड़वानी जिले के आस-पास के अवैध कारखानों में तैयार किया गया था। पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि मुखबिर की सूचना पर इंदौर के राऊ क्षेत्र में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के एक कार को रोका गया, तो कार चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई और भागते वक्त पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। सरपट दौड़ती कार में सवार चार बदमाश इंदौर से 90 किलोमीटर दूर खलघाट पहुंचे जहां उनकी गाड़ी ने एक बार फिर पुलिस वाहन और बैरियर को टक्कर मारी। पुलिस द्वारा लगातार पीछा और नाकाबंदी पर अंतरराज्र्ईय गिरोह के बदमाशों ने खरगोन जिले के सनावद क्षेत्र में कार छोड़ी और घने जंगल की ओर भाग गए।

मिश्रा ने बताया कि पुलिस को कार से 40 अवैध पिस्तौल, 36 मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस मिले। उनके अनुसार यह कार हरियाणा के जींद में पंजीकृत है। ये हथियार विदेशी असलहे की उन्नत नकल हैं। खास बात यह है कि हमें कार से जो मैगजीन मिली है उसमें 30 कारतूस भरकर दागे जा सकते हैं, जबकि एक सामान्य मैगजीन में 10 कारतूस ही डाले जा सकते हैं। फरार बदमाशों की तलाश जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने मध्यप्रदेश के किस गिरोह से उन्नत हथियार खरीदे थे।

# अपने पिता की दूसरी शादी के संदर्भ में नीतीश की टिप्पणी पर भड़के चिराग

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा रामविलास पासवान की दूसरी शादी का जिक्र करने पर दिवंगत नेता के बेटे और राजनीतिक उत्तराधिकारी चिराग पासवान ने मंगलवार को नाराजगी जताई। कुमार ने पिछले दिन चिराग पासवान के बारे में कहा था कि वह अभी बच्चा है और उनके दिवंगत पिता के बारे में टिप्पणी की थी कि उन्होंने दिल्ली जाकर दूसरी शादी की थी। अपने दिवंगत पिता की दूसरी पत्नी से पैदा हुए जमुई के युवा सांसद ने कहा, मेरे पिता की मृत्यु के बाद उनके बारे में व्यक्तिगत टिप्पणी करना मुख्यमंत्री के लिए गलत है।

अपने चाचा पशुपति कुमार पारस द्वारा पार्टी के भीतर दरकिनार कर दिए जाने के बाद अपनी सौतेली माँ और सौतेली बहनों के पास पहुँचे चिराग ने कहा, मैं इस स्तर तक कभी नहीं गिरा। मैंने कभी भी नीतीश कुमार के बारे में ऐसा कुछ नहीं कहा जो अपने निजी जीवन के बारे में पारदर्शी नहीं रहे हैं। मेरे पिता एक खुली किताब की तरह थे। चिराग बिहार विधानसभा की दो सीटों पर आगामी तीन नवंबर को होने वाले उपचुनावों में भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए बिहार में हैं और उन्होंने कुमार को याद दिलाया कि इस बच्चे ने आपको पिछले विधानसभा चुनावों में धूल चटा दी थी।

चिराग ने अविभाजित लोजपा के अध्यक्ष के रूप में 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश के नेतृत्व को अस्वीकार करते हुए जदयू उम्मीदवारों के विरोध में अपने उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा था जिनमें से कई भाजपा के बागी थे। चिराग ने कहा था कि वह कुमार को सत्ता से हटाना चाहते हैं और भाजपा को अपने दम पर सरकार बनाने में मदद करना चाहते हैं। हालांकि भाजपा उस समय जदयू नेता को सत्ता में एक और कार्यकाल के लिए समर्थन दे रही थी और उसने खुद को चिराग की राजनीतिक कट्टरता से दूर कर लिया था। बाद में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए पारस ने अपने भतीजे की हरकतों को अस्वीकार करते हुए लोजपा को विभाजित कर दिया और चिराग अपनी पार्टी के भीतर दरकिनार कर दिए गए थे। कुछ महीने पहले नीतीश कुमार द्वारा साथ छोड़ दिए जाने के बाद भाजपा ने एक साल से अधिक समय से अधर में लटके चिराग को अपने पाले में वापस ले लिया है।

# जहाजों के निर्बाध मार्ग की अनुमति नहीं दे सकते : रूस

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र** में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने यूक्रेन पर काला सागर के शिपिंग कॉरिडोर का इस्तेमाल, उसके बेड़े के खिलाफ सैन्य और नुकसान पहुंचाने के मकसद से विश्व बाजारों तक अनाज पहुंचाने के लिए करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यही कारण है कि उसने अनाज समझौते को निलंबित कर दिया। रूस ने साथ ही आगाह किया कि वह उसकी मंजूरी के बिना जाहजों की आवाजाही की अनुमति नहीं देगा। रूस द्वारा बुलाई गई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक में वसीली नेबेंजिया ने कहा, काला सागर संघर्ष का क्षेत्र बना हुआ है और हम अपने निरीक्षण के बिना जहाजों के निर्बाध मार्ग की अनुमति नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि रूस वहां से गुजर रहे जहाजों को नियंत्रित करने के लिए स्वयं कदम उठाएगा , हालांकि इस संबंध में उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। नेबेंजिया ने यूक्रेन पर पश्चिमी ताकतों खासकर ब्रिटेन की मदद से मानवीय आनाज गलियारे की आड़ में रूस के काला सागर बेड़े और सेवस्तोपोल के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हवाई और समुद्री हमले करने का आरोप लगाया। ए हमले 29 अक्टूबर की सुबह किए गए। संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से यूक्रेन से विश्व बाजारों में अनाज पहुंचाने के लिए रूस इस समझौते पर सहमत हुआ था। रूस ने हमलों का आरोप लगाते हुए यूक्रेन से अनाज का निर्यात करने के समझौते को निलंबित करने की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने रूस के 29 अक्टूबर के हमलों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि अनाज समझौते के तहत चलाए जा रहे जहाजों की रक्षा करने वाले नागरिक जहाजों के लिए शिपिंग कॉरिडोर सुबह चार बजे नहीं खुला था और जब जहाज गलियारे से गुजरते हैं केवल तभी इसे खोला जाता है।

## संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने डर्टी बम के रूसी दावे की जांच शुरू की

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु ऊर्जा एजेंसी के विशेषज्ञ मंगलवार को दो स्थलों का निरीक्षण कर रहे है, जहां के बारे मे रूस ने दावा किया था कि वहां डर्टी बम बनाए जा रहे है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेसी (आईएईए) प्रमुख राफ़एल मारियानो ग्रोस्सी ने एक बयान मे कहा कि यूक्रेन मे दो स्थानो पर निरीक्षण शुरू किया गया है और यह जल्द ही पूरा हो जाएगा। रूस के आरोपों के मद्देनजर यूक्रेन ने निरीक्षण करने का अनुरोध किया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित शीर्ष रूसी अधिकारियो ने ए आरोप लगाए थे कि यूक्रेन एक तथाकथित डर्टी बम का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है। डर्टी बम रेडियोधर्मी सामग्री वाला एक विस्फोटक होता है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने (संयुक्त राष्ट्र) पिछले हफ्ते सुरक्षा परिषद को लिखे एक पत्र मे आरोप लगाया था कि यूक्रेन का परमाणु अनुसंधान केंद्र और खनन कंपनी को (राष्ट्रपति वोलोदिमीर) जेलेंस्की के शासन से एक डर्टी बम विकसित करने के सीधे आदेश मिले है। पश्चिमी देशो ने आरोप को खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से झूठा करार दिया था। यूक्रेन के अधिकारियो ने आरोप को खारिज करते हुए इसे शत्रुता बढ़ाने को न्यायोचित ठहराने के लिए एक डर्टी बम का इस्तेमाल करने की अपनी (रूस की) कथित योजना से ध्यान भटकाने की कोशिश बताया। आईएईए ने कहा है कि दोनो स्थानो का निरीक्षण किया जा रहा है और वे आईएईए की निगरानी के दायरे में है तथा आईएईए के निरीक्षकों ने नियमित रूप से वहां का दौरा किया है। एजेंसी ने सोमवार को एक बयान मे कहा था, आईएईए ने एक महीने पहले दो स्थानो में से एक का दौरा किया था और वहां कोई अघोषित परमाणु गतिविधि या सामग्री नही पाई थी।

## उत्तर कोरिया ने अमेरिका को करारा जवाब देने की चेतावनी दी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यासों का विस्तार करने के लिए अमेरिका की आलोचना की है। उत्तर कोरिया दावा करता है कि ए संभावित आक्रमण का युद्धाभ्यास है तथा उसने मंगलवार को इसके जवाब में अधिक प्रभावशाली उपायों की चेतावनी दी। मंत्रालय का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया ने 200 से अधिक युद्धक विमानों के साथ हवाई अभ्यास किया। इनमें एफ-35 लड़ाकू विमान भी शामिल रहे। वहीं, उत्तर कोरिया ने भी इस साल अपने हथियारों का प्रदर्शन तेज कर दिया है। उसने 40 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने इस साल बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास फिर से शुरू किए। उन्होंने प्योंगयांग के साथ कूटनीतिक वार्ता के प्रयासों और महामारी के कारण पिछले कुछ वर्षों में अभ्यास नहीं किए थे।

## प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष पेलोसी के घुटने तोड़ना चाहता था संदिग्धः पुलिस

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष (स्पीकर) नैंसी पेलोसी के पति पर हमला करने के आरोपी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी मंशा डेमोक्रेटिक नेता के घुटने तोड़ने की थी और वह कांग्रेस के अन्य सदस्यों को दर्शाना चाहता था कि सभी को कर्मों का फल भुगतना पड़ेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आरोपी के खिलाफ मिली शिकायत के हवाले से अधिकारियों ने कहा, डेविड डेपपे (42) , ज़िप टाई, टेप और एक रस्सी लेकर शुक्रवार की सुबह दंपति के सैन फ्रांसिस्को स्थित आवास में घुसा, जिस समय पॉल पेलोसी (82) सो रहे थे और नैन्सी से बात करने की मांग की। सैन फ्रांसिस्को जिला अटॉर्नी ब्रुक जेनकिंस ने सोमवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, घर और स्पीकर को विशेष तौर पर निशाना बनाया गया था। जेनकिंस ने कहा कि डेपपे के खिलाफ हत्या के प्रयास, घातक हथियार से हमला करने और चोरी सहित कई गंभीर आरोप दायर किए गए है। उन्होंने कहा, यह हमला राजनीति से प्रेरित था।

## अभिनेता टिम रोथ के बेटे कॉर्मैक रोथ का 25 साल की उम्र में निधन

**लॉस एंजेलिस।** संगीतकार और अभिनेता टिम रोथ के बेटे कॉर्मैक रोथ का कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी है। वह 25 वर्ष के थे। परिवार ने सोमवार को एक बयान में कहा, 16 अक्टूबर को रोथ ने अपने परिवार की मौजूदगी में शांति से अंतिम सांस ली, जो उसे बेहद प्यार करता था। बेनिंगटन कॉलेज के स्नातक, रोथ एक गिटारवादक, संगीतकार और निर्माता थे।

## नेपाल में 100 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी सबसे उम्रदराज उम्मीदवार, प्रचंड के खिलाफ मैदान में



**काठमांडू।** नेपाल में 20 नवंबर को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं और उसमें 100 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी टीका दत्ता पोखरेल सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल ‟प्रचंड" के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।पोखरेल का लक्ष्य नेपाल को फिर से हिंदू राज्य बनाना है।नेपाली कांग्रेस (बीपी) के अध्यक्ष सुशील मान सेरचन के अनुसार, गोरखा जिले में पैदा हुए पोखरेल ने 67 वर्षीय प्रचंड के खिलाफ गोरखा – 2 निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया है। नेपाली कांग्रेस (बीपी) सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस से अलग हुआ गुट है। पोखरेल सोमवार को 100 साल के हो गए। सेरचन ने कहा कि पोखरेल का स्वास्थ्य अच्छा है और वह राजनीति में सक्रिय हैं।

## इजराइली राष्ट्रपति ने नागरिकों से आम चुनावों में मतदान का आग्रह किया

भाषा। यरुशलम

**इजराइली राष्ट्रपति** इसाक हर्जोग ने मंगलवार सुबह यरुशलम में मतदान करते हुए नागरिकों को ऐसे वक्त में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आग्रह किया जब कई देशों में अरबों लोग इस अहम लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित हैं। इजराइल में राजनीतिक गतिरोध तोड़ने के लिए हो रहे आम चुनावों के लिए मंगलवार सुबह मतदान शुरू हुआ। चार साल से भी कम वक्त में यह पांचवीं बार है जब आम चुनाव कराए जा रहे हैं। मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुले। मतदान रात 10 बजे तक चलेगा लेकिन आधिकारिक नतीजे बुधवार तक आने की संभावना नहीं है। सरकार बनाने की प्रक्रिया हफ्तों तक चल सकती है। हर्जोग ने कहा, इजराइल सच्चा लोकतंत्र है। लाखों मतदाता आज वोट डालने तथा देश का भविष्य एवं दिशा तय करने जाएंगे। यह एक समृद्ध लोकतंत्र हैं जिसमें कई आवाजें हैं। इजराइल के करीब 67.8 लाख नागरिक मतदान के योग्य हैं और वे 25वीं इजराइली संसद (नेसेट) का चुनाव करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा, हमें इस बड़े अधिकार का हमेशा सम्मान करना चाहिए क्योंकि कई सारे देश तथा अरबों लोग हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण रूप से इस अधिकार से वंचित हैं। प्रधानमंत्री एर लापिद ने अपनी पत्नी लिही के साथ तेल अवीव में अपने आवास के समीप स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। उन्होंने अपनी पार्टी एश आतिद को चुनने का परोक्ष संदेश देते हुए कहा, सुप्रभात, समझदारी से वोट डालें। इजराइल के लिए, हमारे बच्चों के भविष्य और हमारे भविष्य के लिए वोट डालें। इससे पहले वह अपने पिता टॉमी लापिद की कब्र पर गए, जो एक प्रख्यात पत्रकार और नाटककार थे और बाद में राजनीति में आए थे। पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी पत्नी सारा के साथ सुबह यरुशलम में मतदान किया। 73 वर्षीय नेता ने सभी से वोट डालने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ा विशेषाधिकार है।

## शिकागो में हैलोवीन की रात गोलीबारी में तीन बच्चों समेत 14 लोग घायल

भाषा। शिकागो (अमेरिका)

**शिकागो** के गारफील्ड पार्क इलाके में हैलोवीन की रात को हुई गोलीबारी में तीन बच्चों समेत 14 लोग घायल हो गए। शिकागो पुलिस ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएलएस-टीवी के अनुसार, शिकागो पुलिस अधीक्षक डेविड ब्राउन ने कहा कि इस घटना में तीन साल, 11 साल और 13 साल के तीन नाबालिग घायल हुए हैं। बाकी पीड़ित वयस्क हैं और उनकी आयु 30 से लेकर 50 साल है। इसके अलावा एक व्यक्ति कार की चपेट में आने से घायल हो गया। शिकागो दमकल विभाग ने बताया कि उसने घटनास्थल पर कम से कम 10 एम्बुलेंस भेजी थी। ब्राउन ने कहा कि कार में आए हमलावरों ने रात करीब साढ़े नौ बजे गोलीबारी की। इस घटना की एक वीडियो भी बनाई गई है, जिसे पुलिस खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि वीडियो में कम से कम दो हमलावर दिखाई दिए हैं। हालांकि, हमलावरों की संख्या इससे अधिक हो सकती है। वे भीड़ पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि घटना के पीछे के मकसद का अभी पता नहीं चला है। अभी किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

## दक्षिण कोरिया पुलिस ने हेलोवीन हादसे की जिम्मेदारी स्वीकार की

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पुलिस प्रमुख ने हेलोवीन के दिन सियोल मे हुए हादसे की बड़ी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए मंगलवार को कहा कि अधिकारियों ने शुरुआती आपात स्थिति को प्रभावी तरीके से नही संभाला जिससे यह घटना बड़ी त्रासदी साबित हुई। पुलिस द्वारा यह जिम्मेदारी ऐसे समय ली गई है जब कोरिया की सरकार से जनता लगातार सवाल कर रही है कि क्या रात्रि की जिंदगी के लिए मशहूर सियोल के इटेवन जिले में शनिवार को हुए हादसे को रोका जा सकता था और देश में आई इस आपदा के लिए कौन जिम्मेदार है? कोरियाई राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी के महा आयुक्त यून ही क्यून ने कहा, मै सरकार के संबंधित विभाग का प्रमुख होने के नाते (इस आपदा के लिए) इसकी बड़ी जिम्मेदारी लेता हूं। टेलीविजन चैनल पर प्रसारित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, पुलिस इस तरह के हादसो को भविष्य मे रोकने के लिए हर संभव कोशिश करेगी। यून ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि कई लोगों ने भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन को संभावित हादसे के प्रति आगाह किया था लेकिन मौके पर तैनात अधिकारियो ने चेतावनी को हल्के में लिया।

## यूनान में प्रवासियों को ले जा रही नौका डूबी, दर्जनों लापता

**एथेंस।** तुर्की से आ रही एक नौका एविया और एंड्रोसो के द्वीप के बीच पलट गई, जिसके बाद उसमें सवार दर्जनों प्रवासी लापता हैं। घटना के बाद व्यापक खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। यूनान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तटरक्षकों ने मंगलवार को कहा कि यूनान की राजधानी एथेंस के पूर्व में स्थित इन द्वीपों के कफीरा जलडमरूमध्य में एक निर्जन टापू पर नौ लोग मिले हैं। सभी पुरुष हैं। तटरक्षकों द्वारा गश्ती नौका के जरिए बचाए गए लोगों ने अधिकारियों को बताया कि नौका जब डूबी तब उसमें लगभग 68 लोग सवार थे और वे लोग तुर्की के तट पर इजमिर से रवाना हुए थे। अधिकारियों को मंगलवार तड़के नौका में सवार यात्रियों की ओर से घटना की सूचना मिली कि वे मुश्किल में हैं। हालांकि वे यह नहीं बता पाए कि वे किस जगह फंसे हुए हैं।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन उछाल

**● सेंसेक्स 61,000 अंक के पार**

भाषा। मुंबई



**विदेशी** बाजारों में तेजी के साथ सकरात्मक वृहत आर्थिक आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को भी तेजी का रुख जारी रहा और सेंसेक्स 61,000 अंक के पार निकलकर नौ माह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि रुपए की विनियम दर में सुधार और विदेशी निवेशकों की लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में लाभ में रहा और 374.76 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,121.35 अंक पर बंद हुआ। इस साल 17 जनवरी के बाद सेंसेक्स पहली बार 61,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 133.20 अंक यानी 0.74 प्रतिशत चढ़कर 18,145.40 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी के शेयर में सबसे अधिक पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पावरग्रिड, डॉ रेड्डीज, इन्फोसिस, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा और एशियन पेंट्स के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ केवल एक्सिस बैंक, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी निवेशकों की लिवाली और वैश्विक बाजारों के समर्थन से तेजड़िए घरेलू बाजार को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने कहा, खरीद प्रबंधन सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर में भारत में विनिर्माण संबंधी गतिविधियां मजबूत रहीं और नए ऑर्डर एवं उत्पादन में वृद्धि के रूप में मूल्य निर्धारण दबाव को नियंत्रण में रखा गया। नायर ने कहा, ब्याज दरों में बढ़ोतरी की रफ्तार में कमी के किसी भी संकेत के लिए निवेशक केंद्रीय बैंकों की नीतिगत बैठकों पर नजर रख रहे हैं। वहीं, माल एवं सेवा कर संग्रह (जीएसटी) अक्टूबर में 16.6 प्रतिशत बढ़कर 1.52 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया। यह अबतक का दूसरा सबसे उंचा जीएसटी संग्रह का आंकड़ा है। इसके अलावा बीएसई मिडकैप में 1.04 प्रतिशत और स्मॉलकैप में 0.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस सप्ताह केंद्रीय बैंकों की बैठकों से पहले वैश्विक बाजारों ने तेजी का सिलसिला बरकरार रखा।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.45 प्रतिशत बढ़कर 94.16 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। उन्होंने सोमवार को 4,178.61 करोड़ रुपए के मूल्य के शेयर खरीदे।

## 10 करोड़ सदस्यों तक बढ़ाया जाएगा ईपीएफओ का दायराः भूपेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ का दायरा मौजूदा 6.5 करोड़ सदस्यो से बढ़ाकर 10 करोड़ सदस्यो तक किया जाएगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 70वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह मे यादव ने कहा, ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे का विस्तार किया जाएगा। इसे 6.5 करोड़ सदस्यो से बढ़ाकर 10 करोड़ किया जाएगा। उन्होने ईपीएफओ के विजन 2047 दस्तावेज का अनावरण भी किया

## ऑस्ट्रेलिया में लगातार 7वें महीने ब्याज दर में बढ़ोतरी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैक ने मंगलवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर मे लगातार सातवें महीने बढ़ोतरी करते हुए इसे 2.85 प्रतिशत पर पहुंचा दिया। यह पिछले नौ साल का उच्च स्तर है। रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने अपनी मासिक बोर्ड बैठक मे नकद दर को 0.25 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया। इसके साथ ही रिजर्व बैक ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया मे मुद्रास्फीति बहुत अधिक है और बोर्ड आगे भी ब्याज दरो मे बढ़ोतरी कर सकता है। केंद्रीय बैक ने कहा कि वह मुद्रास्फीति को काबू मे लाने के लिए दृढ़ है।

## ईज़मायट्रिप की 555 करोड़ रुपये की बिक्री

**नई दिल्ली।** भारत के दूसरे सबसे बड़े ऑनलाइन ट्रैवेल टेक प्लेटफॉर्म ईज़मायट्रिप की शानदार ट्रैवेल उत्सव फेस्टिव सेल के दो फेज पूरे हो चुके हैं। इसके तहत आकर्षक डील्से 6 से 16 अक्टूबर 2022 तक चालू थी। इस दौरान दिल्ली की इस कंपनी ने 350 करोड़ रुपये का अभूतपूर्व ट्रांजैक्शटन देखा, जो कि इतिहास में दर्ज सबसे ज्यादा था। ट्रैवेल उत्सनव फेस्टिव सेल्स़ ग्राहकों की बढ़िया प्रतिक्रिया का परिणाम है, जिसका दूसरा चरण 17 से 23 अक्टूबर 2022 तक के लिये विस्तार के तौर पर घोषित किया गया था। कुल मिलाकर 6 से 23 अक्टूवबर तक की सेल्स अवधि में 555 करोड़ रुपये की संपूर्ण बिक्री हुई। ट्रैवेल उत्सएव फेस्टिव सेल में त्यौहारों की सरगर्मी के दौरान बड़ी ही आकर्षक डील्स रखी गई थीं, और अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू उड़ानो, होटलों, कैब्सी, ट्रेनों, बसों, क्रूज़ और हॉलीडे पैकेज पर भारी छूट दी गई। ग्राहकों की प्रतिक्रिया से खुश ईज़मायट्रिप के सीईओ और कोफाउंडर निशांत पिट्टी ने कहा कि ट्रैवेल उत्सहव फेस्टिव सेल्सी परिवार और एकजुटता के महत्व का जश्न मनाता है।

## भारत की अध्यक्षता में जी20 व्यापक आर्थिक कमजोरियों, वर्चुअल मुद्रा पर ध्यान केंद्रित करेगाः सीईए

भाषा। नई दिल्ली

भारत की अध्यक्षता में जी20 व्यापक आर्थिक कमजोरियों से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देगा। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही। भारत एक दिसंबर, 2022 से एक साल के लिए जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। जी20 विकसित और विकासशील देशों का एक समूह है, जिसकी वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 85 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में जी20 की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी है और दुनिया की दो-तिहाई आबादी इन देशों में रहती है। आर्थिक शोध संस्थान इक्रियर द्वारा आयोजित एक चर्चा में नागेश्वरन ने कहा कि भारत ऐसे महत्वपूर्ण समय में जी20 की अध्यक्षता करने जा रहा है, जब दुनिया कई बाधाओं का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, इन हालात में, भारत की अध्यक्षता का मकसद निकट अवधि में व्यापक आर्थिक कमजोरियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। ए मुद्दे खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि ए चुनौतियां ऊर्जा बुनियादी ढांचे में निवेश और भू-राजनीतिक घटनाक्रम से प्रेरित हैं। नागेश्वरन ने कहा कि इसके अलावा क्रिप्टोकरेंसी जैसी वर्चुअल मुद्रा (आभासी संपत्ति) से निपटने के लिए वैश्विक सहमति विकसित करने के प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता के दौरान सर्वसम्मति पर आधारित समाधान की पहचान करने, वैश्विक समुदाय की प्रतिक्रिया के पैमाने और दायरे को तेज करने और विकासशील देशों के लिए बफर तथा सुरक्षा व्यवस्था करने पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आभासी संपत्ति के विनियमन और सीमापार धनप्रेषण जैसी चुनौतियों का भी समाधान खोजना है।

**Public Notice**

Notice is hereby given to the General public that Mrs. Saroj Chhabra is absolute owner of Second Floor with half roof rights "said floor", built on Property bearing No. 134, area measuring 220.5 sq. yds., situated in the colony known as Raja Garden, New Delhi, area of Village Bassai Darapur, Delhi state Delhi, with in the limit of Delhi Municipal Corporation, New Delhi-11001 by way of Partition Deed dated 04.10.2019 executed between Mr. Ramesh Chander Chhabra (as first party) and Mrs. Saroj Chhabra (as second party). Now, Mrs. Saroj Chhabra intending to sell the above said property to Mrs. Jasmeet Kaur and further Mrs. Jasmeet Kaur and Mr. Avneet Singh Tooray are mortgaging the said property with Aditya Birla Housing Finance Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Northex Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) MAH_FURIO11FBT REG. NO. UP14HT8805-YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 287810

2) TATAMOTORS_TATAXENON REG. NO. HR55AG3807-YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 172977

3) SWRJ_MAZDA_SM_SARTAJ REG. NO. DL1LAA6846-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 232958

4) SWRJ_MAZDA_SM_SARTAJ REG. NO. DL1LAA6811-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 232958

5) TATAMOTORS_T1518FBGD REG. NO. UP14HT4779-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 423118

6) TATAMOTORS_TLPT1109CT REG. NO. UP16GT0480-YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 450598

7) TATAMOTORS_T1518CBGD REG. NO. UP14GT7298-YOM -2017
MINIMUM RESERVE PRICE 385585

8) TATA_LPT709FB REG. NO. DL1LAC6109- YOM - 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 459075

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 16.11.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :RAJESH ANTIL KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL-rajesh.antil@kotak.com

## यूपीआई के जरिए अक्टूबर में लेनदेन 7.7 प्रतिशत बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**एकीकृत भुगतान** प्रणाली यूपीआई के जरिए अक्टूबर में 12.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का भुगतान किया गया। इस दौरान लेनदेन की संख्या भी 7.7 प्रतिशत बढ़कर 730 करोड़ पर पहुंच गई। यूपीआई के जरिए सितंबर में 11 लाख करोड़ रुपए मूल्य का भुगतान हुआ था जबकि लेनदेन की संख्या 678 करोड़ रही थी। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार, तत्काल हस्तांतरण-आधारित भुगतान प्रणाली (आईएमपीएस) के जरिए अक्टूबर में 4.66 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 48.25 करोड़ लेनदेन हुए। यह संख्या सितंबर की तुलना में 4.3 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा एनईटीसी फास्ट टैग के लिए यूपीआई के जरिए अक्टूबर में लेनदेन की संख्या में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सितंबर में इसके जरिए लेन-देन की संख्या 28.3 करोड़ थी।

## भारत प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में उभरा, अफ्रीका की आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है : एक्जिम बैंक की रिपोर्ट

भाषा। जोहानिसबर्ग

**एक्ज़िम बैंक** की यहां जारी एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत हाल के वर्षों में एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में उभरा है और 2017-2021 के दौरान मॉरीशस, मोजाम्बिक तथा सेशेल्स भारतीय हथियारों के प्रमुख खरीदार बन गए। इसमें यह भी गया है कि नई दिल्ली अफ्रीका की समुद्री, वैमानिकी और रक्षा आवश्यकताओं को भी पूरा कर सकती है। भारत-दक्षिण अफ्रीका विकास साझेदारी पर सीआईआई-एक्ज़िम बैंक क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर इंडिया एक्ज़िम बैंक की दक्षिणी अफ्रीका के साथ भारत के आर्थिक जुड़ाव को फिर से मजबूत करना शीर्षक से रिपोर्ट जारी की गई। सम्मेलन में मंगलवार को सरकारी अधिकारी और व्यापार एवं उद्योग जगत की हस्तियां संभावित सहयोग के क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा कर रही हैं। रिपोर्ट में अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों के साथ भारत के रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के लिए भारत के वर्तमान दृष्टिकोण में एक बदलाव की भी बात कही गई, जो आवश्यकता-आधारित है और प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण तथा मानवीय सहायता के माध्यम से सशक्तीकरण पर केंद्रित है। वैमानिकी, रक्षा, समुद्री उपकरण और पोत संबंधी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने से अफ्रीका की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है तथा तकनीकी क्षमता में वृद्धि हो सकती है और साथ ही 2025 तक भारत के पांच अरब डॉलर के रक्षा निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त करने में तेजी ला सकती है। भारतीय सैन्य वाहन निर्माता जैसे टाटा मोटर्स और अशोक लीलैंड पहले से ही नेटवर्क का हिस्सा हैं। आगे के क्रम में, समुद्री खंड में स्वदेशी रूप से विकसित नए युग की तकनीक, जिसमें पानी के नीचे चलने वाली मानवरहित प्रणाली, मानवरहित हवाई प्रणाली और ड्रोन भी शामिल हैं।

## अक्टूबर में बिजली खपत मामूली बढ़त के साथ 114.64 अरब यूनिट पर

भाषा। नई दिल्ली

**देश में बिजली** की खपत अक्टूबर में एक साल पहले की तुलना में 1.64 प्रतिशत बढ़कर 114.64 अरब यूनिट हो गई। एक सरकारी आंकड़े में यह जानकारी दी गई। इस महीने अप्रत्याशित ढंग से भारी बारिश होने से तापमान में कमी आने से बिजली की जरूरत कम पड़ी। इस वजह से अक्टूबर में बिजली की मांग अपेक्षाकृत सुस्त रफ्तार से बढ़ी।हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में देश के उत्तरी राज्यों में ठंड बढ़ने से बिजली की मांग में तेजी आएगी। सर्दियों के मौसम में घरों को गर्म करने और रबी फसल सत्र में आर्थिक गतिविधियों में सुधार होने से एक बार फिर बिजली की खपत बढ़ेगी। दरअसल, फसलों की बुवाई एवं सिंचाई के लिए किसान ट्यूबवेल का इस्तेमाल करते हैं जिसके लिए बिजली की जरूरत पड़ती है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर, 2022 में बिजली की खपत 114.64 अरब यूनिट रही जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 112.79 अरब यूनिट थी। वहीं अक्टूबर, 2020 में 109.17 अरब यूनिट बिजली की खपत हुई थी। इस महीने में एक दिन की सबसे ज्यादा बिजली आपूर्ति 186.90 गीगावॉट रही। एक साल पहले यह 174.44 गीगावॉट रही थी। जानकारों का कहना है कि अक्टूबर के महीने में बिजली की खपत में मामूली बढ़त होने को आर्थिक गतिविधियों में नरमी का संकेत नहीं माना जाना चाहिए। खपत में आंशिक वृद्धि की वजह अक्टूबर में कई दिनों तक देश के कई इलाकों में लगातार बारिश होने से तापमान में नरमी रही।

## कोल इंडिया का कोयला उत्पादन अप्रैल-अक्टूबर में 17 प्रतिशत बढ़कर 35.19 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों मे 17.4 प्रतिशत बढ़कर 35.19 करोड़ टन हो गया। सीआईएल ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना मे कहा कि अप्रैल से लेकर अक्टूबर के बीच उसका उत्पादन 35.19 करोड़ टन रहा है जबकि एक साल पहले की समान अवधि मे यह 29.96 करोड़ टन था। सार्वजनिक क्षेत्र की इस महारत्न कंपनी ने अक्टूबर, 2022 मे 5.29 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। एक साल पहले के इसी महीने मे सीआईएल का कोयला उत्पादन 4.98 करोड़ टन रहा था। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में उसका कोयला उठाव बढ़कर 38.57 करोड़ टन हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि मे यह 36.47 करोड़ टन रहा था।

# हत्या के आरोपी चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास

भाषा। बलरामपुर

**बलरामपुर जिले** की एक अदालत ने गैर इरादतन हत्या के एक जुर्म में चार सगे भाइयों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। सरकारी अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने मंगलवार को बताया कि जिले में देहात थाना क्षेत्र के विशनापुर गांव में गज्जू तथा उसके सगे भाइयों-- आजाद, जुग्गीलाल तथा मिथुन ने आठ जून 2011 को प्रह्लाद पाण्डेय नामक व्यक्ति के साथ मारपीट की थी और बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सिंह के अनुसार इस मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश लल्लू सिंह ने इस मामले के दोनों पक्षों को सुनने के बाद सभी चारों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सोमवार को उन्हें उम्रकैद और एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इसी तरह जिले की त्वरित अदालत (द्वितीय) ने एक दलित किशोरी से दुष्कर्म के करीब 20 साल पुराने एक मामले में आरोपी को आजीवन कारावास तथा 41 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार तुलसीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2001 में एक दलित किशोरी से बलात्कार किया गया था। इस मामले में गुरुदीप सिंह उर्फ राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। त्वरित अदालत के न्यायाधीश महेन्द्र कुमार ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सोमवार को आरोपी गुरुदीप सिंह को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास तथा 41 हजार रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई।

## खेत में मिला लापता किशोर का शव, छह पर मुकदमा

**शाहजहांपुर (भाषा)।** शाहजहांपुर जिले में तीन दिन से लापता किशोर का शव एक खेत में मिला है और इस मामले में एक दंपति समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि आरसी मिशन थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव में रहने वाला मुनीम गुप्ता का 15 वर्षीय पुत्र राम जी गत शनिवार से लापता था। मुनीम ने रविवार को थाने में अपने पुत्र की गुमशुदगी की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि लड़के का शव सोमवार को आरसी मिशन थाने के सामने खेत से मिला। उन्होंने बताया कि मुनीम गुप्ता ने मोहन मौर्य, सुमन मौर्य और उनकी बेटी तथा तीन अन्य लोगों के खिलाफ राम जी की हत्या का आरोप लगाया और इस संबंध में मामला दर्ज कराया। कुमार ने बताया कि राम जी के पिता ने आरोप लगाया गया है कि मोहन मौर्या और उसकी पत्नी सुमन ने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी और कहा था कि वह अपने बेटे को समझाएं कि वह उनकी बेटी से ना मिला करे। मुनीम का आरोप है कि इसी के चलते राम जी की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि राम जी का शव मिलने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने थाने के सामने सड़क पर रास्ता जाम कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार देर रात तक जाम नहीं खुलने के बाद ग्रामीणों को समझाया और कार्वाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद मार्ग को खोल दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# जीवन की वास्तविक कलाओं के विकास में सहयोगी है संस्कृत: प्रो. शैलेन्द्रनाथ



संस्कृत संभाषण वर्ग में अपना विचार व्यक्त करती छात्रा व मंचासीन अतिथिगण

संवाददाता। गोंडा

**श्री लाल** बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज में संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय संस्कृत सम्भाषण वर्ग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीसीएस में चयनित भारतीय इण्टर कॉलेज कटरा बाजार के संस्कृत प्रवक्ता डॉ. नित्यानन्द चतुर्वेदी का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि संस्कृत भाषा में नवीन शब्दों के निर्माण की अनन्त सम्भावनाएं हैं। ज्योतिर्विज्ञान का सूर्य सिद्धान्त विविध खगोलीय गणनाओं का आधार है। साथ ही संस्कृत भाषा जीवन जीने की वास्तविक कलाओं का विकास करती है। विशिष्ट अतिथि प्रो. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि संस्कृत भाषा पूर्णरूप से वैज्ञानिक व शुद्ध है। संस्कृत भाषा राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करने का कार्य करती है। प्रोण् शिवशरण शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में नासा ने भी संस्कृत भाषा को सातवीं पीढ़ी के कम्प्यूटर के लिए सबसे उपयुक्त भाषा मानी है। हिन्दी भाषा का मूल संस्कृत ही है। प्रो. राम समुझ सिंह ने कहा कि आने वाला समय संस्कृत भाषा के उत्थान व विकास का है।

संस्कृत भाषा मानवीय संवेदनाओं को जागृत करने व मानवीय मूल्यों को विकसित करने वाली भाषा है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो रवीन्द्र कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों में नवीन ऊर्जा का संचार करते हैं और भविष्य के लिए पाथेय बनते हैं। साथ ही संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता योग, आयुर्वेद, ज्योतिष, भूगर्भ विज्ञान के साथ साथ विविध क्षेत्रों है। स्वागत भाषण विभाग के अध्यक्ष व संस्कृत सम्भाषण वर्ग के संयोजक प्रो मंशाराम वर्मा ने कहा कि सम्भाषण वर्ग में संस्कृत भाषा के विद्यार्थियों का उत्साह प्रशंसनीय है। सात दिन तक चलने वाला यह वर्ग छात्रों में संस्कृत बोलने में मील का पत्थर साबित होगा। छात्रसंघ के अध्यक्ष उमेश शुक्ला ने भी छात्रों को वर्ग में पूर्ण मन से प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रो. वन्दना सारस्वत, प्रो.रंजन शर्मा, प्रो. जेबी पाल, प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव, डा पुष्यमित्र मिश्र, डा अवधेश कुमार वर्मा, डा अच्युत शुक्ला, डा ममता शुक्ला, रुपनारायण सिंह, राममूर्ति सिंह तथा प्रतिभागी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## राजकीय कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए अतिरिक्त बसों के संचालन की मांग

**डलमऊ रायबरेली ।** 8 नवंबर को डलमऊ मे आयोजित राजकीय कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारियां जोरो पर है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ट्रैक्टर व लोडर के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के बाद श्रद्धालुओं को यातायात की परेशानी के मद्देनज़र नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौर नेअतिरिक्त



बसों के संचालन की मांग करते हुए कैबिनेट मंत्री दिनेश सिंह,जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव एवं परिवहन विभाग के आरएम को पत्र लिखकर एक बड़ी समस्या से अधिकारियों को अवगत कराते हुए निदान की मांग की है कार्तिक पूर्णिमा मे लगभग दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के यातायात का ट्रैक्टर और लोडर एक प्रमुख साधन होता है जिस पर शासनादेश के उपरांत ट्रैक्टर और लोडर पर श्रद्धालुओं को लाने पर संकट के बादल दिखाई पड़ रहे है।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर आरेडिका में कार्यक्रम



**रायबरेली।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के उपलक्ष में 1 नवम्बर को आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली में सुबह 07:30 बजे, केंद्रीय विद्यालय/आरेडिका के प्रांगण में वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी/आरेडिका/रायबरेली द्वारा प्रधानाचार्य, सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को सतर्कता प्रतिज्ञा दिलाई गयी एवं साथ ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत विषय पर व्याख्यान भी दिया गया। इसी क्रम में भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत विषय पर वाद-विवाद, निबंध लेखन एवं कार्टून-पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया। अपराहन में कार्य निविदा से सम्बधित विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें यात्रिंक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सतर्कता विभाग के अधिकारियों की भागिदारी में व्याख्यान दिया गया। इसमें गूगल मीट के माध्यम से लगभग 100 लोगों ने हिस्सा लिया।

# कार्तिक मेला तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

संवाददाता। बांदा

**कार्तिक पूर्णिमा के** अवसर पर दिनांक 08 नवम्बर से 10 नवम्बर 2022 तक कालिंजर फोर्ट में आयोजित होने वाले कार्तिक मेला की तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बैठक में सभी विभागों के द्वारा कार्तिक मेले में अपने.अपने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के स्टाल लगाये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि मेले के आयोजन हेतु सभी तैयारियों को समय से पूर्ण किया जाए। उन्होंने मेला परिसर सहित नरैनी क्षेत्र में आवश्यक साफसफाई व्यवस्था कराये जाने तथा स ?क की मरम्मत कराये जाने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने मेले के अवसर पर समुचित विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पेयजल हेतु पानी के टैंकर एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेन्स आदि की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने मेले में कृषिए सहकारिताए पर्यटनए स्वास्थ्यए ओडीओपी जैविक एवं प्राकृतिक खेती दुग्ध समाज कल्याणए आंगनबाडी एवं कार्यक्रम विभाग तथा आयुर्वेद बेसिक शिक्षा आदि विभागों की प्रदर्शनी हेतु स्टाल लगाये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी नरैनी को आयोजित होने वाले इस मेले की सभी आवश्यक तैयारियों टेन्टए स्टॉलए बैरिकेटिंग आदि की व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कालिंजर मंदिर में लाइटिंग की व्यवस्था तथा वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था तथा फायर की गाडी की भी उपलब्धता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने मेले में समुचित सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में भी क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले ग्राउन्ड का समतलीकरण का कार्य विकास खण्ड अधिकारी शीर्घ्र करायें तथा रोलर आदि चलवाकर कार्य पूरा करें। उन्होंने पर्यटन विभाग प्रदर्शनी आयोजित करने के निर्देश दिए। इस मेले को आकर्षक बनाने हेतु तरह.तरह के झूले लकडी के समान की दुकाने तथा जनपद के प्रत्येक विभाग के स्टाल लगवाये जाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल.कूद कराये जाने के निर्देश दिए।

## राम जन्म के साथ नवल किशोरी रामलीला का शुभारंभ

**कोंच(जालौन)।** बजरिया की श्री नवलकिशोर रामलीला के 65वें महोत्सव की पहली प्रस्तुति के रूप में सोमवार की रात रामलीला रंगमंच पर ''राम जन्म'' लीला का मंचन किया गया जिसमें दर्शाया गया कि किस प्रकार देवर्षि नारद ने श्रीहरि को श्राप दिया और उसका मान रखने के लिए बिष्णु ने रामावतार धारण किया। गणेश वंदना और कोरस से प्रारंभ हुए रामलीला मंचन में दर्शाया गया, रावण तपस्या करके असीम शक्तियां प्राप्त कर मदांध हो जाता है और उसके अत्याचारों से त्रस्त पृथ्वी भगवान बिष्णु से प्रार्थना करती है कि उसके ऊपर रावण के पापों का जो बोझ है उसे दूर करें। भगवान बिष्णु अयोध्या में राजा दशरथ के यहां अपने अंशों के साथ राम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के रूप में अवतार धारण करते हैं।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता। डीह

**उच्च प्राथमिक** विद्यालय जगदीशपुर में न्याय पंचायत स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाए खेल में सामान्य व दिव्यांग बच्चों ने बड़ चड़ कर प्रतिभाग किया जिसमें प्राइमरी स्तर पर बालक व बालिका की 50 मीटर दौड़ में मो समीर डीह प्रथम व सलोनी प्रा वि कोल 200 व 400 मीटर दौड़ में सलोनीए हिमांशीए आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त कियाए दिव्यांग बच्चों की 100 मीटर की दौड़ में मूकबधिर छात्र अजय ने प्रथम व विकास ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया 100 मीटर की दौड़ में मूकबधिर छात्र आशीष प्रथम व मानसिक मंद छात्र अनुज द्वितीय स्थान रहा खो खो व कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय जगदीश पुर व सादीपुर कोटवा के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। समस्त विजेता प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश ने पुरस्कृत किया और उन्होंने अपने



सम्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है ।खेल में निर्णायक की भूमिका खेल अनुदेशक तरुण श्रीवास्तव दिनेश भारती व विशेष शिक्षक बृजेश यादव ने निभाई ।व्यापार मंडल डीह के अध्यक्ष श्रवण अग्रहरि ने विजेता दिव्यांग प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका हौसला आफ्जाई किया इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कमलेश ओझा संकुल शिक्षक डीह सुशील सिंह अजय मिश्रा राकेश तिवारी रंजीत शाह अमित सिंह चौहान विपिन मिश्रा सत्यानंद मिश्राबृजेश यादव अमित चौहान श्रवण अग्रहरि कुनाल यादवए विभव तिवारी जितेंद्रए पंकज जावेद आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# आजम खान दो पुराने मामलों में अदालत में पेश

भाषा। मुरादाबाद

**मुरादाबाद** की एमपी-एमएलए अदालत (सांसद-विधायक अदालत) में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान मंगलवार को सिने अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जया प्रदा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने सहित दो पुराने मामलों में पेश हुए। अदालत ने दोनों मामलों की अगली सुनवाई के लिए तीन और चार नवंबर की तारीख मुकर्र की है। जया प्रदा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने से संबंधित 2019 के एक मामले और उनके वाहन की जांच के लिए पुलिस अभियान के विरोध में छजलैट इलाके में धरना देने से जुड़े 2008 के एक अन्य मामले के संबंध में खान मुरादाबाद अदालत में पेश हुए। खान के अधिवक्ता शाहनवाज ने बताया कि अदालत ने उनके बचाव में तथ्यों के साथ

### अगली सुनवाई तीन एवं चार नवंबर को

उपस्थित होने की उनकी अपील को स्वीकार कर लिया तथा छजलैट और जयाप्रदा से संबंधित मामलों में सुनवाई के लिए क्रमश: तीन और चार नवंबर की तारीख तय की है। अधिवक्ता ने कहा कि खान अगली दो तारीखों को पेश होंगे। खान को बृहस्पतिवार को रामपुर की सांसदविधायक अदालत ने 2019 के अभद्र भाषा के एक मामले में तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। प्रावधानों के अनुसार आदेश के एक दिन बाद उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। अदालत ने खान को भड़काऊ भाषण देने के मामले में बृहस्पतिवार को दोषी करार देते हुए तीन साल कैद और छह हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम कहता है कि दो साल या उससे अधिक की सजा पाने वाले किसी भी व्यक्ति को ऐसी सजा की तारीख सै विधानमंडल की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और जेल में समय बिताने के बाद छह साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। 2008 में, खान और उनके समर्थकों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था जब पुलिस ने उन्हें वाहनों की जांच के लिए रोका था और सपा नेता और समर्थकों ने हरिद्वार राजमार्ग पर छजलैट इलाके में धरना दिया था। 2019 में जया प्रदा के खिलाफ यहां एक सार्वजनिक समारोह में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ एक और मामला दर्ज किया गया था। आजम खान ने पत्रकारों से बातचीत नहीं की और अदालती कार्यवाही के तुरंत बाद रामपुर के लिए रवाना हो गए।

## बिजनौर में व्यक्ति ने अपने दो बच्चों पर पेट्रोल डालकर आग लगाई, गिरफ्तार

**बिजनौर (भाषा)।** बिजनौर के कोतवाली इलाके में पत्नी से झगड़े के बाद एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने दोनों बच्चों के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे दोनों के चेहरे झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रवीण रंजन सिंह ने मंगलवार को बताया कि थाना कोतवाली बिजनौर के गांव गोपालपुर मौजी की वंदना ने मंगलवार को अपनी शिकायत में ससुराल वालों पर शादी के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और कहा कि सोमवार रात पति अरुण ने झगड़ा करने के बाद उसके और बच्चों आरव (चार) और उर्वशी (दो) के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

# आटा टोल कर्मियों की गुंडई पर विहिप नेताओं ने दिखाये तेवर

**उरई (जालौन)।** नेशनल हाईवे में स्थित आटा टोल प्लाजा पर चौबीस घंटे पूर्व टोल कर्मियों द्वारा विश्व हिंदू परिषद के रवि राठौर एवं उनकी पत्नी के साथ अभद्रता की गई एवं मारपीट की गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है इसके बाद इसकी तहरीर दोनों पक्षों द्वारा आटा थाने में दी गयी थी। लेकिन उक्त मामले में चौबीस घंटे बाद आटा थाना पुलिस द्वारा एफ्आईआर दर्ज न किया जाना भी कई प्रश्नों को जन्म दे रही है। तो वहीं इस मामले में विहिप नेताओं में चर्चाओं का बाजार गर्माने लगा है। नाम न छापने की शर्त पर विहिप नेताओं का कहना था कि आटा टोल प्लाजा पर इस तरह की गुंडई को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। साथ ही इस मामले की शिकायत केंद्र व प्रदेश सरकार तक भेजी जायेगी। वहीं जब इस मामले में कालपी सीओ राम सिंह से जानकारी चाही तो उनका कहना था कि थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय हो कि आटा क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर बने टोल पर जहां हमेशा मारपीट संबंधी इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रहती है टोल पर तैनात कर्मचारियों के अपने ही अलग कानून हैं। जहां निर्णय ऑन द स्पॉट होता है और जिसके आगे प्रशासन भी मजबूर हैं आखिर टोल कर्मियों की गुंडई कब तक चलेगी और राहगीरों को आखिर कब तक परेशान होना होगा ये सारी बातें कानून व्यवस्था पर हालिया प्रश्न चिन्ह लगाती है। वहीं विश्व हिन्दू परिषद के रवि राठौर का कहना है कि टोल का समय समाप्त हो गया है फिर भी अवैध टोल वसूला जा रहा है। साथ ही साथ ओवर लोडिंग के मामलों में आटा टोल की संलिप्तता पाई जाती है एवं ओवर लोडिंग ट्रकों से अवैध वसूली कर पर्ची नहीं काटते हैं और राजस्व को चूना लगाते हैं ।

## क्विक न्यूज

### छह वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच (भाषा)।** बहराइच जिले मे मुर्तिहा थाना क्षेत्र के एक गांव मे छह वर्षीय एक बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुर्तिहा के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शशि प्रताप राना ने मंगलवार को तहरीर के हवाले से बताया कि छह वर्षीय एक बच्ची रविवार रात दुकान से कुछ सामान खरीदने घर से निकली थी तथा मुक्कू (19)उसे अकेला पाकर पास में मौजूद एक खाली घर मे ले गया जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी के अनुसार बच्ची ने घर पहुंच कर अपने पिता को आपबीती बताई तब उसने (उसके पिता ने) थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। निरीक्षक ने बताया कि मुक्कू के खिलाफ दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं मे मामला दर्ज किया गया है। उन्होने कहा कि मुक्कू अपने मामा के घर से फरार हो गया लेकिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार सुबह गांव के ही एक खेत से उसे गिरफ्तार किया एवं विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया। मुक्कू (19) अपने मामा के घर रहने आया हुआ था। पुलिस के अनुसार सरकारी अस्पताल में पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण व उपचार कराने के बाद उसे घर भेज दिया गया है। राना के मुताबिक पुलिस मामले की गहराई से तहकीकात कर रही है।

### पुलिस की वसूली से परेशान दुकानदार ने पिया तेजाब

**कौशांबी (भाषा)।** कौशांबी जिले के सराय अकिल क्षेत्र में एक दुकानदार ने पुलिस चौकी के प्रभारी पर जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए मंगलवार को तेजाब पी लिया और उसका इलाज किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया कि सराय अकिल थाना क्षेत्र में नेवादा गांव के दुकानदार दिनेश कुमार सेन (26) ने भगवानपुर चौकी प्रभारी विक्रम अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए तेजाब पी लिया जिसके बाद उसे प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि दुकानदार का आरोप है कि चौकी प्रभारी आए दिन दुकानदारों से 500 रुपए मांगते हैं और न देने पर वह उन्हें प्रताड़ित करते है। इस मामले मै पीड़ित युवक का वीडियो भी वायरल हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच क्षेत्राधिकारी श्याम कांत को सौंपी गई है तथा जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

**बाराबंकी (भाषा)।** बाराबंकी जिले में सतरिख क्षेत्र के संदौली गांव में ट्रेन की चपेट में आने से दो बच्चो की मौत हो गई। पुलिस सूत्रो ने बताया कि लखनऊ के गोमतीनगर थानाक्षेत्र मे डिगडिगा निवासी रंजीत कुमार का पुत्र हरिकेश (10) अपनी मां सुमन के साथ बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र के संदौली गांव मे अपने नाना बुधराम के यहां भैया दूज के मौके पर आया था और तब से वह यही पर था। सूत्रों के अनुसार वह सोमवार को पड़ोस में रहने वाले आयुष (नौ) के साथ खेलते-खेलते खेतों की ओर निकल गया। उन्होंने बताया कि देर शाम कुछ ग्रामीणों ने गांव के पास से गुजरी रेल पटरी के किनारे हरिकेश और आयुष के शव देखे। उनके अनुसार सतरिख पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। सतरिख के थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया ऐसा लगता है कि बच्चे खेलते समय ट्रेन की चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक से टक्कर मारकर घायल करने पर हुई रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)।** बाइक से टक्कर मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। एट थाना क्षेत्र के ग्राम हरदोई गूजर निवासी प्रताप राठौर पुत्र गंगाप्रसाद ने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 26 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे उसका बेटा पैदल ही घर से रतनगढ़ देवी मंदिर जा रहा था। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री के समीप मुख्य मार्ग पर डिस्कवर बाइक यूपी 92 बी 2441 पर सवार संजय अहिरवार पुत्र नरेश व जितेंद्र पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम पड़री ने लापरवाही बरतते हुए पीछे से उसके बेटे को जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायलावस्था में राहगीरों द्वारा बेटे को उपचार हेतु सीएचसी कोंच ले जाया गया था।

# डेढ़ माह बाद युवक का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**शाहजहांपुर ।** शाहजहांपुर जिले में कथित रूप से फांसी पर लटके मिले एक युवक की हत्या की आशंका के चलते डेढ़ माह बाद कब्र से उसका शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि कोतवाली क्षेत्र के महमंद गली मोहल्ले में आदिल (22) की 16 सितंबर को मौत हो गई थी जिसके बाद परिजनों ने उसके शव को दफना दिया था। उन्होंने बताया कि आदि माता-पिता के निधन के बाद वह अपने चाचा आदि के साथ संयुक्त परिवार में रहता था। नगर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह ने बताया कि आदिल की मौसी रूबी ने जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को दी गई अपनी शिकायत में दावा किया कि उसकी बहन के बेटे आदिल की हत्या करके उसे लटका दिया गया है और उसके परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। उन्होंने आदिल का शव निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि आज रूबी की मौजूदगी में पुलिस ने शव को फूटा महल कब्रिस्तान से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्वाई की जाएगी।

# जीवन अमूल्य है, यातायात नियमों का पालन कर इसको सुरक्षित रखें

### यातायात माह का कमिश्नर ने फीता काटकर किया उद्घाटन

संवाददाता। बांदा

**मण्डलायुक्त** आरपी सिंह की अध्यक्षता में एवं उप पुलिस महा निरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा ने यातायात माह आज दिनांक 01 नवम्बर 2022 से प्रारम्भ हो रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ विधिवत फीताकाटकर बांदा विकास प्राधिकरण के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में किया। इस अवसर पर बडी संख्या में उपस्थित एनसीसी एवं विभिन्न विद्यालय के छात्रों को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त आरपी सिंह ने यातायात माह के अन्तर्गत जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी लोंगो की जिम्मेदारी है कि यातायात के नियमों का पालन अपने जीवन को सुरक्षित रखने एवं सड़क दुर्घटनाओं से



बचने हेतु अवश्य करें। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। उन्होंने चार पहिया वाहन चलाने के समय सीटबेल्ट को आवश्यक रूप से लगाये जाने हेतु भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है इसकों सुरक्षित रखें और सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु आवश्यक संकेतकों एवं यातायात नियमों का पालन करें। इस अवसर पर उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों को जिनके पास हेलमेट नही पाये गये उनको नि:शुल्क हेलमेटों का वितरण उप पुलिस महानिरीक्षक के साथ संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 श्री विपिन कुमार मिश्रा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी को जरूरी हैए इसलिए पुलिस एवं प्रशासन के सभी लोग हेलमेट का प्रयोग वाहन चलाते समय स्वयं करते हुए अन्य लोंगो को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के युवा किसी वाहन का प्रयोग न करें तथा अपने लाइसेन्स एवं दो पहिया चलाते समय हेलमेट का उपयोग आवश्यक रूप से करेंए जिससे कि वह सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय अपनी जानमाल की रक्षा हेतु किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन नही करेंए यदि कोई ऐसा करते पाया गया तो कडी कार्यवाही की जायेगी ।कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री अनुराग पटेल ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि स ?क दुघटनाओं में बहुत बडी संख्या में लोग घायल एवं जानमाल से आहत होते हैंए अत: अपनी सुरक्षा के लिए वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का कडाई से पालन करते हुए हेलमेट एवं सीटबेल्ट को लगायें और अपने जीवन को सुरक्षित रखें। उन्होंने यातायात नियमों एवं संकेतकों के बारे में भी जानकारी रखने हेतु सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वाहन का संचालन करते समय मोबाइल का कतई उपयोग न करेंए यह आपके जीवन के लिए घातक हो सकता है ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनंदन ने भी लोंगो को जागरूक करते हुए यातायात नियमों के प्रति सचेत रहते हुए वाहन संचालन करने की सलाह दी।

# भारतीय बल्लेबाजों के पास गलतियां सुधारने का मौका



## ● टी-20 विश्वकप : बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला आज

**भाषा।** एडिलेड

ऋषभ पंत को भले ही शीर्ष क्रम में उतारने की मांग उठ रही हो लेकिन भारत बुधवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप के सुपर 12 मैच में खराब फॉर्म में चल रहे लोकेश राहुल के साथ ही मैदान पर उतर सकता है। बांग्लादेश की टीम उलटफेर करती रही है लेकिन इस मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पर्थ की तेज और उछाल भरी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी कुछ बिंदुओं पर सोचने के लिए मजबूर हो गए होंगे। केएल राहुल अभी तक तीन मैचों में केवल 22 रन बना पाए हैं तथा पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ वह पूरी तरह से विफल रहे जिससे इस सलामी बल्लेबाज के खेल को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि राहुल अंतिम एकादश में बने रह सकते हैं क्योंकि द्रविड़ का उन पर बहुत भरोसा है। बांग्लादेश की टीम को टी20 क्रिकेट में कमजोर माना जाता है और उसके आक्रमण के सामने राहुल के लिए फॉर्म में वापसी करने का आदर्श मौका होगा। मुस्ताफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, मेहदी हसन मिराज, कप्तान शाकिब अल हसन और हसन महमूद का बांग्लादेशी आक्रमण अच्छा है लेकिन निश्चित तौर पर वह विश्वस्तरीय नहीं है। सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली पहले ही बेहतरीन पारियां खेल चुके हैं जबकि रोहित शर्मा ने नीदरलैंड के खिलाफ शानदार अर्धशतक जमाया था। लेकिन पंत को अंतिम एकादश में नहीं रखने का फैसला सभी को अखर रहा है। दिनेश कार्तिक पिछले मैच में चोटिल हो गए थे और ऐसे में बांग्लादेश के खिलाफ पंत को अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। बांग्लादेश की टीम में बाएं हाथ के चार बल्लेबाज हैं। इनमें कप्तान शाकिब, सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार और नजमुल हुसैन शंटो तथा मध्यक्रम के बल्लेबाज अफीफ हुसैन शामिल हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि रविचंद्रन अश्विन को टीम में बरकरार रखा जाएगा या उनकी जगह अक्षर पटेल को लिया जाएगा। पिछले मैच में डेविड मिलर ने अश्विन की जमकर धुनाई की थी। भारतीय तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद शमी को बांग्लादेश के बल्लेबाजों से निपटने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। बांग्लादेश के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजों के अनुकूल पिचों पर अभी तक जूझते रहे हैं। अभी तक तीन मैचों में केवल शंटो ही 100 से अधिक रन बना पाए हैं। उनके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाज अफीफ का नंबर आता है। भारतीय गेंदबाजों के सामने उनके बल्लेबाजों पर दबाव होगा। पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली टीम एडिलेड की मशहूर संध्या के समय का फायदा उठा सकती है जबकि गेंद अधिक स्विंग करती है।

## कार्तिक पर फैसला मैच से पहले किया जाएगा : द्रविड़

**एडिलेड।** दिनेश कार्तिक का अंतिम एकादश मे स्थान खतरे मे दिख रहा है और उन्होने मंगलवार को यहां इंडोर अभ्यास सत्र मे जमकर विकेटकीपिग की लेकिन वह पूरी तरह से फिट नही दिख रहे थे। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कार्तिक को अंतिम एकादश मे शामिल करने का फैसला बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच से पहले किया जाएगा। कार्तिक ने अभी तक जिन दो मैचों में बल्लेबाजी की है उनमें उन्होंने एक और छह रन बनाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पर्थ मे खेले गए मैच के दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे। ऋषभ पंत ने अभ्यास नही किया और जिन खिलाड़ियों की अंतिम एकादश में जगह सुरक्षित है उनमे से भी अधिकतर मैच की पूर्व संध्या पर अभ्यास के लिए नही आए। द्रविड़ ने अभ्यास से पहले संवाददाताओ से कहा, वह (कार्तिक) आज अच्छी स्थिति मे दिख रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि वह बाउंसर को रोकने के प्रयास मे चोटिल हो गया। उपचार के बाद आज सुबह वह काफी अच्छी स्थिति मे लग रहा था। हम उसकी चोट का आकलन कर रहे है और आज अच्छे अभ्यास सत्र के बाद वह कल सुबह कैसी स्थिति मे होते है यह देखना होगा। अंतिम फैसला कल किया जाएगा। द्रविड़ जब से मुख्य कोच बने है तब से अगर वह किसी खिलाड़ी की



उपलब्धता को लेकर सुनिश्चित नही होते तो इसका मतलब होता है कि उसे अंतिम एकादश मे जगह मिलने की संभावन कम है। विकेटकीपिग का अभ्यास करते समय कार्तिक सहज नही दिखे और कुछ अवसरों पर उन्हें गेंद संभालने मे दिक्कत हुई। संभवत अपना आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे कार्तिक को फिनिशर की भूमिका में टीम में चुना गया लेकिन ऑस्ट्रेलिया की तेज और उछाल भरी पिचो पर अभी तक वह संघर्ष करते नजर आए है। द्रविड़ ने उनका बचाव करते हुए कहा, कार्तिक जैसे खिलाड़ी का आकलन करना मुश्किल है। उनको बहुत अधिक बल्लेबाजी करने का मौका नही मिला। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होने आखिरी क्षणो मे केवल एक गेंद खेली और नीदरलैंड के खिलाफ उन्हें बल्लेबाजी का मौका नही मिला। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने सूर्यकुमार के साथ अच्छी साझेदारी निभाई। सूर्यकुमार के साथ 52 रन की साझेदारी मे कार्तिक का योगदान छह रन का था।

### कोहली की निजता के हनन पर द्रविड़ ने कहा, यह ऐसा स्थान है जहां आप सुरक्षित महसूस करते हैं

**एडिलेड।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि पर्थ में विराट कोहली की निजता का हनन निराशाजनक है क्योंकि यह वह जगह है जहां भारतीय क्रिकेटर लोगों की नजरों से दूर रहते है। पर्थ के क्राउन होटल के हाउसकीपिग स्टाफ के एक सदस्य ने कोहली के कमरे की फिल्म बनाई और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कोहली ने इस पर नाराजगी जताई थी। द्रविड़ ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप मैच की पूर्व संध्या पर कहा, निश्चित तौर पर यह निराशाजनक है। विराट ही नही कोई भी ऐसी हरकत को सहजता से नही लेता। यह निराशाजनक है। मुख्य कोच ने कहा होटल के कमरे को सार्वजनिक करने का विचार ही डरावना है। हमने संबंधित अधिकारियो के सामने यह मसला उठाया। उन्होने कार्वाई की है। उम्मीद है कि अब लोग अधिक सतर्क रहेंगे।

### राहुल का समर्थन किया है और यह आगे भी जारी रहेगा

**एडिलेड।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को यहां कहा कि उन्होंने और कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले एक साल से केएल राहुल का पूरा समर्थन किया है जो टी20 विश्वकप में आगे भी जारी रहेगा। राहुल बेहद खराब फॉर्म मे चल रहे है और उन्होंने अब तक तीन मैचो मे केवल 22 रन बनाए लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले मैच में उनकी जगह सुरक्षित लगती है। द्रविड़ से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर राहुल की फॉर्म को लेकर सबसे अधिक सवाल किए गए। पिछले एक वर्ष मे मैने और रोहित ने केवल बातो मे ही नही मैदान पर भी राहुल का पूरा समर्थन किया है। द्रविड़ से पूछा गया कि क्या राहुल की फॉर्म चिंता का विषय है, उन्होंने कहा, कतई नही। मेरा मानना है कि वह बेहतरीन खिलाड़ी है और उसका रिकॉर्ड यह साबित करता है। उसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने शानदार बल्लेबाजी की है और टी20 मैचों में कभी ऐसा होता है। इस टूर्नामेंट मे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजो के लिए काम आसान नही है। उसने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच मे शानदार पारी खेली थी। उसने मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस के सामने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। द्रविड़ ने स्पष्ट किया कि कम से कम इस टूर्नामेंट मे राहुल को बाहर नही किया जाएगा और उम्मीद जताई कि अगले चार मैचो मे वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि अगले तीन या चार मैचो मे अच्छा प्रदर्शन करेगा।

### मिताली की भविष्यवाणी, भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा फाइनल

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया मे चल रहे टी-20 विश्वकप का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। महिला क्रिकेट की इस दिग्गज खिलाड़ी ने इसके साथ ही कहा कि सेमीफाइनल मे दक्षिण अफ्रीका तथा इंग्लैंड और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मे से कोई टीम पहुंचेगी। मिताली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, सेमीफाइनल के लिए मेरी भविष्यवाणी है ग्रुप दो से भारत और दक्षिण अफ्रीका जबकि ग्रुप एक से न्यूजीलैंड तथा इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया मे से कोई एक टीम सेमीफाइनल मे पहुंचेगी। जहां तक की फाइनल की बात है तो इसमे कोई शक नही कि भारत इस मुकाम तक पहुंचेगा जहां उसका सामना न्यूजीलैंड से हो सकता है।

### भारत विश्व कप जीतने आया है, हम नहीं: शाकिब

**एडिलेड।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को यह स्वीकार करने में कोई गुरेज नही कि उनकी टीम टी20 विश्व कप मे खिताब की दावेदार नही है और भारत के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच में जीत उलटफेर मानी जाएगी। बांग्लादेश और भारत दोनो के तीन मैचों में चार अंक है। शाकिब ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, हम यहां विश्वकप जीतने के लिए नही आए है लेकिन भारत कप जीतने के लक्ष्य के साथ आया है। अगर हम कल जीत दर्ज करते है तो यह उलटफेर भरी जीत होगी। भारत कल जीत का प्रबल दावेदार होगा। एडिलेड का सर्द मौसम परेशानियां खड़ी कर सकता है और ऐसे में परिस्थितियो से सामंजस्य बिठाना महत्वपूर्ण होगा। शाकिब ने कहा, यह थोड़ा परेशानी भरा होगा।

### पुणेरी पल्टन ने दबंग दिल्ली को हराया

**पुणे।** पुणेरी पल्टन ने मंगलवार को यहां प्रो कबड्डी लीग मे दबंग दिल्ली को 43-38 से हराया। पुणे की टीम की ओर से आकाश शिंदे और मोहित गोयत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13-13 अंक जुटाए। फजल अत्राचली का डिफेंस भी शानदार रहा जिससे दिल्ली को लगातार पांचवी हार का सामना करना पड़ा।

### सेन हाइलो ओपन बैडमिंटन के पहले दौर में हारे

**सारब्रकेन (जर्मनी)।** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को मंगलवार को यहां हाइलो ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलो के चैंपियन 21 साल के लक्ष्य को पहले दौर के मुकाबले में सिर्फ 27 मिनट में 12-21 5-21 से हार झेलनी पड़ी। सातवें वरीय लक्ष्य हांगकांग के खिलाड़ी को कोई टक्कर नही दे पाए और उन्हें एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में इशान और तनीषा की भारतीय जोड़ी को भी पहले दौर में झी और डोंग पिंग के खिलाफ 13-21 12-21 से शिकस्त मिली।

### एशियाई महाद्वीपीय शतरंज: ओपन वर्ग में चार खिलाड़ियों को संयुक्त बढ़त

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप के सातवे दौर के मैराथन मुकाबले मे हमवतन कार्तिकेयन मुरली को हराकर 5.5 अंक से तीन अन्य खिलाड़ियो के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने कार्तिकेयन के खिलाफ 137 चाल में जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर हर्ष भरतकोटि ने हमवतन भारतीय ग्रैंडमास्टर एसएल नारायणन को बराबरी पर रोका। हर्ष के 5.5 अंक है। प्रज्ञानंदा और हर्ष के अलावा भारत के ही कौस्तव चटर्जी भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### दक्षिण अफ्रीका के घरेलू मैच में टी20 विश्व रिकॉर्ड 501 रन बने

**पोटचेफस्ट्रूम।** दक्षिण अफ्रीका के घरेलू टी20 टूर्नामेंट में यहां टाइटंस और नाइट्स के बीच मैच में इस प्रारूप के किसी मैच के विश्व रिकॉर्ड 501 रन बने। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर टाइटंस ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 271 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने सोमवार को सीएसए टी20 चैलेंज के इस मैच में 57 गेंद में 13 चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 162 रन बनाए।
विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट्स ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 230 रन बनाए जिससे उसे 41 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 2016-17 में सुपर स्मैश में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और ओटागो के बीच टी20 मैच में पिछला उच्चतम स्कोर 497 रन था। पोटचेफस्ट्रूम में दोनों टीम ने मिलकर 36 छक्के भी लगाए तो एक टी20 मैच में तीसरे सबसे अधिक छक्के हैं।

# इंग्लैंड सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार



## ● न्यूजीलैंड को 20 रन से हराया

**भाषा।** ब्रिसबेन

**सलामी बल्लेबाजों** जोस बटलर और एलेक्स हेल्स के अर्धशतक के बाद सैम कुरेन और क्रिस वोक्स की उम्दा गेंदबाजी से इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड को आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में 20 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी। इंग्लैंड के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम कुरेन (26 रन पर दो विकेट) और वोक्स (33 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। ग्लेन फिलिप्स (62) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा कप्तान केन विलियमसन (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी था। इस जीत से ग्रुप एक में इंग्लैंड सहित तीन टीम के चार मैच में पांच अंक हो गए हैं। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के भी इतने ही अंक हैं। बेहतर नेट रन रेट के कारण न्यूजीलैंड शीर्ष पर और इंग्लैंड दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने कप्तान बटलर (47 गेंद में 73 रन, सात चौके, दो छक्के) और हेल्स (40 गेंद में 52 रन, सात चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट की 81 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 179 रन बनाए। न्यूजीलैंड को अपना पांचवां और अंतिम ग्रुप मैच चार नवंबर को आयरलैंड से खेलना है जबकि इंग्लैंड की टीम इसके अगले दिन श्रीलंका से भिड़ेगी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 28 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों डेवोन कॉनवे (03) और फिन एलेन (16) के विकेट गंवा दिए। वोक्स के पारी के दूसरे ओवर में विकेटकीपर बटलर ने लेग साइड की ओर गोता लगाते हुए कॉनवे का शानदार कैच लपका। एलेन भी पांचवें ओवर में कुरेन पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में खेल बैठे और स्टोक्स ने डीप मिडविकेट पर आसान कैच लपका। विलियमसन और श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच के शतक जड़ने वाले फिलिप्स ने इसके बाद पारी को संभाला। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में दो विकेट पर 40 रन बनाए। फिलिप्स चार रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब लियाम लिविंगस्टोन की गेंद पर बटलर उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। फिलिप्स को 15 रन के स्कोर पर दूसरा जीवनदान मिला। इस बार आदिल राशिद की गेंद पर मोईन अली कवर में उनका कैच नहीं पकड़ पाए।

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड:** बटलर रन आउट 73, हेल्स स्टं कॉनवे बो सेंटनर 52,अली का बोल्ट बो सोढ़ी 05, लिविंगस्टोन बो लॉकी फर्ग्युसन 20 , ब्रूक का एलेन बो साउथी 07, स्टोक्स पगबधा बो फर्ग्युसन 08, कुरेन नाबाद 06,मलान नाबाद 03,**अतिरिक्त:** 05,**कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर: 179 रन, **विकेट पतन:** I-81, 2-108, 3-153, 4-160, 5-162, 6-176,**गेंदबाजी:** बोल्ट 4-0-40-0,साउथी 4-0-43-I, सेंटनर 4-0-25-I, फर्ग्युसन 4-0-45-2, ईश सोढ़ी 4-0-23-I।

**न्यूजीलैंड:** एलेन का स्टोक्स को कुरेन 16, कॉनवे का बटलर बो वोक्स 03, विलियमसन का राशिद बो स्टोक्स 40, फिलिप्स का स्थानापन्न बो कुरेन 62,नीशाम का कुरेन बो वुड 06, मिशेल का स्थानापन्न बो वोक्स 03, सेंटनर नाबाद 16,सोढ़ी नाबाद 06, **अतिरिक्त:** 07, **कुल:**20 ओवर मे छह विकेट पर: 159 रन, **विकेट पतन:** I-8, 2-28, 3-119, 4-126, 5-131, 6-135, **गेंदबाजी:** मोईन I-0-4-0, वोक्स 4-0-33-2, राशिद 4-0-33-0, कुरेन 4-0-26-2, वुड 3-0-25-I, लिविंगस्टोन 3-0-26-0, स्टोक्स I-0-10-I

# अफगानिस्तान अंतिम चार की दौड़ से बाहर

## ● श्रीलंका की 6 विकेट से बड़ी जीत

**भाषा।** ब्रिसबेन

**स्पिनर वानिंदु** हसरंगा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और धनंजय डिसिल्वा के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने टी20 विश्वकप के सुपर–12 के मैच में मंगलवार को यहां अफगानिस्तान को नौ गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराया। श्रीलंका ने इस जीत से जहां सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी वहीं अफगानिस्तान अंतिम चार की दौड़ से बाहर हो गया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन इसके बाद उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। उसकी टीम आखिर में आठ विकेट पर 144 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज ने 28 और उस्मान गनी ने 27 रन बनाए। श्रीलंका के लिए हसरंगा ने चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट जबकि तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने चार ओवर में 30 रन देकर दो विकेट लिए। इसके बाद धनंजय ने श्रीलंका की पारी को संवारा तथा 42 गेंदों पर नाबाद 66 रन की आकर्षक पारी खेली। इससे श्रीलंका ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 148 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने अच्छी शुरुआत नहीं की। मुजीब उर रहमान (24 रन देकर दो विकेट) में पथुम निसांका (10) को जल्द ही पवेलियन की रहा दिखा दी। फजलहक फारूकी (22 रन देकर कोई विकेट नहीं) ने अगला ओवर मेडन करके शिकंजा कसा। कुसाल मेंडिस (25) ने हालांकि अगले ओवर लगातार दो चौके लगाए जिससे श्रीलंका ने पावरप्ले में एक विकेट पर 28 रन बनाए।



मेंडिस

### स्कोरबोर्ड

**अफगानिस्तान** : गुरबाज बो लाहिरू कुमारा 28,गनी का शनाका बो हसरंगा 27,जादरान का राजपक्षे बो लाहिरू कुमारा 22 ,नजीबुल्लाह का हसरंगा बो धनंजय डिसिल्वा 18 , नायब रन आउट 12, नबी का शनाका बो रजिता 13,खान बो हसरंगा 09,ओमरजई नाबाद 03, रहमान का कुसाल मेंडिस बो हसरंगा 01 ,**अतिरिक्त:** 11,**कुल** : (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 144 ,**विकेट पतन:** I-42, 2-68, 3-90, 4-113, 5-127, 6-140, 7-142, 8-144, **गेंदबाजी:**रजिता 4-0-31-I, मदुशन 3-0-24-0, कुमारा 4-0-30-2, तीक्षणा 4-0-33-0, हसरंगा 4-0- 13-3, डिसिल्वा I-0-9-I

**श्रीलंका** : निसांका बो मुजीब 10,मेंडिस का गुरबाज़ बो राशिद ख़ान 25 ,डिसिल्वा नाबाद 66,असलांका का अज़मतुल्लाह बो राशिद ख़ान 19, राजपक्षे का गुरबाज़ बो मुजीब 18 ,शनाका नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 10,**कुल** (18.3 ओवर मे चार विकेट पर) 148 ,**विकेट पतन:** I-12, 2-46, 3-100, 4-142,**गेंदबाजी** : फारूकी 3.3-I-22-0, रहमान 4-0-24-2, अहमद 2-0-25-0, खान 4-0-31-2, ओमरजई 2-0-17 -0, नबी 2-0-16-0, गुलबदीन नायब I- 0-12-0

### हमारे पास आत्मविश्वास है क्योंकि हमारी टीम में दिग्गज खिलाड़ी हैं: बटलर

**ब्रिसबेन।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि उनकी टीम आयरलैंड के खिलाफ मिली करारी हार के बारे में ज्यादा नहीं सोचती क्योंकि उन्हें पता है कि मौजूदा टी20 विश्व कप में वापसी करने के लिए उनके पास आत्मविश्वास और टीम है। बटलर ने मैच के बाद कहा, हमने पिछले खराब प्रदर्शन (आयरलैंड से हार) के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचा था, हमारे पास अंतिम एकादश में और टीम में दिग्गज खिलाड़ी हैं। हमने आज जो आत्मविश्वास दिखाया, वह हमारे पास था।

# गिल के पहले शतक से पंजाब क्वा. फाइनल में

**भाषा।** कोलकाता

**शुभमन** गिल ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टी20 टीम में जगह बनाने का जश्न मनाते हुए इस प्रारूप में पहला शतक जड़ा जिससे पंजाब ने सोमवार को यहां कर्नाटक को नौ रन से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सलामी बल्लेबाज गिल ने 19वें ओवर की अंतिम गेंद पर आउट होने से पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ 126 रन की पारी खेली जिससे पंजाब ने चार विकेट पर 225 रन बनाए। इसके जवाब में दो बार का चैंपियन और पिछले साल का उप विजेता कर्नाटक छह विकेट पर 216 रन ही बना पाया। पंजाब गुरुवार को ईडन गार्डन्स में सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश से भिड़ेगा। न्यूजीलैंड के आगामी दौरे पर टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण की तैयारी कर रहे गिल ने 34 रन के स्कोर पर विकेटकीपर लवनीत सिसोदिया से मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर सिर्फ 49 गेंद में शतक तक पहुंचे। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और नौ छक्के मारे। पंजाब ने अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह के विकेट जल्दी गंवा दिए थे जिसके बाद गिल छाए रहे। उन्होंने अनमोलप्रीत सिंह (43 गेंद में 59 रन) के साथ 151 रन की साझेदारी की। सनवीर सिंह ने भी गिल का अच्छा साथ निभाया जिन्होंने 13 गेंद में नाबाद 27 रन बनाए। कर्नाटक की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 18 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे।



### दिखाना चाहता हूं कि मैं राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लायक हूं : गिल

**भाषा।** कोलकाता

**आगामी** न्यूजीलैंड दौरे में अपने बहुप्रतीक्षित टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से उत्साहित शीर्ष क्रम के प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल दिखाना चाहते हैं कि वह शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं। करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के बाद कहा, यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, खासकर जब यह ईडन में आया है। खास तौर पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर जब आप पिच पर समय बिताते हैं और रन बनाते हैं तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में चयन पर गिल ने कहा, किसी भी प्रारूप में भारतीय टीम में चुना जाना एक अच्छा अहसास है। अब मुझे यह दिखाना होगा कि मैं इस मौके के लायक हूं।

### तमिलनाडु और बांग्लादेश के बीच मैच के दूसरे दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ा

**चेन्नई।** तमिलनाडु एकादश और बांग्लादेश एकादश के बीच चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच के दूसरे दिन का खेल मंगलवार को यहां बारिश के कारण नहीं हो पाया।बारिश के कारण पहले दिन भी केवल 20 ओवर का खेल हो पाया जिसमें बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 59 रन बनाए थे। कप्तान मोहम्मद मिथुन पांच और मोमिनुल हक नौ रन पर खेल रहे थे।

# स्पर्श की जीत से भारत का अभियान शुरू

## एशियाई एलीट मुक्केबाजी

**भाषा।** अम्मान (जोर्डन)




**स्पर्श कुमार** ने एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के अभियान की शुरुआत जीत के साथ करते हुए मंगलवार को पुरुष 51 किग्रा वर्ग में एकतरफा जीत दर्ज की। स्पर्श ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में किर्गिस्तान के दिउशेबाएव नूरझीगिट को आसानी से 5–0 से हराया। पंजाब के मुक्केबाज ने पैर की तेज मूवमेंट और सटीक मुक्कों से विरोधी मुक्केबाज पर दबदबा बनाया। स्पर्श का सामना बुधवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन साकेन बिबोसिनोव से होगा। लक्ष्य (80 किग्रा) प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ताजिकिस्तान के शब्बोस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पांच बार के एशियाई पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) के साथ–साथ सात अन्य भारतीय पुरुष मुक्केबाज अनंत (54 किग्रा), हुसामुद्दीन (57 किग्रा), एताश (60 किग्रा), अमित (67 किग्रा), सचिन (71 किग्रा), लक्ष्य (80 किग्रा) और कपिल (86 किग्रा) प्री क्वार्टर फाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गोविंद (48 किग्रा), सुमित (75 किग्रा), नवीन (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक) पहले दौर में बाई मिलने के बाद क्वार्टर फाइनल से अभियान शुरू करेंगे। महिला मुक्केबाजों में तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन शनिवार को क्वार्टर फाइनल में 2016 की विश्व चैंपियन कजाखस्तान की खलजोवा के खिलाफ उतरेंगी। अपना वजन वर्ग 69 किग्रा से बदलने वाली लवलीना यहां 75 किग्रा भार वर्ग में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेंगी।

### हम रोबोट की तरह नही खेल रहे, करो या मरो के दृष्टिकोण के साथ उतर रहे हैं: सात्विक



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मौजूदा सत्र मे चिराग शेट्टी के साथ शानदार प्रदर्शन करने के पीछे का मुख्य कारण लक्ष्य के बारे मे स्पष्टता, बार-बार मानसिकता पर काम करना और खेल से ब्रेक को मानते है। सात्विक और चिराग ने रविवार को फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता और यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई। आंध्र प्रदेश के अमलापुरम के 22 वर्षीय खिलाड़ी सात्विक का कहना है कि सोच-विचार के साथ तैयार की गई योजना और विशिष्ट लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए करो या मरो के दृष्टिकोण को अपनाने से उन्हें खेल का आनंद लेने और सफलता हासिल करने मे मदद मिली। सात्विक ने पीटीआई से कहा, 2019 मे मै हर टूर्नामेंट खेल रहा था, कोई ब्रेक नही था। मै पुरुष और मिश्रित युगल दोनो खेल रहा था। ऐसा लगता था कि हमेशा एक और टूर्नामेंट होना है इसलिए अगर हम हार जाते है तो भी कोई समस्या नही है। लेकिन अब यह करो या मरो का सवाल है। हम जो भी टूर्नामेंट खेल रहे है उसे जीतना चाहते हैं।

### स्वस्तिका, नीलग्रीवा, ईशिता स्वरित, रूही व जान्हवी ने जीते दोहरे स्वर्ण पदक



**लखनऊ।** स्वस्तिका सिंह, ईशिता वर्मा, नीलग्रीवा सिंह, स्वरित बाजपेयी, रूही श्रीवास्तव व जान्हवी शुक्ला ने लखनऊ सब जूनियर जिला कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में कराटे एसोसिएशन ऑफलखनऊ के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप में 31 स्वर्ण पदक के साथ कराटे टाउन अकादमी पहले स्थान पर रही। चैंपियन ऑफचैंपियंस कराटे अकादमी को 25 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरा स्थान मिला। नाइट जूपिटर कराटे अकादमी आठ स्वर्ण पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कराटे एसोसिएश ऑफयूपी के महासचिव जसपाल सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। कराटे एसोसिएशन ऑफलखनऊ के सचिव कृष्णा अवतार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर तकनीकी निदेशक संतोष कुमार जायसवाल, अशोक कुमार पाल व अन्य मौजूद थे। इस चैंपियनशिप के स्वर्ण व रजत पदक विजेता लखनऊ में 12 व 13 नवंबर को होने वाली यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता में लखनऊ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।